एक डाकू था, जो लूट पाट करता था। एक बार एक गांव से धन लूटकर वो भाग रहा था कि घोड़े पर से गिर कर घायल हो गया। उसने देखा पास में ही एक साधू की कुटिया है, धन को जमीन मे गाढ कर वो साधु की कुटिया में गया। साधु रात्रि भोजन के लिए ही बैठे थे। दरवाजे पर दस्तक सुन उन्होंने कहा, जो कोई भी है, अन्दर आ जाओ। डाकू अन्दर गया तो साधु ने उसे भी बैठने के लिए आसन दिया, और पहले उसके समक्ष भोजन परोसा, फिर स्वयं लिया। साधु ने उसे भोजन प्रारम्भ करने को कहा- आप अतिथि है इसलिए आप ईश्वर सामान है, आप पहले भोजन आरंभ करे। डाकू को आजतक किसी ने इतने सम्मान से ना कहा था और ना ही खिलाया था। डाकू ने भोजन किया। साधु ने एक चटाई उसके लिए बिछा दी और कहा रात में आप कहां जाइएगा तो यही विश्राम कर लीजिए। डाकू थोड़ा घायल था, तो चलने में उसे तकलीफ़ हो रही थी, जैसे ही साधु को उसके ज़ख्म का पता चला, उसका उपचार करने लगे। कुछ पत्तो को पीसकर उसका रस लेप करके एक कपड़े से उसके ज़ख्म पर बांधा। और सहारा देकर उसे चटाई पर लिटाया। डाकू साधु की उदारता से बहुत प्रभावित हुआ, उसने कहा, बाबा आप कितने संतुष्ट और उदार व्यक्तित्व के स्वामी है। आप में दया की भावना है। क्या आपको कभी धन की लालसा नहीं होती? साधु बोले- धन तो नश्वर है बालक, और जो चीज नष्ट हो जाए उसके लिए लालसा करना विनाश की ओर अग्रसर होना है।

अंतर्मन

आज की पाती

खेतों की सेहत की फिक्र जरूरी

हाल ही में कृषि मंत्रालय ने 1 जून से 30 जून तक एक बहुत ही अच्छा अभियान 'खेत बचाओ' चलाया है, जिसका मकसद खेतों की उपजाऊ क्षमता को रासायनिक खादों से होने वाले नुकसानों से बचाना भी है। कहते हैं कि जब जागो, तब सवेरा, लेकिन देर तक सोना हमेशा हानिकारक ही होता है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है, लेकिन बहुत ही निराशाजनक है कि सरकारों की गलत नीतियों और संबंधित विभागों का कृषि के प्रति ढुलमुल रवैया आज खेतों पर भारी पड़ रहा है। उनकी उपजाऊ क्षमता रासायनिक खादों के कारण कम हो रही है। भूमि बंजर होने की आशंका है। सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है कि उसने खेतों की बीमार होती सेहत के लिए खेत बचाओ अभियान चलाया है।

– सतीश मरकाम, जगदलपुर

ट्रेंड

डीके शिवकुमार को बधाई

कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर डीके शिवकुमार को हार्दिक बधाई। उन्हे उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। केंद्र सरकार जन कल्याण के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

लोगों की सेवा करते रहेंगे

कर्नाटक के लोगों ने हम पर भरोसा किया और वह भरोसा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्रिपरिषद को हार्दिक बधाई, जो कर्नाटक के लोगों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाएंगे। हम कर्नाटक के लोगों की बात सुनते रहेंगे, उनकी सेवा करते रहेंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

हर पात्र को लाभ मिले

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से ही 3,000 रुपये की सहायता राशि देने का वादा पूरा किया गया है। जैसे-जैसे फॉर्म मिलते जाएंगे, उनका सत्यापन किया जाएगा व पैसे खातों में अंतरित किए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र महिला को यह लाभ मिले।

-शुभेंदु अधिकारी, मुख्यमंत्री, बंगाल

जैविक खेती अपनाएं

मैंने स्वयं जैविक खेती अपनाने का फैसला किया है। मैं चाहती हूं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। पहले साल मुझे नुकसान हो सकता है। मैं अपनी जमीन जोतने जा रही हूं। हर साल 12 दिसंबर को मैं मजदूरों के साथ खेतों में गन्ने की कटाई करूंगी।

-पंकजा मुंडे, पर्यावरण मंत्री, महाराष्ट्र

करंट अफेयर

अमेरिकी वैज्ञानिकों पर मंकीपॉक्स वायरस की तस्करी का आरोप

अमेरिका की एक सरकारी प्रयोगशाला के दो वैज्ञानिकों पर अफ्रीका से निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां देश में तस्करी करके लाने और मिशिगन के एक हवाई अड्डे पर जांचकर्ताओं से झूठ बोलने का आरोप लगाया गया है। प्राधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डेट्रॉइट की संघीय अदालत में विंसेंट मुंस्टर और क्लॉड क्वे के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई। मुंस्टर, मोंटाना के हैमिल्टन स्थित 'रॉकी माउंटेन लैबोरेटरीज' में वायरस पारिस्थितिकी अनुभाग के प्रमुख हैं और क्वे उनके साथ काम करते हैं। मुंस्टर और क्वे को जनवरी में डेट्रॉइट मेट्रोपॉलिटन हवाई अड्डे पर उस समय रोक लिया गया था, जब वे पेरिस से लौटे थे और उससे पहले कांगो गणराज्य में नौ दिन बिताकर आए थे। मध्य अफ्रीका के विशाल देश कांगो में एमपॉक्स बीमारी के प्रकोप के कारण दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, करीब दो वर्षों से जारी यह प्रकोप अप्रैल में समाप्त घोषित कर दिया गया था। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अदालत में दाखिल दस्तावेज में कहा कि मुंस्टर ने इस बात से इनकार किया था कि वह किसी जैविक सामग्री या नमूने के साथ अमेरिका लौटा है। लेकिन बाद में जांच में पता चला कि दोनों के पास निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां थीं।

ऑफ बीट

जब बच्चा डर के कारण पीछे हटे, तो माता-पिता क्या करें?

अगर आपका बच्चा कभी स्कूल के खेल दिवस या दौड़ प्रतियोगिता वाले दिन सुबह अड़ियल रवैया अपनाने लगता है, तो आप अकेले नहीं हैं जो इस तरह की चिंता से जूझ रहे हैं। कुछ बच्चों में ऐसे अवसर गहरी चिंता और घबराहट पैदा कर देते हैं। उनके मन में सवाल उठते हैं- अगर मैं सबसे धीमा निकला तो? माता-पिता के लिए ऐसे समय में यह समझना मुश्किल हो सकता है कि क्या किया जाए। बहुत ज्यादा दबाव डालने पर सुबह का माहौल तनावपूर्ण हो सकता है, जबकि बच्चे को छूट देने पर यह चिंता सताती है कि कहीं उसे चुनौतियों से बच निकलना तो नहीं सिखा रहे। ऐसे में क्या कभी बच्चे की इच्छा के अनुसार चलना ठीक है? और अगली बार उसे कोशिश करने का बेहतर अवसर कैसे दिया जाए? जब हम किसी ऐसी चीज से बचते हैं जिससे हमें डर लगता है, तो तुरंत राहत महसूस होती है। यह राहत बहुत असरदार होती है और हमारे मस्तिष्क को यह संदेश देती है कि बचना कारगर रहा। समय के साथ डर और बढ़ जाता है और उससे बचने की प्रवृत्ति भी मजबूत हो जाती है। यह केवल बच्चों के साथ नहीं, बल्कि हम सभी के साथ होता है। इसीलिए सामान्य तौर पर बच्चों के लिए यह बेहतर होता है कि वे अपने डर का सामना जल्द करें, उससे पहले कि उससे बचने की आदत बन जाए।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

दैनिक जागरण

कार्य की उपेक्षा के बाद अनुकूल परिणाम की अपेक्षा न करें

अंधेरगर्दी की आग

दिल्ली में अवैध तरीके से विस्तारित हो रहे एक भवन के गिरने की चर्चा थमी भी नहीं थी कि एक होटल में आग लगने से 21 लोग मारे गए और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में अधिकांश वे हैं, जो पड़ोस के अस्पताल में अपने स्वजनों के उपचार के लिए आए थे। इनमें कई विदेशी भी थे। आग होटल के बेसमेंट में स्थित रेस्त्रां में लगी। आग लगने का कारण कुछ भी हो, उसने इसलिए विकराल रूप ले लिया, क्योंकि रेस्त्रां और 25 कमरों वाले इस होटल में निकास का दरवाजा एक ही था। इससे भी खतरनाक बात यह थी कि न तो आग से बचाव के उपाय थे और न ही अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र। साफ है कि अग्निशमन विभाग ने यह देखने की जहमत नहीं उठाई कि इस होटल में आग से बचाव के उपाय हैं या नहीं? तथ्य यह भी है कि इस होटल में कई कमरे अवैध तरीके से निर्मित हुए। छह की जगह 25 कमरे बना दिए गए और इस तरह एक छोटा होटल बड़े होटल में तब्दील हो गया। कहीं पर किसी भी भवन में अवैध निर्माण इस तरह करना संभव नहीं कि वह किसी को दिखे नहीं, पर दिल्ली ही नहीं, देश भर में स्थानीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी कुछ ले-देकर न केवल अवैध निर्माण होने देते हैं, बल्कि सुरक्षा उपायों की उपेक्षा भी। नतीजा यह है कि रह-रह कर आग लगने की जानलेवा घटनाएं होती रहती हैं।

जनहानि वाली हर घटना के बाद गहन जांच और दोषियों को सख्त सजा देने की बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, पर होता कुछ नहीं है। इस बार भी कुछ न हो तो हैरानी नहीं, क्योंकि हमारे औसत शासक-प्रशासक गंभीर हादसों से भी सबक न लेने के आदी हो गए हैं। स्थानीय निकायों के वे अधिकारी-कर्मचारी कभी कठोर दंड का पात्र नहीं बनते, जो अवैध निर्माण और सुरक्षा उपायों की अनदेखी के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होते हैं। संबंधित मंत्री की भी कोई जवाबदेही नहीं तय होती। बहुत होता है तो एक-दो अधिकारियों-कर्मियों का निलंबन हो जाता है। इसके बाद सब शांत हो जाता है और जांच रपटें धूल फांकती रहती हैं एवं हादसों को निमंत्रण देने वाला निर्माण होता रहता है। नगर निकायों के बेलगाम भ्रष्टाचार के कारण होने वाले अवैध निर्माण के चलते ही देश भर में रिहायशी इलाके व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र बनते जा रहे हैं। सरकारें बदल जाती हैं, नगर निकायों के अधिकारी भी बदल जाते हैं, लेकिन यदि कुछ नहीं बदलता तो अवैध निर्माण और सुरक्षा उपायों की अनदेखी का सिलसिला। यह जानलेवा और शर्मनाक सिलसिला लोगों की जानें ही नहीं ले रहा है, देश की बदनामी कराने के साथ विकसित भारत की अपेक्षाओं पर पानी भी फेर रहा है। बार-बार पहले जैसे कारणों से हादसे होना अंधेरगर्दी, नाकारापन और नियामकीय बेशर्मी के अतिरिक्त और कुछ नहीं।

निगरानी का अभाव

अपने सेवा भाव के कारण डाक्टरी पेशा सदा समादृत रहा है। कोरोना जैसी महामारी में इस सेवा भाव को दुनिया देख चुकी है। लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं, जो इस पेशे को अपने आचरण से कलुषित करते हैं। ताजा मामला किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का है, जहां कमीशन के लिए पांच हजार रुपये का लेंस बाहर से 18 हजार रुपये में मंगवाकर रोगियों को लगाया गया। संस्थान के एक सीनियर प्रोफेसर को पूरे प्रकरण में जांच समिति ने दोषी पाया है। अभी कुछ दिन पूर्व राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज, अयोध्या में भी कमीशन के चक्कर में 40 लाख रुपये की बिना जरूरत की खरीद का मामला सामने आया। इस मामले में यह पाया गया था कि महज 50 रुपये की सुई सात सौ रुपये में खरीदी गई। मृत मरीजों के नाम पर दवाइयों की खरीद और केजीएमयू के ही यूरोलाजी विभाग में कैंसर की दवाओं की खरीद में धांधली जैसा प्रकरण स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभागों के निगरानी तंत्र की कार्यशैली पर बड़ा सवाल है। स्वास्थ्य मंत्री और विभाग को चाहिए कि राज्य के अन्य चिकित्सा संस्थानों में भी ऐसी खरीद की तत्काल जांच कर दोषी को दंडित करे। डाक्टर अपने ज्ञान, सेवा-भाव और अनुभव कौशल से लोगों का जीवन बचाते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण हमारे समाज में रोजाना सामने आते हैं। समाज में इस पेशे का सम्मान कुछ लोभी डाक्टरों के अपकृत्य से कलंकित होने से बचाया जाना चाहिए।

पांच हजार रुपये का लेंस 18 हजार में मरीजों से खरीदवाना स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभागों के निगरानी तंत्र की विफलता है

समुद्री रणनीति का प्रमुख केंद्र ग्रेट निकोबार

डीके जोशी

ग्रेट निकोबार परियोजना आर्थिक विकास के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा एवं वैश्विक प्रभाव के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है

अवधेश राजपूत

सदियों पहले कौटिल्य ने कहा था कि 'जो राज्य अपनी सीमाओं, साझेदारियों और व्यापार मार्गों की सुरक्षा नहीं करता, वह अपने भविष्य को भी सुरक्षित नहीं रख सकता।' कौटिल्य की यह सीख आज कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई है। आज देशों की परीक्षा केवल उनकी अर्थव्यवस्था के आकार या सैन्य ताकत से नहीं हो रही, बल्कि इससे हो रही है कि वे भूगोल को कितनी अच्छी तरह समझते हैं, भविष्य का कितना सही अनुमान लगाते हैं और अवसर के खतरे में बदलने से पहले कितनी तेजी से निर्णय लेते हैं। ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के लिए ऐसी ही एक बड़ी परीक्षा है। इस क्षेत्र को दशकों से उसके हाल पर छोड़कर उपेक्षित बना दिया गया था। स्वतंत्रता के पश्चात भी लंबे समय तक भारत का सामरिक सोच मुख्य रूप से स्थल-आधारित रहा। जबकि इस दौरान दुनिया बहुत बदल भी गई है।

ग्रेट निकोबार भारत की अग्रिम समुद्री चौकी है। इसके प्रस्तावित विकास को केवल एक अवसंरचना परियोजना के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह मात्र एक बंदरगाह, हवाई अड्डा, टाउनशिप या बिजली संयंत्र बनाने का प्रश्न नहीं है। वास्तव में यह भारत के लिए एक परीक्षा है कि क्या भारत इस विलक्षण भौगोलिक बढ़त को सामरिक शक्ति में रूपांतरित करने के लिए तैयार है या नहीं। ग्रेट निकोबार अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीपों में से एक है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 910 वर्ग किलोमीटर है। प्रस्तावित परियोजना का कुल क्षेत्रफल 166.10 वर्ग किमी है, जो समूचे द्वीप समूह के कुल क्षेत्रफल का केवल लगभग दो प्रतिशत है। इसमें से 130.75 वर्ग किमी वन भूमि को परियोजना के लिए उपयोग में लाने का प्रस्ताव है, जो द्वीप समूह के कुल वन क्षेत्र का लगभग 1.82 प्रतिशत है। यह हिस्सा दक्षिण-पूर्व एशिया के निकट स्थित है तथा मलक्का स्ट्रेट, 60 चैनल, सुंडा स्ट्रेट और लोंबोक स्ट्रेट जैसे प्रमुख वैश्विक समुद्री मार्गों के समीप आता है। सामरिक दृष्टि से देखें तो इस क्षेत्र को भारत की पूर्वी समुद्री चौकी की संज्ञा दी जा सकती है। इसका महत्व तब और स्पष्ट हो जाता है जब इसे केवल भूभाग के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि महासागरीय रणनीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य से देखा जाए। जिस तरह से हिंद महासागर क्षेत्र अब एक बड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन चुका है, उसे देखते हुए भविष्य की रणनीति के लिहाज से इस क्षेत्र की महत्ता और बढ़ गई है।

हाल की एक महत्वपूर्ण प्रगति यह है कि अंडमान सागर को थाईलैंड की खाड़ी से जोड़ने वाली दशकों पुरानी कैनल परियोजना को स्थगित कर दिया गया है। इसके स्थान पर अब लगभग 90 किमी लंबे मल्टी-मोडल लैंड ब्रिज की योजना अंतिम स्वीकृति की प्रतीक्षा में है। यह परियोजना टेंथ पैरेलल के साथ दो गहरे समुद्री बंदरगाहों को जोड़ेगी। एक अंडमान सागर के किनारे रणोंग में और दूसरा थाईलैंड की खाड़ी के किनारे चुंफोन में। इसके अलावा हाई स्पीड रेल, मल्टी लेन सड़क, तेल एवं गैस के लिए ऊर्जा पाइपलाइनें तथा वायु एवं डिजिटल ग्रिड भी प्रस्तावित हैं। ये सभी कारक हिंद-प्रशांत व्यापार मार्गों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं और आर्थिक शक्ति का केंद्र सीधे अंडमान बेसिन की ओर स्थानांतरित कर रहे हैं। मलक्का स्ट्रेट की बात करें तो यह विश्व के सबसे महत्वपूर्ण सामुद्रिक चोक पाइंट्स में से एक है। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ता है और अत्यंत मूल्यवान ऊर्जा संसाधनों की आवाजाही तथा वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ग्रेट निकोबार की गलाथिया खाड़ी 60 चैनल से लगभग 45 किमी दूर है, जो मलक्का स्ट्रेट को अफ्रीका, पश्चिम एशिया और यूरोप की ओर जाने वाले समुद्री मार्गों से जोड़ती है। अनुमान है कि हर साल लगभग एक लाख जहाज मलक्का स्ट्रेट 60 चैनल मार्ग से गुजरते हैं। मलक्का, सुंडा और लोंबोक जैसे सामरिक चोक पाइंट्स के निकट होने के कारण यह द्वीप भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक बढ़त प्रदान करता है। कोई भी गंभीर सामुद्रिक शक्ति ऐसे भौगोलिक तथ्यों की उपेक्षा करने का जोखिम नहीं उठा सकती।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने समुचित जांच-पड़ताल और आपत्तियों के निस्तारण के बाद यह स्वीकार किया कि यह परियोजना केवल द्वीप और उसके आसपास के सामरिक क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रभाव के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सामुद्रिक शक्ति केवल भूगोल से नहीं बनती, वह भौगोलिक परिस्थितियों का उपयोग करने की आवश्यक क्षमता विकसित करने से निर्मित होती है। ग्रेट निकोबार भारत को यह सब एक संतुलित एवं विशिष्ट भारतीय दृष्टिकोण के साथ साकार करने का अवसर प्रदान करता है। यह व्यापार को बढ़ावा दे सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ कर सकता है। विदेशी ट्रांसशिपमेंट केंद्रों पर निर्भरता कम कर सकता है। साथ ही भारत की सामुद्रिक पहुंच को विस्तारित कर सकता है तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक प्रवेश द्वार और व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक सामरिक मंच के रूप में कार्य कर सकता है। ग्रेट निकोबार में एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट भारत की उस सामग्री पर निर्भरता को कम कर सकता है, जिसे वर्तमान में विदेशी बंदरगाहों के माध्यम से ट्रांसशिप किया जाता है। इस परियोजना से आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ होगी, निवेश आकर्षित होगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और भारत को अपनी सामग्री की आवाजाही पर अधिक नियंत्रण एवं निश्चितता प्राप्त होगी।

निःसंदेह ग्रेट निकोबार पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। इस स्तर की किसी भी परियोजना को पारिस्थितिकीय सावधानी, वैज्ञानिक निगरानी और हरसंभव उपायों के साथ लागू किया जाना चाहिए। विकास लापरवाह नहीं हो सकता, लेकिन पर्यावरणीय संवेदनशीलता को सामरिक चिंतन पर स्थायी वीटो का आधार भी नहीं बनाया जा सकता। इस संदर्भ में वास्तविक चुनौती राष्ट्रीय सुरक्षा को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने की दिशा में संतुलन साधने की है।

(लेखक अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष तथा पूर्व नौसेना प्रमुख हैं)
response@jagran.com

फिर से ज्ञान का केंद्र बने भोजशाला

धार की परमारवंशकालीन भोजशाला पर आए इंदौर हाई कोर्ट के निर्णय ने गौरवशाली मालवा संस्कृति के ख्यातिप्राप्त राजा भोज की सांस्कृतिक विरासत और उपलब्धियों को याद दिलाने का भी काम किया है। धारा नगरी में विद्वता का सम्मान, कला का उत्कर्ष और संस्कृति का वैभव था। राजा भोज ने जब धारा नगरी को अपनी राजधानी के रूप में प्रतिष्ठित किया तो उसे केवल शासन का केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान-परंपरा, संस्कृति, पारस्परिक सौहार्द का भव्य नगर बना दिया। यहां निर्मित भव्य महल, देवालय और शिक्षा केंद्र भारत की समृद्ध सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। इनमें मां सरस्वती का मंदिर सर्वप्रमुख है। सरस्वती मंदिर के निकट एक विजय-स्तंभ स्थापित कराया गया था। भोपाल के दक्षिण-पूर्व में राजा भोज ने 250 वर्ग मील लंबी भोज सरोवर नामक झील का निर्माण करवाया। चित्तौड़ में त्रिभुवन नारायण मंदिर बनवाया, मेवाड़ के नागोद क्षेत्र में भूदान किया। 1034 में सरस्वती मंदिर परिसर में उन्होंने एक संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना कराई, जिसे आज भोजशाला के नाम से जाना जाता है। यह संस्थान नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय की समृद्ध परंपरा के समकक्ष था और लगभग 271 वर्षों तक यह संस्थान विश्वस्तरीय शिक्षा केंद्र के रूप में बहुत प्रतिष्ठित बना रहा।

यह उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार ने भोजशाला परिसर को 'सरस्वती लोक' और एक भव्य शोध संस्थान के रूप में विकसित करने का फैसला किया है। इस परियोजना के तहत भोजशाला परिसर में 'राजा भोज शोध संस्थान' स्थापित किया जाएगा, जो राजा भोज की ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने का कार्य करेगा। उचित यह होगा कि भोजशाला में अंतरराष्ट्रीय महत्व का ऐसा शैक्षिक संस्थान बने, जो प्राच्य विद्या के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरे। ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि सम्राट भोज केवल प्रतापी राजा नहीं, बल्कि विद्या, कला, साहित्य और स्थापत्य के महान संरक्षक थे। उनकी राजसभा में विभिन्न कलाओं में निष्णात पांच सौ विद्वानों को आश्रय प्राप्त था। राजा भोज ने धर्म, संस्कृति, खगोल विद्या, वास्तुकला, ज्योतिष, व्याकरण, कोश रचना, काव्य और आयुर्वेद-औषधि जैसे विभिन्न विषयों पर 84 ग्रंथों की रचना की।

डा. विनोद यादव

भोजशाला में प्राचीन नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय सरीखी समृद्ध परंपरा विकसित की जानी चाहिए

आवश्यक है अतीत के गौरव की वापसी। फाइल

इतिहास के पन्नों को पलटने पर ज्ञात होता है कि राजा भोज वीरता और विद्वता के अद्भुत संगम थे। वे रणभूमि में पराक्रमी सम्राट ही नहीं थे, बल्कि भारतीय ज्ञान-परंपरा, संस्कृति और विद्वता के महान संरक्षक थे। संस्कृत के प्रतिष्ठित विद्वान और प्रमुख इतिहासकार बल्लाल ने अपने ग्रंथ 'भोज-प्रबंध' तथा जैन आचार्य-कवि धनपाल ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'तिलकमंजरी' में उन्हें 'कविराज' की उपाधि से विभूषित किया। पुरातत्वविदों को भोज शासनकाल की ऐतिहासिक जानकारी देने वाले आठ अभिलेख (1011 से 1046 ई.तक के) प्राप्त हुए हैं। इनमें प्रमुख है उदयपुर-प्रशस्ति अभिलेख। इसमें उनके सफल सैन्य-अभियानों एवं तुर्कों और हूणों के विरुद्ध विजय प्राप्त करने का उल्लेख मिलता है। उदयपुर प्रशस्ति के साथ-साथ मेरुतुंग कृत 'प्रबंधचिंतामणि' से पता चलता है कि राजा भोज ने अपने समकालीन अनेक शक्तिशाली राज्यों को पराजित कर उदयाचल से अस्ताचल तक शासन किया। इस ग्रंथ में राजा भोज की विद्वता, दानशीलता और उनके द्वारा धारा नगरी में बनवाए गए 104 मंदिरों का उल्लेख मिलता है। वसंत पंचमी के दिन यहां मां वाग्देवी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। वर्तमान में वाग्देवी की प्रतिमा लंदन के एक म्यूजियम में रखी हुई है। आशा है कि हाई कोर्ट के फैसले के बाद इस प्रतिमा को लंदन से वापस लाने के प्रयास किए जाएंगे और वे सफल भी होंगे।

इतिहासकारों और विद्वानों ने राजा भोज को केवल प्रजावत्सल सम्राट ही नहीं, बल्कि श्रेष्ठतम साहित्यकार, कवि-सम्राट और विद्यानुरागी नरेश के रूप में वर्णित किया था। 1055 में जब राजा का देहांत हुआ तो समकालीन विद्वानों ने लिखा, 'आज राजा भोज के स्वर्ग सिधार जाने से धारा नगरी निराधार हो गई है, ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती निराश्रित हो गई हैं और समस्त विद्वतजन आहत हो गए हैं।' राजा भोज के निधन के साथ केवल एक शासक का अवसान नहीं हुआ था, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और विद्वता के उस युग का भी क्षय हुआ, जिसने धारा नगरी को भारतीय सभ्यता का आलोक-स्तंभ बना दिया था।

धारा नगरी का इतिहास बताता है कि किसी राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि केवल भवनों, सेनाओं या अर्थव्यवस्था से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से तय होती है कि वहां ज्ञान-परंपरा कितनी सम्मानित है, संस्कृति को कितना संरक्षण प्राप्त है और विद्वानों को कितना आदर दिया जाता है। जिस समाज में शिक्षा, संस्कार, विचार और नवाचार को सम्मान मिलता है, वही समाज स्थायी रूप से उन्नत और सभ्य बनता है। राजा भोज का युग हमें यह प्रेरणा देता है कि सत्ता का सर्वोच्च स्वरूप वही है, जो शस्त्र के साथ-साथ शास्त्र का भी संरक्षक बने। आवश्यक हो जाता है कि धार की भोजशाला के सांस्कृतिक गौरव को बहाल किया जाए।

(लेखक इतिहासकार हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

व्यक्तित्व का आधार है विचार

मनुष्य का जीवन परिस्थितियों से कम और उसके विचारों से अधिक निर्मित होता है। विचार केवल मानसिक तरंगें नहीं, अपितु चेतना की ऊर्जा, व्यक्तित्व की दिशा और नियति का आधार भी हैं। जिस प्रकार बीज में विशाल वृक्ष बनने की संभावना छिपी होती है, उसी प्रकार विचारों में जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाने अथवा पतन की ओर धकेलने की शक्ति निहित होती है। विचार ही मन और आत्मा के बीच सेतु का कार्य करते हैं तथा हमारे भाव, व्यवहार एवं चरित्र को आकार देते हैं।

आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो मनुष्य मूलतः प्रकाश, पवित्रता और दिव्यता का स्रोत है, किंतु जब उसके विचार नकारात्मकता, भय, क्रोध, ईर्ष्या और स्वार्थ से भर जाते हैं, तब उसकी अंतर्निहित ऊर्जा क्षीण होने लगती है। जबकि प्रेम, करुणा, मैत्री, कृतज्ञता और आत्मविश्वास जैसे सकारात्मक विचार नई चेतना का संचार करते हैं। यही विचार मनुष्य की जीवनी-शक्ति को जागृत कर उसे संघर्षों के बीच भी प्रसन्न और संतुलित बनाए रखते हैं। यही कारण है कि हमारे मनीषियों ने सदैव विचार-शुद्धि को आत्म-विकास का प्रथम सोपान माना है। शुभ संकल्प विचारों को दिशा देने का प्रभावी माध्यम है। जब व्यक्ति यह संकल्प करता है कि वह अपने भीतर प्रेम, सहिष्णुता, क्षमा और सद्भाव को विकसित करेगा, तब उसके जीवन में परिवर्तन की प्रक्रिया आरंभ हो जाती है।

हम अपने विचार-जगत को आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न करें। ध्यान, स्वाध्याय, सत्संग और आत्मचिंतन के माध्यम से विचारों को परिष्कृत बनाएं। ऐसा इसलिए, क्योंकि विचार ही ऊर्जा हैं, विचार ही व्यक्तित्व हैं और विचार ही जीवन की सबसे बड़ी संपदा हैं। जिस दिन मनुष्य अपने विचारों को उज्ज्वल बना लेता है, उसी दिन उसके भीतर सन्निहित दिव्यता का सूर्य उदित हो जाता है।

ललित गर्ग

सुलझने के करीब हाकिंग की पहेली

प्रदीप

ब्लैक होल हाकिंग विकिरण से पूर्णतया नष्ट नहीं होते, वे सूक्ष्म और स्थिर अवशेषों में बदल जाते हैं

सैद्धांतिक भौतिकी की बहुचर्चित पहेलियों में से स्टीफन हाकिंग का 'ब्लैक होल सूचना विरोधाभास' (इंफोर्मेशन पैराडाक्स) फिर वैज्ञानिक बहस के केंद्र में है। हाल ही में 'जनरल रिलेटिविटी एंड ग्रेविटेशन' जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह दावा किया गया है कि ब्लैक होल वाष्प बनकर पूरी तरह खत्म नहीं होते, बल्कि अपने पीछे एक स्थिर क्वांटम अवशेष छोड़ जाते हैं, जिसमें उनके भीतर समाई सूचनाएं सुरक्षित रह सकती हैं। यह दावा उन कोशिशों की नवीनतम कड़ी है जो पिछले कई दशकों से हाकिंग की पहेली को सुलझाने के लिए किए जा रहे हैं।

ब्लैक होल के बारे में हमारी वर्तमान समझ काफी हद तक स्टीफन हाकिंग के शोधकार्यों पर आधारित है। हाकिंग ने 1974 में आइंस्टाइन के सामान्य आपेक्षिकता सिद्धांत और क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों के आधार पर यह दिखाया कि ब्लैक होल पूरे काले नहीं होते, बल्कि वे थोड़ी मात्रा में विकिरणों को उत्सर्जित करते हैं। हाकिंग की यह अवधारणा अपने पीछे एक जटिल पहेली छोड़ गई। अगर ब्लैक होल विकिरणों को उत्सर्जित करते हैं, तो वे आखिरकार वाष्प बनकर नष्ट हो जाएंगे। तो इस स्थिति में उस सारी सूचना का क्या होगा, जो इवेंट होराइजन से होकर ब्लैक होल में गिरी थीं? क्या वह सूचना भी नष्ट हो जाएगी? यदि ऐसा है, तो क्वांटम यांत्रिकी और उष्मागतिकी के सिद्धांतों का उल्लंघन होगा जिनके मुताबिक ऊर्जा नष्ट नहीं हो सकती।

ब्लैक होल विकिरण उत्सर्जन की खोज के साथ ही हाकिंग ने भौतिकी के दो आधार स्तंभों को एक-दूसरे के विरुद्ध खड़ा कर 'ब्लैक होल सूचना विरोधाभास' की गुत्थी को जन्म दिया। इस विरोधाभास को सुलझाने के लिए 2022 में प्रकाशित दो शोधपत्रों ने महत्वपूर्ण दावा किया था। उस समय भौतिक विज्ञानियों ने कहा था कि अब तक हम जितना समझते थे, ब्लैक होल उससे कहीं अधिक जटिल और रहस्यमय पिंड हैं। विज्ञानियों ने पाया कि जब क्वांटम गुरुत्वाकर्षण सुधारों को ध्यान में रखा जाता है तो ब्लैक होल में गिरने वाला पदार्थ उसके गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में एक छाप छोड़ जाता है।

नया अध्ययन इस बहस को नई दिशा देता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक ब्लैक होल हाकिंग विकिरण के कारण पूरी तरह नष्ट नहीं होते, बल्कि अत्यंत सूक्ष्म और स्थिर अवशेषों में बदल जाते हैं। उनका दावा है कि ये अवशेष विशाल मात्रा में क्वांटम सूचना संग्रहित कर सकते हैं। अगर यह बात सही साबित होती है, तो ब्लैक होल में समाई सूचना वास्तव में कभी नष्ट नहीं होगी, बल्कि इन अवशेषों में संरक्षित रहेगी। हालांकि अभी इन विचारों की प्रायोगिक पुष्टि होना बाकी है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि हाकिंग द्वारा उठाया गया प्रश्न अब समाधान के पहले से कहीं ज्यादा करीब दिखाई दे रहा है।

(लेखक विज्ञान संचारक हैं)

तकनीकी आत्मनिर्भरता आवश्यक

'गति पकड़ता सेमीकंडक्टर अभियान' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में हर्ष वी. पंत ने इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र में भारत की बढ़ती पैठ के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया है। सेमीकंडक्टर आधुनिक तकनीक और डिजिटल अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, आटोमोबाइल, रक्षा उपकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा संचार प्रणालियों में इनका व्यापक उपयोग होता है। लंबे समय तक भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में केवल उपभोक्ता और डिजाइन केंद्र के रूप में जाना जाता था, किंतु अब वह इस क्षेत्र में विनिर्माण शक्ति बनने की दिशा में भी बढ़ रहा है। इसी क्रम में भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर मिशन, उत्पादन प्रोत्साहन योजनाओं तथा बड़े निवेशों के माध्यम से घरेलू चिप निर्माण को बढ़ावा दिया है। गुजरात, उत्तर प्रदेश और असम सहित देश के कई अन्य राज्यों में स्थापित हो रही सेमीकंडक्टर इकाइयां इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इससे देश के अलग-अलग हिस्सों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, विदेशी निर्भरता कम होगी और तकनीकी आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा। इस क्षेत्र में सफलता के लिए पूंजी निवेश, कुशल मानव संसाधन, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति तथा मजबूत आपूर्ति श्रृंखला जैसी चुनौतियों का समय रहते समाधान आवश्यक है। यदि भारत इन चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करता है, तो वह वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकता है। सेमीकंडक्टर अभियान भारत की तकनीकी एवं रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत ही निर्णायक पहल है।

himanshushekhar.mca@gmail.com

मेलबाक्स

महंगे रिचार्ज से बढ़ती परेशानी

आज मोबाइल फोन केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की आवश्यकता बन चुका है। बैंकिंग, शिक्षा, नौकरी, सरकारी योजनाएं और आपसी संपर्क लगभग हर काम मोबाइल और इंटरनेट पर निर्भर हो गया है। ऐसे में दूरसंचार कंपनियों द्वारा लगातार बढ़ाई जा रही रिचार्ज दरें आम लोगों, विशेषकर गरीब और मध्य वर्ग के लिए चिंता का विषय बनती जा रही हैं। कुछ वर्ष पहले तक मोबाइल उपभोक्ताओं को केवल उतना ही रिचार्ज कराना पड़ता था जितनी उन्हें आवश्यकता होती थी। यदि किसी के मोबाइल में बैलेंस मौजूद है, तो वह लंबे समय तक काल कर सकता था। उस समय वैधता समाप्त होने का इतना दबाव नहीं था और कम आय वाले परिवार भी कम खर्च में महीनों अपना काम चला लेते थे। लेकिन इंटरनेट के विस्तार के साथ धीरे-धीरे ऐसे प्लान समाप्त कर दिए गए और उनकी जगह 28 दिन, 56 दिन तथा 84 दिन वाले अनिवार्य रिचार्ज प्लान आ गए। आज स्थिति यह है कि यदि कोई व्यक्ति रिचार्ज नहीं कराता, तो उसके फोन पर आने वाली काल भी बंद हो जाती हैं। यह नियम उन लोगों के लिए सबसे बड़ी परेशानी बन गया है जो केवल बातचीत के लिए मोबाइल का उपयोग करते हैं। गांवों और गरीब परिवारों में आज भी हजारों लोग ऐसे हैं जिनके पास साधारण कीपैड फोन हैं और जिन्हें इंटरनेट की विशेष आवश्यकता नहीं होती। फिर भी उन्हें महंगे रिचार्ज कराने के लिए मजबूर किया जाता है। जो रिचार्ज कभी कुछ दर्जन रुपये में हो जाया करते थे, आज उनकी कीमतें कई गुना बढ़ चुकी हैं और सामान्य मासिक रिचार्ज 300 रुपये के आसपास पहुंच गया है। यह भी विचार करने योग्य बात है कि लोगों को धीरे-धीरे इंटरनेट पर इतना निर्भर बना दिया गया है कि अब मोबाइल रिचार्ज कराना उनकी मजबूरी बन गया है। पढ़ाई, आनलाइन भुगतान, सरकारी सेवाएं और दैनिक जीवन के अनेक कार्य इंटरनेट के बिना संभव नहीं रह गए हैं। ऐसे में कंपनियों द्वारा लगातार बढ़ाई जा रही कीमतों का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। ऐसे में सरकार और दूरसंचार नियामक संस्थाओं को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। साधारण कालिंग और कम आय वर्ग के लोगों के लिए किफायती प्लान उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि संचार जैसी मूलभूत आवश्यकता केवल आर्थिक रूप से सक्षम लोगों तक सीमित न रह जाए।

आदर्श गौतम, कल्याणपुर, कानपुर

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें :

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एजीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

17.7 लाख छात्र शामिल हुए थे इस वर्ष सीबीएसई द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा की परीक्षा में। परिणाम आने के बाद चार लाख से अधिक छात्रों ने उत्तर पुस्तिका का दोबारा से मूल्यांकन करने के लिए आवेदन किया है।

आजकल

डिजिटल मूल्यांकन की कसौटी पर सीबीएसई

देश की सबसे बड़ी स्कूली परीक्षा संस्था सीबीएसई एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। केंद्र सरकार ने बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव का तबादला कर दिया है। यह निर्णय ऐसे समय आया है जब आन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली, मूल्यांकन की विश्वसनीयता और प्रशासनिक निर्णय प्रक्रिया को लेकर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। लाखों विद्यार्थियों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की प्रतियां मांगना, स्कैन कापियों की गुणवत्ता पर आपत्तियां तथा मूल्यांकन संबंधी शिकायतें इस बहस को और व्यापक बना चुकी हैं। यह केवल एक तकनीकी विवाद नहीं, बल्कि परीक्षा प्रशासन की संस्थागत क्षमता की भी परीक्षा है

कैलाश बिश्नोई
शिक्षा मामलों के जानकार

डिजिटल व्यवस्था से सीबीएसई की 12वीं परीक्षा की कापी के मूल्यांकन पर उठे हैं गंभीर सवाल। प्रतीकात्मक

वर्ष 2026 में सीबीएसई ने बारहवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु आन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया। इस व्यवस्था के अंतर्गत उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन कर डिजिटल प्रारूप में परिवर्तित किया गया तथा मूल्यांकन प्रक्रिया को स्क्रीन आधारित बनाया गया। उद्देश्य था- मूल्यांकन की दक्षता बढ़ाना, मानवीय त्रुटियों को कम करना, परिणाम प्रक्रिया को तीव्र बनाना तथा परीक्षा प्रशासन को डिजिटल रूपांतरण की दिशा में आगे ले जाना। किंतु परिणाम घोषित होने के बाद बड़ी संख्या में छात्रों और अभिभावकों ने धुंधली स्कैन प्रतियों, उत्तर पुस्तिकाओं के मिलान संबंधी त्रुटियों, मूल्यांकन की शुद्धता तथा तकनीकी अवरोधों को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए।

यह विवाद वस्तुतः तकनीक और शिक्षा प्रशासन के अंतर्संबंध को समझने का अवसर भी प्रदान करता है। शिक्षा में डिजिटलीकरण समय की आवश्यकता है, किंतु शैक्षणिक नवाचारों की सफलता केवल साफ्टवेयर या प्लेटफार्म से निर्धारित नहीं होती। उसके लिए चरणबद्ध परीक्षण, हितधारकों की सहभागिता, क्षमता निर्माण तथा प्रक्रियागत परिपक्वता अनिवार्य होती है। यदि अधिगम उपलब्धियों के आकलन से जुड़ी किसी व्यवस्था में विद्यार्थियों को अपने मूल्यांकन पर ही संदेह होने लगे, तो प्रश्न केवल तकनीकी खामी का नहीं रह जाता, बल्कि शैक्षिक शासन, नीति क्रियान्वयन और सार्वजनिक विश्वास का बन जाता है। यही कारण है कि आन-स्क्रीन मार्किंग का यह प्रकरण शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन की संभावनाओं के साथ-साथ उसकी सीमाओं और चुनौतियों पर गंभीर पुनर्विचार की मांग करता है।

विडंबना यह है कि नई शिक्षा नीति लगातार क्षमता निर्माण, साक्ष्य आधारित निर्णय और संस्थागत तैयारी पर बल देती है, लेकिन आन-स्क्रीन मार्किंग के अनुभव ने इन आदर्शों और व्यावहारिक क्रियान्वयन के बीच मौजूद दूरी को उजागर कर दिया। तकनीक अपने आप में न तो समाधान है और न समस्या। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे कितनी दूरदर्शिता, कितनी तैयारी और कितनी संवेदनशीलता के साथ लागू किया गया। यदि लाखों विद्यार्थियों के शैक्षिक भविष्य से जुड़ी प्रक्रिया में पारदर्शिता के बजाय आशंकाएं और संतोष की बजाय संदेह उत्पन्न होने लगें, तो आत्ममंथन केवल विकल्प नहीं बल्कि संस्थागत दायित्व बन जाता है।

इस पूरे विमर्श का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम शिक्षक समुदाय से जुड़ा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से लेकर विभिन्न शैक्षणिक आयोगों की अनुशंसाओं तक शिक्षक को अधिगम प्रक्रिया का केंद्र बिंदु माना गया है। दुर्भाग्य से व्यावहारिक स्तर पर अनेक बार उसे केवल क्रियान्वयन तंत्र का एक घटक समझ लिया जाता है। आन-स्क्रीन मूल्यांकन इसका उदाहरण है। उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल परीक्षण सुनने में भले सरल लगे, लेकिन मूल्यांकन शास्त्र की वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। यदि शिक्षक को पर्याप्त प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और कार्यानुकूल वातावरण उपलब्ध न कराया जाए तो मूल्यांकन की विश्वसनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। शिक्षा में गुणवत्ता केवल नीतिगत घोषणाओं से नहीं आती। वह क्षमता निर्माण, संसाधन समर्थन और व्यावसायिक विकास की सतत प्रक्रिया से विकसित होती है।

इस विवाद का सबसे संवेदनशील और व्यापक पक्ष विद्यार्थी हैं। बारहवीं कक्षा का परिणाम केवल एक अंकपत्र नहीं होता, बल्कि उच्च शिक्षा, व्यावसायिक अवसरों, छात्रवृत्तियों और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की दिशा निर्धारित करने वाला दस्तावेज होता है। ऐसे में यदि मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर संदेह उत्पन्न हो जाए तो समस्या प्रशासनिक दायरे से निकलकर विश्वास के संकट में बदल जाती है। किसी भी परीक्षा प्रणाली की सबसे बड़ी पूंजी उसकी विश्वसनीयता होती है। विद्यार्थी कठिन प्रश्नपत्र स्वीकार कर सकता है, अपेक्षा से कम परिणाम भी स्वीकार कर सकता है, किंतु वह मूल्यांकन प्रक्रिया पर उठे प्रश्नों को स्वीकार नहीं कर सकता।

हालांकि इस पूरे प्रकरण को केवल विफलता के आख्यान के रूप में देखना उचित नहीं होगा। डिजिटल मूल्यांकन की अवधारणा में अनेक संभावनाएं निहित हैं। इससे उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा बेहतर हो सकती है, मूल्यांकन प्रक्रिया की निगरानी सुदृढ़ हो सकती है, डाटा आधारित विश्लेषण संभव हो सकता है और भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शैक्षणिक मूल्यांकन के लिए आधार तैयार हो सकता है। इसलिए समाधान तकनीक से पीछे हटने में नहीं, बल्कि उसके अधिक परिपक्व और उत्तरदायी उपयोग में निहित है। आवश्यकता इस बात की है कि व्यापक पायलट परियोजनाओं के माध्यम से प्रणाली का परीक्षण किया जाए, शिक्षकों के लिए दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए जाएं, साफ्टवेयर डिजाइन में विषय विशेषज्ञों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा स्वतंत्र शैक्षणिक आडिट की व्यवस्था स्थापित की जाए। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि विद्यार्थियों के हित को संस्थागत प्रतिष्ठा से ऊपर रखा जाए। शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य केवल परीक्षाओं का संचालन नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का निर्माण है।

आज सीबीएसई के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती किसी तकनीकी प्लेटफार्म की नहीं, बल्कि उसी विश्वास को पुनर्स्थापित करने की है जिस पर करोड़ों विद्यार्थियों और अभिभावकों की आकांक्षाएं टिकी हुई हैं। तकनीक को सुधारा जा सकता है, प्रक्रियाओं को पुनर्गठित किया जा सकता है, लेकिन विश्वास की पुनर्स्थापना के लिए संवेदनशील नेतृत्व, पारदर्शी संवाद और उत्तरदायी प्रशासन की आवश्यकता होती है। शिक्षा में आधुनिकता का स्वागत होना चाहिए, किंतु परिपक्वता और तैयारी के साथ। अन्यथा डिजिटल व्यवस्था की छोटी सी त्रुटि भी अधिगम न्याय और मूल्यांकन विश्वसनीयता पर गहरा प्रश्नचिह्न छोड़ सकती है।

परीक्षा व्यवस्था में सुधारों का नया दौर

पिछले एक दशक में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केवल परीक्षाओं की प्रक्रिया नहीं बदली है, बल्कि शिक्षा को देखने और समझने के नजरिये में भी परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप किए गए सुधारों का उद्देश्य छात्रों को रटंत शिक्षा की सीमाओं से बाहर निकालकर उन्हें समझ, कौशल और व्यावहारिक क्षमता आधारित सीखने की ओर ले जाना है। लंबे समय तक भारतीय बोर्ड परीक्षाओं की सबसे बड़ी आलोचना यह रही कि वे विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति तो मापती हैं, लेकिन उनकी सोचने, विश्लेषण करने और समस्याओं का समाधान करने की क्षमता का पर्याप्त आकलन नहीं कर पातीं। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई ने कंपीटेंसी आधारित प्रश्नों का दायरा बढ़ाया है।

दसवीं की बोर्ड परीक्षा में दो अवसर देने का निर्णय भी शिक्षा सुधारों के इसी नए सोच का हिस्सा है। भारतीय समाज में परीक्षा अक्सर एक ऐसे निर्णायक मोड़ के रूप में देखी जाती रही है, जहां एक दिन का प्रदर्शन पूरे भविष्य का फैसला कर देता है। सुधार परीक्षा और सर्वश्रेष्ठ स्कोर को मान्यता देने की व्यवस्था इस दबाव को कम करती है। यह छात्रों को यह विश्वास दिलाती है कि शिक्षा केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि निरंतर सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की प्रक्रिया है। डिजिटल तकनीक के उपयोग ने भी परीक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा दी है। डिजिलाकर, अपार आइडी और विभिन्न आनलाइन प्लेटफार्मों ने रिकार्ड प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया है। डिजिटल मूल्यांकन जैसी व्यवस्थाएं भी इसी परिवर्तन का हिस्सा हैं। हालांकि हाल के अनुभवों ने यह भी स्पष्ट किया है कि तकनीकी सुधारों की सफलता केवल तकनीक पर नहीं, बल्कि तैयारी, प्रशिक्षण और प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। इसलिए सुधारों की दिशा जितनी महत्वपूर्ण है, उनकी गति और तैयारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

सीबीएसई द्वारा कौशल शिक्षा और व्यावसायिक विषयों को बढ़ावा देना भी एक दूरदर्शी कदम माना जा सकता है। बदलती अर्थव्यवस्था में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। रोजगार और जीवन दोनों के लिए कौशल की आवश्यकता बढ़ी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उद्यमिता, योग और अन्य स्किल आधारित विषयों को मुख्यधारा में लाकर शिक्षा को अधिक प्रासंगिक बनाने का प्रयास किया गया है। सिलेबस का तर्कसंगत पुनर्गठन और पाठ्यचर्या में बदलाव भी इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा हैं। शिक्षा तब अधिक प्रभावी होती है जब छात्र विषय को समझे, उससे जुड़े और उसे जीवन में लागू कर सके।

इन सभी सुधारों के केंद्र में एक महत्वपूर्ण विचार दिखाई देता है... शिक्षा को परीक्षा केंद्रित व्यवस्था से सीखने केंद्रित व्यवस्था में बदलना। यह परिवर्तन आसान नहीं है और इसके सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। शिक्षकों के प्रशिक्षण, संसाधनों की उपलब्धता और तकनीकी बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत करने की आवश्यकता बनी हुई है। फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि शिक्षा का भविष्य केवल अधिक अंक प्राप्त करने में नहीं, बल्कि बेहतर नागरिक और सक्षम मानव संसाधन तैयार करने में निहित है। सीबीएसई के हालिया सुधारों को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। ये परिवर्तन अंतिम लक्ष्य नहीं हैं, बल्कि उस लंबी यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं जो भारतीय शिक्षा को अधिक लचीला, समावेशी, कौशल आधारित और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

(कैलाश बिश्नोई)

खरी-खरी

साइकिल केवल वाहन नहीं, दर्शन है

विनोद कुमार विक्की

कल विश्व साइकिल दिवस था। इस पावन अवसर पर साइकिल भी मन ही मन मुस्कुराया- 'देखो, आखिर मेरे भी अच्छे दिन आ ही गए!' जो कभी आंगन के कोने में धूल फांकती थी, वही आज पेट्रोल-डीजल के महंगाई-पुराण की मुख्य नायिका बन बैठी है। बिना पेट्रोल, डीजल, बिजली और बैटरी के, सिर्फ 'हवा' पर चलने वाला यह वाहन सच में आत्मनिर्भर भारत का सबसे पुराना ब्रांड एंबेसडर है।

साइकिल की सबसे बड़ी खूबी है- इसका संयमित चरित्र। इसमें स्पीड और ब्रेक का ऐसा संतुलन है कि दुर्घटना भी सोच-समझकर ही होती है। न हेलमेट का झंझट, न चालान का डर।

अब बात करें सवारी क्षमता की। तकनीकी रूप से यह एक व्यक्ति के लिए बनी है, लेकिन भारतीय जुगाड़ विज्ञान ने इसे पारिवारिक वाहन बना दिया। आगे डंडे पर एक, पीछे कैरियर पर एक और बीच में खुद चालक- तीन सवारी न्यूनतम व्यवस्था है।

सीखने की प्रक्रिया भी किसी आध्यात्मिक साधना से कम नहीं थी। पहले हाफ पैडल, फिर फुल पैडल और अंत में बिना हाथ चलाने का मोक्ष। उस समय गिरना भी उपलब्धि का हिस्सा होता था- घुटनों एवं कोहनी के छिले निशान आज भी बचपन के 'सर्टिफिकेट' की तरह मार्क्स आफ आइडेंटिफिकेशन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

समय बदला, बाइक आई, फिर कार आई और साइकिल को कोने में धकेल दिया गया। लेकिन जैसे ही पेट्रोल-डीजल के दामों ने जनता की कमर तोड़ी, साइकिल ने फिर से एंट्री मारी- वह भी पूरे स्वाभिमान के साथ। बड़े-बड़े अधिकारी, नेता और सेलिब्रिटी साइकिल चलाते हुए फोटो खिंचवाने लगे। जनता समझ गई- 'मामला गंभीर है, अब साइकिल ही सहारा है!'

आज साइकिल पर्यावरण की रक्षक, स्वास्थ्य की संरक्षक और जेब की हितैषी बनकर सामने खड़ी है। न प्रदूषण, न खर्च, न ट्रैफिक का तनाव- बस पैडल मारिए और जिंदगी आगे बढ़ाइए। कुल मिलाकर, साइकिल सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि एक दर्शन है- 'कम संसाधन में भी जीवन चल सकता है।'

पोस्ट

पढ़ाई के नाम पर आनलाइन बकवास करने वाले कुछ लोगों को किसी भी दृष्टि से शिक्षक नहीं कहा जा सकता। ये लोग अपसंस्कृति को ही बढ़ावा दे रहे हैं।
डा. रमाकांत राय@RamaKRoy

तृणमूल कांग्रेस ने अपनी मुखिया के विरुद्ध ही विद्रोह कर दिया। ममता बनर्जी ने अपने राजनीतिक करियर में कभी इसकी कल्पना भी नहीं की होगी।
स्वाति चतुर्वेदी@bainjal

उपहार अग्निकांड से लेकर मालवीय नगर रेस्टोरेंट हादसे के बीच करीब 30 साल गुजर गए, लेकिन कुछ नहीं बदला। भ्रष्टाचार, लालच और अक्षमताओं के चलते हम बुरी तरह नाकाम तंत्र में तब्दील हो गए हैं।
राहुल पंडिता@rahulpandita

मालवीय नगर अग्निकांड हादसा नहीं हत्या है। इमारत में अनुमति से अधिक निर्माण और दुरुपयोग की स्थिति में यहां सवाल सिर्फ आग का नहीं, बल्कि सिस्टम की नाकामी का भी है। जिम्मेदार सिर्फ आग नहीं, वे लोग भी हैं, जिन्होंने नियमों के उल्लंघन पर आंखें मूंद लीं।
डा. मीना कुमारी
जांगिड़@DrMeenaJangid

जागरण जनमत — कल का परिणाम

अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने से तमिलनाडु में भाजपा की राह और मुश्किल होगी?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या ममता बनर्जी पहले जैसी राजनीतिक अहमियत हासिल कर पाएंगी?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

बन बैठे बालेन जी छोटे-मोटे ट्रंप,
कहीं टांग ना तोड़ दे ज्यादा ऊंची जंप।
ज्यादा ऊंची जंप लगा धोखा खाओगे,
'जेन-जी' की उम्मीद न पूरी कर पाओगे।
हो भाई के साथ दिख रहे ऐंठे-ऐंठे,
जाने 'पट्टीदार' सरीखे क्यों बन बैठे!!
-ओम प्रकाश तिवारी

मध्य प्रदेश डायरी

दो दशक बाद सरकारी बसें चलने का रास्ता साफ

धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश में सरकारी बस सेवा की वापसी का इंतजार 21 वर्ष बाद समाप्त होने जा रहा है। हालांकि यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि सुरक्षित बस सेवा न होने से इन वर्षों में कितने निर्दोष लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवा बैठे, लेकिन 'देर आए दुरुस्त आए' चरितार्थ कर मोहन सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत राज्यव्यापी सरकारी बस सेवा फिर से शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय ले लिया है। ग्रामीण, शहरी और जनजातीय क्षेत्रों को बेहतर सड़क कनेक्टिविटी देने के लिए 5,206 सरकारी बसें सड़कों पर उतारी जाएंगी।

अब सड़क यातायात पर नजर डालें। वर्ष 2005 से अब तक प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में दो लाख से अधिक लोगों की जान गई है। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें मौतों के मामले में मध्य प्रदेश देश में दूसरे नंबर पर है। राज्य में हर साल सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी कारण राज्य में हर दिन औसतन 41 लोग जान गंवा रहे हैं। कोई संदेह नहीं कि इन मौतों के लिए सरकारी परिवहन सेवा न होना भी बड़ी वजह रही है। सार्वजनिक परिवहन के लिए बसों के न होने पर दोपहिया वाहन का उपयोग हादसों की आशंका बढ़ाता है। प्रदेश में होने वाली कुल मौतों में 75 प्रतिशत से अधिक तो दोपहिया वाहन सवारों की होती हैं। खासकर उनकी जो हेलमेट नहीं लगाते या लंबी दूरी तय करते हैं। हाई कोर्ट में दायर याचिकाओं और 108 एंबुलेंस सर्विस के आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा जानलेवा हादसे इंदौर, भोपाल, सागर, जबलपुर और रीवा के कनेक्टिंग नेशनल और स्टेट हाईवे पर होते हैं।

अब जब सरकारी बसों को चलाने की तैयारी है तो नई व्यवस्था को भ्रष्टाचार और लापरवाही से भी बचाना बेहद जरूरी है। दरअसल, मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम बंद होने के मुख्य कारण यही थे। कांग्रेस सरकार में यह राजनीतिक नेतृत्व और ब्यूरोक्रेट्स के गठजोड़ के कारण बदहाली के दौर में पहुंच गया था। वर्ष 2003 के बाद जब भाजपा सरकार बनी, तो सड़क परिवहन निगम बंद करना पड़ा था। तत्कालीन परिवहन मंत्री उमाशंकर गुप्ता बताते हैं कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में परिवहन निगम में 36-36 प्रतिशत ब्याज पर ऋण लिया गया था। कर्मचारियों को दो-दो साल से वेतन नहीं बंट पा रहा था। निगम पर 700 करोड़ रुपये का कर्ज था। भाजपा सरकार बनी तो दो ही विकल्प थे, सरकार सड़क परिवहन निगम को चलाने के लिए फंड दे या बंद कर दे। यही वजह है कि बाबूलाल गौर सरकार ने इसे बंद कर दिया था।

सुगम बस परिवहन से जनता को होगी सुविधा। इनसेट में : डा. मोहन यादव। फाइल

उमाशंकर गुप्ता के अनुसार, विकल्प में अनुबंधित बस सेवा चलाने की नीति बनाई गई थी, लेकिन बाबूलाल गौर सरकार के मुख्यमंत्री पद से हटने के कारण अमल में नहीं आ पाई। अब मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के प्रयासों से सरकारी बसें जिस माडल पर शुरू की जा रही हैं, वह वही माडल है। यही कारण है कि मोहन सरकार द्वारा सरकारी बसों को दोबारा शुरू करने के निर्णय को एक जीवन रक्षक कदम के रूप में देखा जा रहा है। सुगम परिवहन सेवा के सूत्रधार और परिवहन सचिव मनीष सिंह की भूमिका भी सराहनीय है।

सरकारी बसों के आने से निजी वाहनों का दबाव कम होगा, परिवहन व्यवस्थित होगा और निश्चित रूप से मौत के आंकड़ों में कमी आएगी। पिछले 21 वर्षों से मध्य प्रदेश में राज्य सड़क परिवहन निगम का विकल्प दोबारा जीवित करने या नई सरकारी बसें चलाने का साहस किसी सरकार ने नहीं दिखाया था। यह राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से ऐसा निर्णय है जिसके क्रियान्वयन का श्रेय निश्चित रूप से मोहन सरकार को जाता है, लेकिन इसके पीछे एक लंबी नीतिगत प्रक्रिया और कानूनी पृष्ठभूमि भी रही है। केवल बसें चलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें एआइ कैमरे, ई-बस माडल और कैशलेस एप से जोड़कर आधुनिक रूप में पेश करने का ऐसा खाका सरकार ने तैयार किया, जिसमें विफलता की कोई आशंका नहीं है।

इंदौर के बाद इसे भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, सागर, ग्वालियर और रीवा सहित सात परिवहन क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सरकार के लिए एक गंभीर चुनौती और है। पिछली सरकारों की कमजोर मानिटरिंग और लापरवाह नीतियों के कारण प्रदेश के सभी बड़े शहरों में सिटी ट्रांसपोर्ट नाम मात्र का भी नहीं है। नगर निगमों के हवाले नगर वाहन सेवा आरंभ की गई थी, लेकिन वह असफल हो गई। हर शहर ट्रैफिक जाम में घिरा रहता है। निजी मिनी बसें नगर परिवहन उपलब्ध करवा रही थीं, उसे भी बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को नगर वाहन सेवा को दुरुस्त करने के बारे में भी विचार करना चाहिए, ताकि आम आदमी शहर में निजी वाहन के बजाय बस में सफर करे।

पंजाब डायरी

भाजपा के नए प्रयोग पर टिकीं सबकी निगाहें

रमनजीत सिंह मणकू
ब्यूरो प्रमुख, पंजाब

भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व कांग्रेसी विधायक केवल सिंह ढिल्लों को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर स्पष्ट संदेश दिया है कि वर्ष 2027 के चुनावों में पार्टी ग्रामीण, खासकर जाट सिख बहुल मालवा बेल्ट में पैठ बनाना चाहती है, लेकिन जमीनी हकीकत अभी भी कठिनाई भरी है। भारतीय जनता पार्टी को अभी और भी कुछ अप्रत्याशित फैसले लेने पड़ सकते हैं, ताकि उसकी राह आसान हो सके।

दरअसल, ढिल्लों का चयन भाजपा के लिए पहला प्रयोग है, जब किसी जट्ट सिख को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। अब तक पार्टी की छवि शहरी हिंदू और व्यापारी वर्ग तक सीमित पार्टी की मानी जाती रही है, जबकि ग्रामीण इलाकों के वोटरों, खासकर जट्ट सिखों का जिम्मा भाजपा का गठबंधन सहयोगी शिरोमणि अकाली दल उठाता रहा। ढिल्लों की नियुक्ति से भाजपा उम्मीद लगा रही है कि अकाली दल के कमजोर होने के बाद ढिल्लों के जरिये ग्रामीण वोट बैंक तक पहुंचने का रास्ता मिल सकता है, जबकि इस कठिन डगर पर अकेले ढिल्लों वाले फैसले से काम नहीं चलने वाला है। बल्कि भारतीय जनता पार्टी के पुराने काडर की नाराजगी दूर करना, संगठन का साथ, भाजपा को लेकर प्रदेश में खासकर ग्रामीण इलाकों में किसान आंदोलन के दौरान पसरी हुई नाराजगी को दूर करने के उपाय, सिख कौम के मुद्दों मसलन बंदी सिंहों की रिहाई सरीखे कई विषय मौजूद हैं, जिन्हें हल किए बगैर भाजपा के लिए सीधे रास्ते मंजिल तक पहुंचना आसान नहीं है।

यह सर्वविदित है कि भारतीय जनता पार्टी की रणनीति में यह बदलाव बिना कीमत के नहीं आया है। संगठन महामंत्री मंथरी श्रीनिवासुलु के दखल से लिए गए इस फैसले को लेकर पंजाब भाजपा के कई वरिष्ठ नेता असहज हैं। उनका तर्क है कि पार्टी अपने कोर हिंदू वोट बैंक को नजरअंदाज करके कांग्रेस और अकाली दल से आए नेताओं पर ज्यादा निर्भर हो रही है। सुनील जाखड़ को हटाकर ढिल्लों को लाना और कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा का भविष्य अधर में लटकाना, पुराने कार्यकर्ताओं के लिए यह संकेत है कि 'जमीन पर काम करने वालों' से ज्यादा 'बाहर से आए चेहरों' को तरजीह मिल रही है।

भारतीय जनता पार्टी के पुराने व टकसाली कार्यकर्ताओं में बनी यही धारणा भाजपा की वर्ष 2027 में आगामी विधानसभा चुनाव की राह को और मुश्किल करती नजर आ रही है। कार्यकर्ताओं का सवाल है- जब पार्टी बाहर से आए नेताओं को ऊपर ला रही है, तो जमीनी कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा क्या बची? अगर यह असंतोष 2027 तक बना रहा, तो प्रचार और बूथ मैनेजमेंट दोनों ही दुष्प्रभावित होंगे।

भारतीय जनता पार्टी यदि अपने इस ताजा कदम से ढिल्लों के नेतृत्व में मालवा में ग्रामीण जट्ट सिख वोटरों को साध पाती है और हाल ही में संपन्न हुए नगर निकायों में मिली सीमित सफलता को आगे बढ़ाते हुए विधानसभा तक ले जाती है, तो वह त्रिकोणीय मुकाबले में आ सकती है। नयागांव और अबोहर जैसे नतीजे बताते हैं कि जहां संगठन सक्रिय है, वहां भाजपा अभी भी जीत सकती है। कई ग्रामीण इलाकों में भी मिली निकाय सीटें भाजपा के लिए नए आयाम बना रही हैं।

हालांकि, भाजपा के लिए जोखिम भी बराबर है। अगर शहरी हिंदू वोटर नाराज हुआ, पुराना काडर व संगठन कार्यकर्ता निष्क्रिय रहे और ग्रामीण इलाकों में ढिल्लों अपने करिश्मे से संगठन खड़ा नहीं कर पाए, तो यह नियुक्ति सिर्फ प्रतीकात्मक रह जाएगी। ऐसी स्थिति में दिल्ली में बैठे केंद्रीय नेतृत्व को भी तय करना होगा कि पंजाब में पार्टी को 'आयातित नेतृत्व' पर चलाना है या स्थानीय नेताओं को ऊपर लाकर एक टिकाऊ ढांचा बनाना है।

निकाय चुनाव नतीजों से एक दिन पहले की गई केवल सिंह ढिल्लों की नियुक्ति और नगर निकाय चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन, दोनों मिलाकर पंजाब भाजपा की तस्वीर को पंजाब में अभी अधूरी तैयार हुई ही दिखाते हैं। एक तरफ सामाजिक इंजीनियरिंग का दांव, दूसरी तरफ जमीनी कमजोरी। हालांकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले तक भाजपा के पास समय है, लेकिन इसमें से एक बड़ा हिस्सा संगठन को एकजुट करने और पुराने-नए कार्यकर्ताओं के बीच भरोसा बनाने में लगाना होगा। वरना पंजाब में भाजपा की कहानी फिर से 'शुरुआत अच्छी, अंत अधूरा' बनकर रह जाएगी।

पंजाब प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों। फाइल

बिजनेस

पिछले वर्ष 27,312 करोड़ रुपये के टायरों का निर्यात

नई दिल्ली : पिछले वित्त वर्ष 2025-27 के दौरान भारत ने रिकार्ड 27,312 करोड़ रुपये के टायरों का निर्यात रहा है। आटोमोटिव टायर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ने बुधवार को बताया कि इस दौरान अमेरिका को सबसे अधिक टायर भेजे गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत ने 25,057 करोड़ रुपये के टायरों का निर्यात किया था। एसोसिएशन के चेयरमैन अरुण मम्मेन ने कहा कि वैश्विक सप्लाई चेन में भारी रुकावटों, लाजिस्टिक्स की बढ़ी हुई लागत और बड़े बाजारों में व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद टायर निर्यात का प्रदर्शन काफी मजबूत रहा है। (प्रेट्र)

भारत की 'ब्लू इकोनमी' विकास के एक शक्तिशाली इंजन के रूप में उभर रही है। इसे समुद्री भोजन के बढ़ते निर्यात और भारतीय समुद्री उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग से गति मिल रही है।
- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री

सेंसेक्स	74,346.17 ▼ 303.67	निफ्टी	23,405.60 ▼ 77.95	सोना प्रति दस ग्राम	₹ 1,59,600 ▼ ₹ 1,850	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹ 2,69,500 ▼ ₹ 1,500	$ डालर	₹ 95.76 ▲ ₹ 0.40	क्रूड प्रति बैरल	$ 98.92

एक नजर में

डालर के मुकाबले रुपये में 40 पैसे की गिरावट

मुंबई : अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) द्वारा श्रम उल्लंघनों का हवाला देते हुए भारतीय आयात पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के प्रस्ताव के बाद बुधवार को रुपया 40 पैसे टूटकर 95.76 प्रति डालर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डालर की मजबूत मांग, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव और विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों के विश्वास को और कमजोर कर दिया है। अब निवेशकों की नजर एमपीसी की बैठक पर है। (प्रेट्र)

1,850 रुपये घटा सोना, चांदी का मूल्य भी टूटा

नई दिल्ली : वैश्विक बाजारों में कमजोरी और अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते से जुड़ी अनिश्चितता के चलते बुधवार को घरेलू स्तर पर सोना और चांदी की कीमत में गिरावट रही। आल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, दिल्ली में सोने के मूल्य में 1,850 रुपये की कमी आई और अब इसका मूल्य 1,59,600 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया है। इसी तरह, चांदी की कीमत में 1,500 रुपये की गिरावट रही। अब दिल्ली में चांदी का मूल्य घटकर 2,69,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। (प्रेट्र)

एचयूएल के स्थायी कर्मियों की संख्या 10.7% घटी

नई दिल्ली : एफएमसीजी की बड़ी कंपनी एचयूएल के स्थायी कर्मचारियों की संख्या वित्त वर्ष 2025-26 में 10.7 प्रतिशत घटकर 5,898 रह गई। कंपनी की ताजा सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। कंपनी के पास 31 मार्च, 2025 तक 6,604 स्थायी कर्मचारी थे। कंपनी ने कहा कि अभी उसकी प्रबंधकीय टीम में 44 प्रतिशत महिलाएं हैं और वह इस संख्या को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्पादन कार्यों से 1400 महिलाएं जुड़ी हैं, जबकि बिक्री से जुड़ी भूमिकाओं में 1,500 से ज्यादा महिलाएं कार्यरत हैं। (प्रेट्र)

विदेशी निवेशकों का एआइ-चिप कंपनियों पर जोर

2026 के पहले पांच महीनों में एफआइआइ ने भारतीय शेयर बाजार से 30 अरब डालर निकाले

राजीव कुमार ● जागरण

- 2026 की पहली तिमाही में चीन में एआइ से जुड़ी कंपनियों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 16 अरब डालर डाले
- दक्षिण कोरिया की एआइ कंपनियों में विदेशी निवेशकों ने सिर्फ एक सप्ताह में 13.2 अरब डालर का निवेश किया

नई दिल्ली : वर्ष 2026 के पहले पांच महीनों में भारत के शेयर बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआइआइ) ने 30 अरब डालर निकाले हैं। वहीं, वर्ष 2026 की पहली तिमाही में चीन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) से जुड़ी कंपनियों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 16 अरब डालर का निवेश किया। इस साल मई के मध्य में तो दक्षिण कोरिया की एआइ कंपनियों में विदेशी निवेशकों ने सिर्फ एक सप्ताह में 13.2 अरब डालर का निवेश किया। सेमीकंडक्टर और एआइ के लिए मशहूर ताइवान के शेयर बाजार के बाजार पूंजीकरण में पिछले छह महीनों में 58 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अमेरिका के एआइ व इसकी सप्लाई चेन से जुड़ी कंपनियों के शेयर भाव लगातार बढ़ रहे हैं।

जानकारों का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट की वजह से सामान्य दिनों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सेक्टर के शेयर का भाव सभी देशों में प्रभावित हुआ है, लेकिन सेमीकंडक्टर, एआइ व इसकी सप्लाई चेन से जुड़े शेयर भाव में तेजी से निवेश हो रहा है। सबसे बड़ी दिक्कत इस बात की है भारत में सेमीकंडक्टर व एआइ चिप या माडल बनाने वाली कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध ही नहीं हैं। एआइ के साफ्टवेयर या हार्डवेयर से जुड़ी कोई भी भारतीय कंपनी अभी वैश्विक स्तर पर अपने उत्पाद नहीं बेच रही है। दूसरी तरफ, दुनिया के सभी विकसित देश तेजी से एआइ को अपना रहे हैं। एआइ के लिए शक्तिशाली चिप चाहिए, इसलिए चिप बनाने वाली कंपनियों के भी शेयर भाव तेजी से चढ़ रहे हैं। चीन की बायडू, झीपू, कैमब्रिकन टेक, मिनी मैक्स जैसी एआइ और सेमीकान कंपनियों का शेयर भाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका में एनविडिया, मेटा, माइक्रोसाफ्ट, माइक्रोन अल्फाबेट, एमेजोन जैसी कंपनियों के शेयर एआइ व एआइ चिप के कारण सबसे लोकप्रिय हैं।

पूंजीकरण में ताइवान के शेयर बाजार ने भारत का पीछे छोड़ा

एआइ व चिप से जुड़ी दक्षिण कोरिया की सैमसंग, एसके हिनिक्स जैसी कंपनियों के शेयर भाव पिछले एक साल में 200 प्रतिशत बढ़े हैं। ताइवान की टीएसएमएस चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है। टीएसएमएस के साथ फाक्सकान, डेल्टा इलेक्ट्रानिक्स, मीडिया टेक, क्वांता कंप्यूटर जैसी एआइ से जुड़ी कंपनियों की बदौलत ताइवान 5.15 लाख करोड़ डालर के बाजार पूंजीकरण के साथ भारत को पीछे छोड़ दिया है। भारत का बाजार पूंजीकरण 4.92 लाख करोड़ डालर रह गया है।

आइटी शेयरों में बिकवाली से 303 अंक गिरा सेंसेक्स, निफ्टी भी टूटा

मुंबई, प्रेट्र : सूचना-प्रौद्योगिकी शेयरों में भारी बिकवाली, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी फंड की लगातार निकासी से बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी नीचे बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 303.67 अंक गिरकर 74,346.17 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 1,157.24 अंक या 1.55 प्रतिशत गिरकर 73,492.60 पर आ गया था। वहीं एनएसई निफ्टी 77.95 अंक घटकर 23,405.60 पर बंद हुआ। पिछले चार सत्रों में गिरावट का सिलसिला तोड़ते हुए बेंचमार्क इंडेक्स ने मंगलवार को लगभग आधा प्रतिशत की बढ़त दर्ज की थी।

...तो इस वजह से इस्तीफा दे रहे बीमा कंपनियों के शीर्ष अधिकारी

भारत में जीवन और साधारण बीमा कारोबार के लिए अपार संभावनाएं हैं। इसके बावजूद बड़ी कंपनियों के सीईओ अपने पदों से इस्तीफा दे रहे हैं। इससे इस बात की चर्चा जोरों पर है कि आखिर इतने बड़े पदों पर आसीन लोग इस्तीफा क्यों दे रहे हैं। आइए जानते हैं इसके पीछे के कारण...

कौन-कौन दे चुके हैं इस्तीफा

- टाटा एआइजी जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ नीलेश गर्ग
- एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक व सीईओ अनुज त्यागी
- जनरली सेंट्रल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अनुप राव
- आने वाले महीनों में एक और बड़ी कंपनी के सीईओ के इस्तीफा देने की चर्चा

इस वजह से पद छोड़ रहे शीर्ष अधिकारी



- जानकारों का कहना है कि भारत अभी भी एक ऐसा बाजार है जहां बीमा की पहुंच काफी कम है। इसी का फायदा उठाने के लिए इस सेक्टर के अनुभवी पेशेवर जानी मानी संस्थाओं को छोड़कर प्राइवेट इक्विटी कंपनियों से फंडिंग सपोर्ट हासिल करके अपना कारोबार खड़ा कर रहे हैं।
- **नीलेश गर्ग** ने भी टाटा एआइजी को छोड़कर अमेरिका की प्राइवेट इक्विटी फर्म वेस्टब्रिज के साथ मिलकर कीवी जनरल इंश्योरेंस की स्थापना की है। इसमें वेस्टब्रिज की करीब 70% और नीलेश गर्ग की 30% हिस्सेदारी है। बीमा नियामक इरडा ने मार्च 2026 में कीवी को बीमा कारोबार के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र दिया है।
- एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस छोड़ने वाले **अनुज त्यागी** ने भी अपनी उद्यमिता से जुड़ी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पद छोड़ा है।
- उद्योग सूत्रों का कहना है कि राव बीमा क्षेत्र में एक नए वेंचर के विकल्प पर सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं, चाहे वह इक्विटी हिस्सेदारी के रूप में हो या संस्थापक साझेदार के तौर पर।

आसान हुआ कारोबार करना

बीमा नियामक इरडा ने हाल के वर्षों में बीमा कारोबार को लेकर कई सुधार किए हैं। इससे बीमा कारोबार करना आसान हो गया है और बीमा क्षेत्र निवेशकों के लिए ज्यादा अनुकूल बन गया है। इसके अलावा, सरकार भी बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआइ) को मंजूरी दे चुकी है। निजी क्षेत्र की एक बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इरडा ने नई कंपनियों के लिए खुलेपन का संकेत दिया है।

वेंकटसामी जगन्नाथन ने कायम की मिसाल

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) से सेवानिवृत्त होने के बाद बड़ा कारोबार स्थापित करने की मिसाल कायम कर चुके हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने चेन्नई के एक छोटे से दफ्तर से स्टार हेल्थ की शुरुआत की, जो आज 30 हजार करोड़ रुपये की कंपनी है।

भारत का साधारण बीमा सेक्टर एशिया में वित्तीय सेवा क्षेत्र में सबसे आकर्षक अवसरों में से एक बना हुआ है। इसका कारण यह है कि गैर-जीवन बीमा की पहुंच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले महज एक प्रतिशत है, जबकि वैश्विक औसत चार प्रतिशत से ज्यादा है।
-हरिहरन रामकृष्णन, मैनेजिंग पार्टनर, एपीआरी कंसल्टिंग

बिजनेस डेस्क, इनपुट : प्रेट्र

एमपीसी बैठक शुरू, अपरिवर्तित रहेगा रेपो रेट

- मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की जानकारी शुक्रवार को देंगे आरबीआइ के गवर्नर
- महंगाई के अनुमान को बढ़ाने के साथ वृद्धि अनुमान को कम कर सकता है केंद्रीय बैंक

मुंबई, प्रेट्र : आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार को शुरू हो गई। ऐसी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है, क्योंकि पश्चिम एशिया संघर्ष महंगाई के साथ-साथ आर्थिक वृद्धि के लिए भी चुनौतियां खड़ी कर रहा है। तीन दिनों के विचार-विमर्श के बाद छह सदस्यों वाली समिति पांच जून को अपने फैसले का एलान करेगी। आरबीआइ ने पिछले वित्त वर्ष यानी 2025-26 में नीतिगत दर में कुल मिलाकर 100 आधार अंकों की कटौती की थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों, आपूर्ति संबंधी दिक्कतों और कमजोर होते रुपये के चलते आरबीआइ अपने महंगाई के अनुमान को बढ़ा सकता है और अपने जीडीपी वृद्धि के अनुमान को कम कर सकता है। अप्रैल में हुई एमपीसी की बैठक के दौरान रेपो रेट में किसी तरह का परिवर्तन नहीं किया गया था और पश्चिम एशिया संघर्ष से ऊर्जा आपूर्ति और महंगाई व वृद्धि पर पड़ने वाले असर का आकलन करने के लिए देखा और इंतजार करों की नीति अपनाई गई थी। निजी क्षेत्र के यस बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के नरम पड़ने के बावजूद चुनौतियां कायम हैं और ऐसे में अर्थव्यवस्था पर इसका असर दिख सकता है। रिपोर्ट के अनुसार थोक महंगाई का खुदरा मुद्रास्फीति पर असर अभी शुरू हुआ है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। मैन्यूफैक्चरिंग और खेती के इनपुट की लागत तेजी से बढ़ी है और मैन्यूफैक्चरर्स ने इसका असर खुदरा क्षेत्र पर डालने की इच्छा दिखाई है। यस बैंक ने कहा, 'जून में रेपो रेट और रुख में बदलाव की संभावना बहुत कम है, क्योंकि आरबीआइ कीमतों में बढ़ोतरी के असर का आकलन करने के लिए समय चाहता है।' बता दें कि आरबीआइ अपनी मौद्रिक नीति बनाते समय खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

छह माह के उच्चस्तर पर सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर

नई दिल्ली, प्रेट्र : अच्छी मांग और नए आर्डर के चलते मई महीने में देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर छह महीने के उच्चस्तर स्तर पर पहुंच गई। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआइ) अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 हो गया। यह पिछले नवंबर के बाद से विस्तार की सबसे तेज दर का संकेत है।

एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मई में भारत द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की बाहरी मांग तेज गति से बढ़ी और अप्रैल में आई भारी गिरावट के बाद इसमें सुधार देखने को मिला। इनपुट लागत में महंगाई कम हुई, जिससे बिक्री की कीमतों पर पड़ने वाला दबाव भी कम हुआ।'' रिपोर्ट के अनुसार, मई के दौरान भाड़ा, डिजिटल साल्यूशंस, ई-कामर्स, मनोरंजन और सूचना-प्रौद्योगिकी जैसी सेवाओं की मांग बढ़ने से नए कारोबार की वृद्धि को बढ़ावा मिला। इससे कंपनियों ने गतिविधियों का दायरा बढ़ाया।

अब तक 3.5 करोड़ टन से ज्यादा गेहूं की खरीद

नई दिल्ली, प्रेट्र : खाद्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि 2026-27 के रबी विपणन सत्र में सरकार की गेहूं खरीद 17 प्रतिशत बढ़कर 3.5 करोड़ टन से ज्यादा हो गई है। यह 3.45 करोड़ टन के लक्ष्य और पिछले साल की तीन करोड़ टन की खरीद दोनों से ज्यादा है।

एक अधिकारी ने बताया कि गेहूं पैदावारा वाले मुख्य राज्यों में खरीद का काम पूरा हो चुका है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) और राज्यों की एजेंसियां राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और दूसरी कल्याणकारी योजनाओं की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदती हैं। गेहूं की ज्यादा खरीद इसलिए भी हुई, क्योंकि मंडियों में गेहूं के दाम एमएसपी से कम चल रहे थे। इसकी वजह यह थी कि देश में गेहूं का उत्पादन जबरदस्त उत्पादन (12.06) रहा है। कुछ जगहों पर नुकसान पहुंचने के बावजूद उत्पादन अच्छा रहा है।

राष्ट्रीय फलक

फिजिक्सवाला पर पांच लाख और मैकफी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाली आनलाइन तकनीकों (डार्क पैटर्न) का इस्तेमाल करने के मामले में शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला और साइबर सुरक्षा कंपनी मैकफी साफ्टवेयर इंडिया पर जुर्माना लगाया है। नियामक ने कहा कि फिजिक्सवाला पर पांच लाख रुपये और मैकफी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दोनों कंपनियों को अपनी वेबसाइट और एप से ऐसी व्यवस्थाएं हटाने का निर्देश भी दिया गया है।

डार्क पैटर्न उपयोगकर्ता इंटरफेस डिजाइन की ऐसी तरकीबें हैं जो उपभोक्ताओं को अनचाही खरीदारी करने, सदस्यता लेने या व्यक्तिगत डाटा देने के लिए प्रेरित या विवश करती हैं। सीसीपीए ने नवंबर 2023 में डार्क पैटर्न की रोकथाम और विनियमन के लिए दिशानिर्देश अधिसूचित किए, जिसमें ऐसी 13 प्रथाओं को अनुचित व्यापार के रूप में पहचाना गया।

हिमाचल में ब्याही अन्य राज्यों की महिलाओं को आरक्षण का लाभ नहीं

विधि संवाददाता ● जागरण

- विवाह के आधार पर आरक्षण का अधिकार नहीं मिल सकता: हाई कोर्ट
- ओबीसी व एससी वर्ग की महिलाएं नहीं ले सकेंगी आरक्षण का लाभ

शिमला : हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट की खंडपीठ ने स्पष्ट किया है कि दूसरे राज्यों से विवाह कर हिमाचल आने वाली ओबीसी और अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की महिलाएं आरक्षण का लाभ नहीं ले सकेंगी। अदालत ने कहा कि भले ही संबंधित महिला गृह राज्य में आरक्षित वर्ग से हो और हिमाचल में भी उसकी जाति आरक्षित श्रेणी में शामिल हो, फिर भी केवल विवाह के आधार पर उसे हिमाचल में आरक्षण का अधिकार नहीं मिल सकता।

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए यह निर्णय सुनाया। अदालत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि विवाह के बाद किसी अन्य राज्य में जाने वाले व्यक्ति को उस राज्य में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता। खंडपीठ ने जसवंत कौर सहित चार महिलाओं की अपीलों को खारिज करते हुए राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराया। इससे पहले हाई कोर्ट की एकलपीठ भी नवंबर 2024 से मई 2026 के बीच इन याचिकाओं को खारिज कर चुकी है।

अपीलकर्ताओं में दो महिलाएं पंजाब की सैनी जाति से थीं, जो ओबीसी वर्ग में आती हैं, जबकि तीसरी महिला हरियाणा के वाल्मीकि समुदाय से थी, जिसे अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त है। इन सभी महिलाओं ने हिमाचल में अपनी ही जातियों के पुरुषों से विवाह किया था।

इन्हें हिमाचली बोनाफाइड प्रमाणपत्र भी जारी किए जा चुके थे। इसी आधार पर इन्होंने नौकरियों व अन्य क्षेत्रों में आरक्षण का लाभ मांगा था।

आतंक से जुड़े मामलों को लेकर कश्मीर के छह जिलों में सीआइके के छापे

राज्य ब्यूरो, जागरण ● श्रीनगर: आतंकियों के स्लीपर सेल नेटवर्क, भर्ती नेटवर्क और आतंकी फंडिंग से संबंधित मामले में पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस कश्मीर (सीआइके) विंग ने कश्मीर के छह जिलों में एक साथ आठ जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन व सिमकार्ड, आपत्तिजनक साहित्य के साथ वित्तीय लेन-देन से संबंधित दस्तावेज जांच के लिए जब्त किए हैं। हालांकि, सीआइके ने उन संदिग्ध तत्वों के नाम नहीं बताए हैं जिनके ठिकानों की तलाशी ली है।

सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर के वानी मोहल्ला, खनमोह के जाहिद अहमद बट (27) के घर की तलाशी ली गई। वह सीमेंट कंपनी में काम करता है। नौगाम में नूरुद्दीन वानी के घर को खंगाला। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी की यह कार्रवाई सीआइके श्रीनगर अदालत की अनुमति से की है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम वाग्देवी भोजपाल करने का प्रस्ताव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल

- कार्यपरिषद ने पारित किया प्रस्ताव, अब सरकार को लेना है फैसला

कार्यपरिषद की बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय का नाम बदलने की अनुशंसा का प्रस्ताव पारित कर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया है। नाम बदलने का निर्णय सरकार लेगी। - **समर बहादुर सिंह, कुलसचिव, बीयू**

राजधानी के प्रतिष्ठित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के कार्यपरिषद ने इसका नाम बदलकर वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय करने का प्रस्ताव पारित किया है। प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा। प्रस्ताव में तर्क है कि शिक्षा संस्थान का नाम क्षेत्र के इतिहास, संस्कृति और गरिमा को दर्शाने वाला होना चाहिए। मौलाना बरकतउल्ला गदर पार्टी के सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी और विद्वान थे, परंतु उनका अधिकांश जीवन विदेश में बीता।

राजा भोज की तुलना में बरकतउल्ला भोपाली का भोपाल के विकास और सांस्कृतिक उत्थान में कोई विशेष सीधा योगदान नजर नहीं आता। वहीं, प्रतापी राजा भोज ने धार में भोजशाला (सरस्वती मंदिर) की स्थापना की थी, जो उस दौर का विश्वविद्यालय था। राजा भोज ने स्थापत्य, नगर नियोजन और यांत्रिक कला पर समरांगण सूत्रधार सहित 80 ग्रंथों की रचना की। भोपाल का बड़ा तालाब और भोजपुर मंदिर उनकी दूरदर्शिता के प्रमाण हैं।

पहली निर्वासित सरकार के प्रधानमंत्री थे मौलाना बरकतुल्ला : सात जुलाई 1854 को भोपाल के इतवारा में जन्मे मौलाना बरकतुल्ला स्वतंत्रता आंदोलन की क्रांतिकारी धारा के सेनानी थे। कई भाषाओं के विद्वान मौलाना ब्रिटिश शासन के कट्टर विरोधी थे और जापान, अमेरिका, जर्मनी तथा अफगानिस्तान में रहकर भारत की आजादी के लिए समर्थन जुटाते रहे।

राजस्थान में नौकरी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, कराया मतांतरण

जासं, उदयपुर : राजस्थान के भीलवाड़ा में 35 वर्षीय महिला ने एक मुस्लिम युवक और उसके स्वजन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि युवक ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर पहले उसके साथ दुष्कर्म किया, फिर अश्लील फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर जबरन मतांतरण और निकाह कराया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि इस दौरान उससे करीब एक करोड़ रुपए की नकदी, आभूषण भी ले लिए गए।

पीड़िता के अनुसार, आरोपित उसकी बहन के माध्यम से संपर्क में आया था। उसने नौकरी दिलाने के बहाने एक रिसार्ट में बुलाकर दुष्कर्म किया और बाद में फोटो-वीडियो बहुप्रसारित करने तथा परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर लगातार दबाव बनाता रहा। आरोपित उसे दिल्ली ले गया, जहां एक धार्मिक स्थल पर मतांतरण कराने के बाद निकाह किया।

दारुल उलूम ने फिर दी हिदायत, स्मार्ट फोन मिला तो निष्कासन

जासं, सहारनपुर : बकरीद की छुट्टियों के बाद लौटे छात्रों को दारुल उलूम प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी छात्र के पास स्मार्ट फोन पाया गया तो तुरंत निष्कासित कर दिया जाएगा।

इस बारे में दारुल उलूम के छात्रावास प्रभारी मुफ्ती अशरफ अब्बास ने बताया कि छात्रों को बकरीद की छुट्टियों में घर जाने से पूर्व कहा गया था कि छात्र संस्था की हिदायत को याद रखें और घर से स्मार्ट फोन न लाएं। यदि किसी छात्र को मोबाइल की आवश्यकता है तो वह की-पैड वाला मोबाइल इस्तेमाल करें और उसको ही अपने पास रखे।

अशरफ अब्बास ने बताया कि किसी छात्र के पास स्मार्ट फोन मिला तो उसका प्रवेश निरस्त कर संस्था से उसका नाम काट दिया जाएगा। इस बारे में किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। छात्रों को संस्था के नियमों का पालन करना होगा।

मोटी रोटी बनाने पर कर दी थी पत्नी व दो बेटियों की हत्या, कोर्ट ने सुनाया मृत्यु दंड

जागरण संवाददाता, महोबा

- न्यायालय ने कहा- मृत्यु होने तक दोषी को फांसी पर लटकाए रखा जाए
- नशे में छोटी-छोटी बातों में आए दिन विवाद, पत्नी पर शक भी करता था

सजा का ऐलान हो जाने के बाद दोषी देवेंद्र को ले जाते पुलिस कर्मी। जागरण >>

मोटी रोटी बनाने और सब्जी में नमक कम होने जैसी मामूली बात पर पत्नी और फिर दो बेटियों की हत्या करने वाले को अदालत ने मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। उस पर 50 हजार अर्थदंड भी लगाया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी अपर्णा त्रिपाठी-द्वितीय ने फैसले में कहा कि दोषी को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाए, जब तक उसकी मृत्यु न हो जाए। फैसला घटना के तीन वर्ष के अंदर आ गया है।

हमीरपुर निवासी हरिप्रसाद पांचाल ने अपनी बेटी रामकुमारी की शादी 2011 में कपड़ों की फेरी लगाने वाले देवेंद्र विश्वकर्मा के साथ की थी। देवेंद्र पत्नी और दो बेटियों के साथ मुहल्ला समदनगर में रहता था। उसने 17 जुलाई 2023 की रात करीब आठ बजे पत्नी और सो रही बेटियों नौ वर्षीय आयुषी व छह वर्षीय सोनाक्षी का सिर सिलबट्टे से कूच दिया था। देवेंद्र के पिता ठाकुरदीन ने बताया था कि दंपती के बीच खाने को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने 19 जुलाई को देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। 24 अगस्त 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किए। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि देवेंद्र पत्नी पर शक भी करता था, इसका मामला परिवार न्यायालय में भी चल रहा था। वह नशे का लती था और आए दिन पत्नी से विवाद करता था। घटना वाले दिन भी शराब पी रखी थी। जांच में सिलबट्टे में उसकी अंगुलियों के निशान मिले थे और कपड़ों में भी वही खून पाया गया जो मौके पर मिला था। कुल नौ लोगों की गवाही कराई गई। मानवीय संवेदनाओं और जघन्यता को देखते हुए न्यायालय ने मृत्यु दंड का फैसला सुनाया है।

मेवाड़ विश्वविद्यालय में नए प्रवेश पर रोक

जागरण संवाददाता, उदयपुर : राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित मेवाड़ विश्वविद्यालय में नए प्रवेशों पर रोक लगने के बाद हजारों विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच चिंता बढ़ गई है। 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों वाले इस निजी विश्वविद्यालय पर पहले से ही कुछ पाठ्यक्रमों की मान्यता, फर्जी डिग्री प्रकरण और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर सवाल उठते रहे हैं। अब राजस्थान सरकार ने जांच पूरी होने तक सभी नए प्रवेशों पर रोक लगा दिया है।

विश्वविद्यालय के खिलाफ लंबे समय से फर्जी डिग्री जारी करने और अन्य अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद उदयपुर संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित विशेष जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी। रिपोर्ट में सामने आई कथित अनियमितताओं के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग ने मेवाड़ विश्वविद्यालय अधिनियम-2009 की धारा 44(1) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया।

आदिवासी किशोरी का सौदा कर दो साल तक दरिंदगी, एनएचआरसी ने लिया संज्ञान

जागरण संवाददाता, भुवनेश्वर

- नौकरी का झांसा देकर ओडिशा से उत्तर प्रदेश ले जाई गई थी पीड़िता
- झांसी पुलिस ने केवल पीड़िता का बयान दर्ज कर थमाया ट्रेन का टिकट

ओडिशा के ढेंकनाल जिले से नौकरी का झांसा देकर उत्तर प्रदेश के झांसी ले जाई गई 17 वर्षीय आदिवासी किशोरी को खरीदने और दो वर्षों तक यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए यूपी और ओडिशा के डीजीपी तथा ढेंकनाल के जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है। नोटिस में यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई है और पीड़िता को राहत व पुनर्वास उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन की ओर से क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

किशोरी को तीन अन्य लड़कियों के साथ नौकरी के बहाने यूपी के झांसी ले जाया गया था, जहां उसे तीन महीने तक एक घर में बंधक बनाकर रखा गया और दुष्कर्म किया गया। जब वह गर्भवती हो गई, तो बिना उसकी सहमति के जबरन गर्भपात करा दिया गया। इस बीच किशोरी का सौदा कर उसे 50 हजार रुपये में एक अन्य व्यक्ति के पास बेच दिया गया। वहां भी लगभग दो साल तक कई लोगों द्वारा उसका शोषण किया गया। एक स्थानीय वकील की मदद से किशोरी दरिंदों के चंगुल से भाग निकलने में कामयाब रही। आरोप है कि दरिंदों के चंगुल से छूटने के बाद वह झांसी में पुलिस के पास पहुंची, लेकिन उसने केवल बयान दर्ज कर मामले को रफा-दफा कर कर ओडिशा आने के लिए ट्रेन का टिकट थमा दिया। पीड़िता के घर लौटने पर पुलिस ने उसका बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

एक और अग्निकांड

दिल्ली में एक बार फिर आगजनी की घटना ने नगर-व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। आंशिक रूप से अवैध एक होटल में बुधवार सुबह लगी आग के चलते दोपहर ढलने तक 20 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए। बताया जा रहा है, इस होटल को केवल छह कमरे की इजाजत थी, लेकिन वहां 25 कमरे बन गए थे। आग के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चला है, लेकिन जांच में दूध का दूध और पानी का पानी होना जरूरी है। दिल्ली पुलिस ने होटल में लगी आग की त्रासदी के लिए गैर-इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यहां एक बार जरूर सोचना चाहिए कि जब नियम तोड़कर होटल चलाया जा रहा था, तब इस हादसे को इरादतन हत्या क्यों न माना जाए? जो लोग सुरक्षा मानकों से समझौता नहीं, बल्कि खिलवाड़ करते हैं, उन्हें अच्छे से पता होता है कि खतरा कितना बड़ा है। कम जगह में ज्यादा कमाई के लोभ में इंसानी जिंदगी से समझौता क्या गैर-इरादतन हत्या है? जरा सोचिए, उनके बारे में, जिनकी जान चली गई। पूछिए शोक संतप्त परिजनों से कि जांच और न्याय की दिशा क्या होनी चाहिए?

मालवीय नगर के इस होटल में परत-दर-परत कोताहियां खुल रही हैं? अब इतने लोगों की जान जाने के बाद यह केवल कोताही नहीं, जघन्य अपराध है। क्या होटल में केवल एक ही प्रवेश-निकास द्वार था? ऐसे सवाल बहुत गंभीर हो गए हैं। पांच मंजिला इमारत में विदेशी भी मारे गए हैं। इस घटना ने पूरी राजधानी को झकझोर दिया है और यहां भवन सुरक्षा पर फिर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा के बुनियादी मानकों की अनदेखी अक्सर भारी पड़ती है, लेकिन वास्तव में पूरी कड़ाई से कार्रवाई और सुधार न करने की वजह से आगजनी की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। गर्मी के दिनों में वैसे भी आगजनी होती है और दमकल को कुछ मशक्कत के बाद आग पर काबू करने में कामयाबी भी मिल जाती है, लेकिन इस आगजनी में पीड़ित जन भाग नहीं पाए। अगर होटल से निकलना आसान रहता, तो इतनी मौतें न होतीं। अनेक होटलों में यह देखा जाता है कि मुनाफे के लिए सुरक्षा मानकों से तमाम मुमकिन समझौते किए जाते हैं। किसी भी भवन में एक से अधिक निकलने के मार्ग होने ही चाहिए। खासकर होटलों या विश्रामगृहों में तो दो से अधिक निकासी मार्ग जरूरी हैं। दिल्ली के इस होटल में अगर बाहर निकलने के एकाधिक मार्ग होते, तो मेहमानों की जान यूं न जाती।

आग, जलभराव और भगदड़ से बचने के लिए युद्ध स्तर पर इंतजाम होने चाहिए। सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ रोककर दिल्ली को मिसाल बनना चाहिए।

यह अक्सर देखा जाता है कि होटलों को ऐसे किले में तब्दील कर दिया जाता है कि किसी हादसे की स्थिति में बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। तपते जून में ही साल 1997 में उपहार सिनेमा अग्निकांड को दिल्ली और देश ने अभी भुलाया नहीं है। बेशर्म लापरवाहियों के चलते तब 59 लोगों की जान गई थी और 103 लोगों की जिंदगी मुश्किल से बची थी। उपहार हादसे के समय भी सिनेमा देख रहे लोग जान बचाने के लिए भाग नहीं पाए थे। बिजली कटने से अंधेरा हो गया था और भागने के रास्तों पर भी लगा दी गई कुर्सियां मौत का जाल बन गई थीं। क्या हमने उपहार अग्निकांड से कुछ सीखा है? क्या तब सरकार व गैर-सरकारी दोषियों को पर्याप्त सजा हुई थी? कोई दोराय नहीं कि आग, जलभराव और भगदड़ से बचने के लिए दिल्ली में युद्ध स्तर पर इंतजाम होने चाहिए। सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ थमना चाहिए। दिल्ली को एक मिसाल बनकर देश के सामने आना चाहिए। हर शहर को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए कि वह कितना सुरक्षित है?

ट्रंप के लिए कड़वा घूंट बनता ईरान युद्ध

विवेक काटजू | पूर्व राजनयिक

अगर होर्मुज जलमार्ग जल्दी नहीं खुला और ऊर्जा की स्थिति यूं ही बिगड़ती रही, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा हो सकता है।

ईरान युद्ध तीन माह से अधिक समय से चल रहा है। हालांकि, 8 अप्रैल से संघर्ष-विराम लागू है, लेकिन इससे उन वैश्विक मुश्किलों का अंत नहीं हो सका है, जो इस जंग के कारण पैदा हुई हैं। इसकी वजह, जो अब सभी जानते हैं, होर्मुज जलमार्ग का बंद होना है, जिससे वैश्विक ऊर्जा व्यापार प्रभावित हुआ है और विश्व अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।

युद्ध-विराम के बाद अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत भी जारी है। कई बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए कि दोनों देशों के बीच समझौता होने ही वाला है, लेकिन अभी तक इसमें सफलता नहीं मिल सकी है। नतीजतन, जहां ईरान ने होर्मुज जलमार्ग बंद कर रखा है, वहीं अमेरिका की ओमान की खाड़ी में नाकेबंदी जारी है, जिस कारण ईरान भी अब ऊर्जा का निर्यात नहीं कर पा रहा है। 2 जून को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने देश की संसदीय कमेटी के सामने ईरान के साथ चल रही बातचीत को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि ईरान अब अपने परमाणु कार्यक्रम के उन पहलुओं पर भी चर्चा करने को तैयार हो गया है, जिस पर पहले वह कतई राजी नहीं था। इनमें यूरेनियम के संवर्द्धन और उसके भंडार को लेकर होने वाली बातचीत भी शामिल है। हालांकि, रूबियो ने अमेरिकी सांसदों को कोई आश्वासन नहीं दिया कि ईरान से समझौता कब तक हो सकेगा।

उधर, पाकिस्तान व कुछ इस्लामी देशों के जरिये अमेरिका और ईरान में अप्रत्यक्ष बातचीत जारी है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, दोनों देश इस प्रयास में हैं कि उनके बीच 'एमओयू', यानी सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर हो जाए, ताकि होर्मुज जलमार्ग खुल सके। हालांकि, अमेरिका ही नहीं, ईरान में भी ऐसे तत्वों की कमी नहीं, जो इस बातचीत में सख्त रवैया अपनाने की वकालत कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति भी यही चाहते हैं कि ऐसा समझौता अस्तित्व में आए, जिसके माध्यम से वह अपने नागरिकों को बता सकें कि उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से कहीं बेहतर समझौता किया है। किंतु, इसके लिए उन्हें खासतौर से यह दिखाना होगा कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार बनाने की क्षमता विकसित नहीं हो सकेगी। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने ईरान को उतनी आर्थिक रियायतें नहीं दीं, जितनी ओबामा ने अपने समझौते में दे रखी थी।

इसी तरह, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कट्टर सदस्य यह चाहते हैं कि ईरान को 'एनपीटी', यानी परमाणु अप्रसार संधि के तहत परमाणु ऊर्जा का जो अधिकार हासिल है, वह उसे छोड़े नहीं और अमेरिकी-इजरायली हमलों के दौरान तेहरान ने जो कुछ सहा है, उसकी आर्थिक भरपायी हो। इसीलिए वे होर्मुज जलमार्ग पर नियंत्रण ही नहीं, बल्कि यहां से गुजरने वाले जहाजों पर टोल लगाना भी चाहते हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के जानकार जानते हैं कि ऐसी कोई व्यवस्था विश्व बिरादरी स्वीकार नहीं करेगी।

इन सबका यही अर्थ है कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक पेच फंस गया है। इतिहास बताता है कि जब देश लड़ाइयों में उलझते हैं, तो उन पर समय और परिस्थितियों का दबाव होता है। ईरान पर अपने ऊर्जा निर्यात को फिर से शुरू करने का दबाव है, क्योंकि यही उसकी कमाई का बड़ा जरिया है। उसे अपने पुनर्निर्माण के लिए भी पैसों की जरूरत है। निस्संदेह, अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण ईरानी जनता में सहन-शक्ति बहुत अधिक है, लेकिन अब उनका जीवन दुश्वार हो रहा है।

उधर, राष्ट्रपति ट्रंप यह जानते हैं कि पांच महीनों में अमेरिकी संसद के चुनाव होंगे और अमेरिका में ऊर्जा की कीमतें लड़ाई से पहले की तुलना में अनुमानतः 46 फीसदी तक बढ़ चुकी है। अगर दामों में इसी तरह से बढ़ोतरी होती रही, तो रिपब्लिकन पार्टी को मध्यावधि चुनावों में बेहद मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। वह समझते हैं कि अगर होर्मुज नहीं खुला और ऊर्जा की स्थिति यूं ही बिगड़ती रही, तो उनके सामने राजनीतिक संकट खड़ा हो सकता है। लिहाजा, एमओयू पर हस्ताक्षर करने का उन पर भी भारी दबाव है।

वैसे, इस युद्ध का एक महत्वपूर्ण और उलझा हुआ पहलू है, इजरायल का रुख। अब यह साफ हो गया है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ही ट्रंप को यह सुझाव दिया था कि अगर ईरान पर आक्रमण किया जाता है और उसके शीर्ष नेतृत्व को खत्म कर दिया जाता है, तो वहां की 'विलायते-फकीह' (ईरान की सर्वोच्च शासन प्रणाली) को नष्ट किया जा सकता है। किंतु ऐसा नहीं हो सका है। अब इजरायल हिज्बुल्लाह पर, जो कि ईरान समर्थित छद्म गुट है, लेबनान में हमले कर रहा है, जबकि दोनों के बीच संघर्ष-विराम भी है। ट्रंप इजरायली प्रधानमंत्री के इस रवैये से खुश नहीं हैं और वह अपनी नाराजगी सबके सामने जाहिर कर भी चुके हैं। वह नहीं चाहते कि लेबनान तनाव का असर ईरान के साथ चल रही उनकी अप्रत्यक्ष बातचीत पर पड़े।

इसके साथ-साथ एक और तस्वीर उभर रही है। ट्रंप कभी-कभी यह भी कहते हैं कि अगर बातचीत सफल नहीं रही, तो वह ईरान को खत्म कर देंगे। बेशक, ट्रंप के बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती, लेकिन इस बात की आशंका बेहद कम है कि वह फिर से ईरान के साथ युद्ध के मैदान में उतरना चाहेंगे। इसके कम-से-कम दो कारण हैं। पहला कारण, ईरान के पास इतनी युद्ध-सामग्री है कि वह खाड़ी के देशों में आफत मचा सकता है और वहां के ऊर्जा संयंत्रों को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इससे विश्व के ऊर्जा बाजार में जबर्दस्त उथल-पुथल मच सकती है, जिसका नुकसान अमेरिका को भी खूब होगा।

दूसरी वजह, यदि ईरान नष्ट हुआ और लोगों के लिए सामान्य जीवन गुजारना कठिन हो गया, तो उनका पलायन शुरू हो जाएगा, और यह पलायन निश्चय ही पश्चिम देशों की ओर ही होगा। इससे विश्व की राजनीतिक व आर्थिक स्थिति पर ऐसा असर पड़ेगा, जिसके बारे में अभी सोचा भी नहीं जा सकता।

जाहिर है, इस युद्ध में ट्रंप को ही विष का प्याला पीना पड़ेगा। उनको मानना होगा कि जिन लक्ष्यों को साथ उन्होंने युद्ध शुरू किया था, वह पूरा नहीं हो रहा। इसके लिए आखिर कब तक वह इंतजार करेंगे, क्योंकि ईरान युद्ध का अमेरिका के साथ-साथ पूरी दुनिया पर बुरा असर पड़ रहा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

डिजिटल दुनिया में भारत कितना आत्मनिर्भर

नितिन पई | निदेशक, तक्षशिला इंस्टीट्यूशन

विभिन्न संगठनों व देशों द्वारा बनाए जाने वाले सूचकांकों में किसे, कहां और कैसा स्थान मिलेगा, यह बहुत कुछ राजनीतिक गुणा-गणित पर आधारित होता है। इसलिए, जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सूचकांक में 71वें स्थान पर रखता है और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी इसे शीर्ष के पांच देशों में शामिल करता है, तो इसे सिर्फ मानक या तकनीक की वजह से आया अंतर नहीं कहा जा सकता। बात कुछ और है। भारत ने दशकों तक ऐसे मानकों से अपना मूल्यांकन करवाया, जिन्हें कहीं और डिजाइन किया गया। उसमें ऐसे सवाल पूछे जाते थे, जिनके जवाब डिजाइन करने वालों के मुफीद बैठते थे।

'इंडियन कौंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस' की सालाना 'स्टेट ऑफ इंडियाज डिजिटल इकोनॉमी (साइड)' रिपोर्ट में इस कमी को दूर करने की कोशिश की गई है। 'साइड' का यह चौथा संस्करण है और इसका दायरा 71 देशों तक बढ़ाया गया है। भारत ने इसके लिए अब अपना ढांचा बनाया है। यह स्वदेशी ढांचा तीन कारणों से अहम है। पहला है निवेश, दूसरा राष्ट्रीय ब्रांडिंग और तीसरा कारण रणनीतिक है, जिस पर खास ध्यान देना चाहिए। सूचना युग में तकनीक भू-राजनीतिक सत्ता का जरूरी तत्व है। राजनीतिक जगत में तकनीक जिस तरह से काम करती है, इसकी सटीक समझ विदेश, रक्षा व आर्थिक रणनीतिकारों के लिए बहुत जरूरी है। 'साइड' की रिपोर्ट में उसकी पिछले 30 सालों में हासिल उपलब्धियों का बखान है। यह भारत को दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा डिजिटल देश बताता है। एआई क्षेत्र में इसे चौथे स्थान पर रखता है।

भारत का डिजिटल कारोबार केवल सतही सेवाओं पर आधारित है। हमारी डिजिटल दुनिया पूरी तरह से बाहरी मॉडलों पर निर्भर है।

अमेरिका के बाद भारत में एआई प्रतिभाओं व डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) का दूसरा सबसे बड़ा समूह मौजूद है। हमने डिजिटल माध्यम से 328 अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात किया है, पर ये उपलब्धियां वैश्वीकरण के सुनहरे दौर में हासिल हुई थीं। अब हम ऐसे दौर में हैं, जहां ताकतवर देश पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर वर्चस्व चाहते हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत का डिजिटल कारोबार केवल सतही सेवाओं तक है, यानी यह सिर्फ इसके एप्लिकेशन व सेवाएं उपलब्ध कराता है, जबकि हमारी डिजिटल दुनिया कहीं और बने चिप्स, कंप्यूटर पावर, क्लाउड व मॉडलों पर निर्भर है।

इसे विस्तार से समझने के लिए एक ऐसे समुदाय की कल्पना कीजिए, जो खेती में पारंगत है और मुक्त व्यापार वाली दुनिया का हिस्सा है। वह शानदार फसलें उगाता है, पर कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर, पंपिंग सेट, बीज और सूखा-रोधी सिंचाई तंत्र विदेश से आयात करता है। जब तक दुनिया में मुक्त व्यापार चलता है, तब तक तो सब ठीक रहता है, पर जिस दिन ट्रैक्टर उत्पादक देश इसे देने से मना कर दे या बुवाई के ठीक समय पर उपकरण व बीज आदि की कीमतें बढ़ा दे, उस दिन उस समुदाय को पता चलता है कि उसकी समृद्धि हमेशा किसी और की सद्भावना पर टिकी थी। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था इसी तरह की है। देश के युवा टेक्नोलॉजी और वेंचर कैपिटल पेशेवर प्रणव हरि के अनुसार, हमारे प्रमुख आईटी सेवा उद्योग अब पेशेवरों को प्रतिघंटा भुगतान से हटकर एआई टोकन पर आधारित हो रहे हैं। तीन दशकों से अधिक समय से मानव श्रम पर आधारित मॉडल कुशल और सस्ता था। अब वेतन के बजाय टोकन से भुगतान होने पर 250 अरब डॉलर के निर्यात उद्योग में हो रहा लाभ खतरे में पड़ जाएगा।

सवाल है, भारत क्या करे? इसका उत्तर है कि एक साथ तीन व्यापक कदम उठाए जा सकते हैं। पहला, हमें जल्द से जल्द उन्नत चिप्स, कंप्यूटिंग क्षमता और मूलभूत मॉडल जैसे उपकरणों का संग्रह करना चाहिए, जिनका हम उत्पादन नहीं कर सकते। चुनौतियों के बावजूद अमेरिका-यूरोप के साथ संबंध बेहतर करें। दूसरा, मध्यम अवधि की नीति के तहत घरेलू सेमी-कंडक्टर, कंप्यूटिंग क्षमता और अच्छी तरह से वित्त-पोषित अनुसंधान आधार को बेहतर बनाएं। तीसरा और सबसे बड़ी चुनौती, अपने बाजार की व्यापकता का रणनीतिक रूप से उपयोग करें। हमें वैश्विक मानकों और नियमों को आकार देने और अपने डीपीआई मॉडल का निर्यात करने के तरीके भी खोजने होंगे। हमें उन जटिल उपकरणों के उपयोग सीखने होंगे, जिनका इस्तेमाल बड़े बाजार करते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

भक्ति और ज्ञान

भावनाओं के साथ एक जबरदस्त तीव्रता होती है। आम तौर पर ज्यादातर लोगों में भावना विचार से ज्यादा तीव्र होती है। इसीलिए भक्ति का गुणगान किया गया है और किसी दूसरे मार्ग की अपेक्षा उसकी चर्चा ज्यादा होती है, क्योंकि ज्यादातर लोगों में प्रबल पक्ष होता है भावना का। उनके विचार या काम से भी ज्यादा मजबूत। मगर भावना की भी अपनी सीमा होती है। बिना ज्ञान, बिना सही तरह की समझ के, बिना अपनी अक्ल को खोले, बस भावना के मार्ग पर चलते जाने से मतिभ्रम जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। यह बहुत सुंदर, सुखद, परमानंद जैसी लग सकती है, पर इसमें एक निष्क्रियता आ सकती है।

दूसरी तरफ, बिना भक्ति के स्पर्श के आपका ज्ञान अक्सर बाल की खाल निकालना बन जाता है। कई लोग मानते हैं कि भक्ति में तर्क के लिए कोई जगह नहीं होती। तर्क असल में एक काटने का साधन है। अगर आप किसी चीज पर गौर करना चाहते हैं, तो आप अपने तर्क से इसे काट सकते हैं। अगर आपका तर्क कुल्हाड़ी की तरह है, और अगर आप कुछ काटते हैं, तो वह दो टुकड़े होकर गिर जाएगा। अगर आपके तर्क का चाकू बहुत पैनी धार का है, तो आप उसे पूरा काट सकते हैं, और फिर भी वह एक साथ बना रह सकता है।

तलवारबाजी की कहानियां हमेशा यह बताती हैं कि कैसे एक कुशल तलवारबाज जब अपनी तलवार से किसी पेड़ को काटे, तो उस पेड़ को काटे जाने का पता भी नहीं चलना चाहिए; उसे फिर भी सीधा खड़ा रहना चाहिए। अगर आपका तर्क इतना पैना हो जाता है, तब आप देखेंगे कि आपके दिमाग के तार्किक दायरे में भक्ति बिल्कुल फिट बैठती है। सच्चा ज्ञान और सच्ची भक्ति बिल्कुल भी अलग नहीं हैं।

एक भक्त उन चीजों को जानता है, जो आप सोच भी नहीं सकते। वह ऐसी चीजों को पकड़ सकता है, जिन्हें समझने के लिए आपको संघर्ष करना पड़ता है, क्योंकि उसके भीतर खुद के बारे में कुछ भरा नहीं होता है। आप जब खुद से लबालब भरे होते हैं, तो किसी उच्च संभावना के होने की जगह नहीं बचती।

आप कुछ ऐसी चीजें कर सकते हैं, जिनसे आप भक्ति तक पहुंच जाएं, लेकिन आप इसका अभ्यास नहीं कर सकते। एक आसान चीज आप यह कर सकते हैं कि इस सृष्टि में हर चीज को खुद से ऊंचा मान लें। सितारे तो ऊपर हैं ही, लेकिन सड़क पर पड़े छोटे से छोटे कंकड़ को भी खुद से ऊंचा मानने की कोशिश करें। (वैसे भी वह आपसे ज्यादा स्थायी, ज्यादा स्थिर है। यह हमेशा के लिए एक जगह पर बैठा रह सकता है!)

इस सृष्टि में हर चीज को खुद से ऊंचा मान लें। अगर आप अपने आस-पास की हर चीज को खुद से ऊंचा देखना सीख जाते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से भक्त बन जाएंगे।

अगर आप अपने आस-पास की हर चीज को खुद से ऊंचा देखना सीख जाते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से भक्त बन जाएंगे।

सद्गुरु जग्गी वासुदेव

गैरी कॉस्पारोव | पूर्व विश्व चैंपियन, शतरंज

दांते का कहना बिल्कुल सही है कि तटस्थ लोगों को स्वर्ग कभी स्वीकार नहीं करेगा और नरक की खाई में भी उन्हें पनाह नहीं मिलेगी। कहीं ऐसा न हो कि नरक के दुष्ट जीव उनसे बेहतर साबित हो जाएं।

हिन्दुस्तान | 75 साल पहले | 04 जून, 1951

काश्मीर को कोरिया न समझें

काश्मीर की समस्या सीधी-सादी होते हुए भी उलझ क्यों गई? इस प्रश्न का खरा जवाब काश्मीर के लोकनेता शेख मुहम्मद अब्दुल्ला के उस कथन में है, जो काश्मीर राष्ट्रीय परिषद के वार्षिकोत्सव के सिलसिले में पहली जून को झण्डा फहराते हुए श्रीनगर में उन्होंने किया। 'हमारी समस्या के निष्पक्ष समाधान के नाम पर', शेख अब्दुल्ला कहते हैं, 'निहित स्वार्थ वाली विदेशी शक्तियां हमारी आजादी, बल्कि कहना चाहिए कि, हमारे अस्तित्व के ही साथ खिलवाड़ कर रही हैं और वे हमारे ऊपर ऐसा फैसला लादने की कोशिश में हैं, जो वस्तुतः काश्मीर को दूसरा कोरिया बना देगा।' शेख अब्दुल्ला की यह बात सुनने में आश्चर्यजनक भले ही लगे, किन्तु सुरक्षा परिषद में काश्मीर का मामला जाने के बाद की घटनाएं इससे अन्यथा मानने की प्रेरणा नहीं करतीं। बात बहुत सीधी-सादी है। पाकिस्तानी प्रदेश से काश्मीर पर आक्रमण हुआ। कबीलेवालों ने वह किया हो यह हो सकता है, परन्तु यह निश्चित है कि पाकिस्तानी सीमा से कोई आक्रमण पाकिस्तान की प्रेरणा या सहमति के बगैर नहीं हो सकता था। बाद में पाकिस्तानी विदेश मंत्री को यह बात स्वीकार भी करनी पड़ी कि पाकिस्तान उसमें तटस्थ नहीं रहा, बल्कि पाकिस्तानी फौज या सैनिकों ने भी उसमें अपना योगदान किया। काश्मीर चूंकि भारतीय संघ का अंग बन चुका था, अतः भारत ने सुरक्षा परिषद से इसकी शिकायत करते हुए चाहा कि पाकिस्तान इस अवैध कार्य से रोककर युद्ध को बचाए।

सुरक्षा परिषद के लिए ऐसी हालत में, कर्तव्य स्पष्ट था। किन्तु तीन साल हो गए] आज तक न तो पाकिस्तान को आक्रमणकारी घोषित किया गया, न उससे आक्रमण द्वारा प्राप्त काश्मीर के प्रदेश से हटने के लिए कहा गया। इसके विरुद्ध, भारत ने काश्मीर के प्रति सद्भावना प्रकट करते हुए उसकी संघ-प्रवेश की प्रार्थना पर अपनी ओर से जो यह कहा था कि संकट के बाद काश्मीर में लोकमत लेकर पुनः उसके भारत में शामिल होने न होने का निर्णय किया जाये और वह निर्णय यदि भारत के अनुकूल न होगा तो भी उसे मान्य होगा। उसे पाकिस्तान को खुश करने में अपना स्वार्थ देखने वालों ने मुख्य बात मान लिया तथा सुरक्षा परिषद का जोर शिकायत के असली मुद्दे पर नहीं, बल्कि इसी बात पर हो रहा है कि लोकमत द्वारा काश्मीर के भविष्य का निर्णय किया जाये।

अनुलोम-विलोम

राष्ट्रीय पशु

गाय को घोषित किया जाए राष्ट्रीय पशु

कई प्रमुख मुस्लिम संगठनों और धर्मगुरुओं ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है। मुस्लिम नेताओं द्वारा इस मांग की प्रमुख वजह यह है कि इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान होगा और कथित गोकशी को लेकर होने वाले विवादों को रोका जा सकेगा। इस पर सरकार को सोचना चाहिए। गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने में आखिर दिक्कत क्या है? इसके लिए आवश्यक कानून बनाने में विलंब नहीं होना चाहिए। यूं भी गाय को लेकर आए दिन देश के किसी न किसी कोने में तनाव फैलाने की कोशिश होती रहती है। हिंसा भी की जाती है, जिससे माहौल विषाक्त और तनावपूर्ण बना रहता है। अगर गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने से गोकशी पर रोक लगती है और विवादों का अंत होता है, तो इससे अच्छी नेक बात आखिर क्या हो सकती है। इससे बहुसंख्यकों की आस्था व धर्म का सम्मान होगा। हालांकि, इन सबसे गाय के नाम पर सियासत करने वाले बचाव की मुद्रा में आ गए हैं, क्योंकि अगर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर दिया जाए, तो उनकी राजनीति खत्म हो जाएगी। यही कारण है कि अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तौर-तरीकों की बात कहकर मुद्दा को टालने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में, मुस्लिम नेताओं के साथ-साथ हिंदू धर्म के गौ-प्रेमियों को आगे आना होगा और सरकार को इसे राष्ट्रीय पशु घोषित करने हेतु विवश करना होगा।

हेमा हरि उपाध्याय, टिप्पणीकार

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का मुद्दा इन दिनों गर्म है। हो भी क्यों न, आखिर यह हमारे लिए पूजनीय है। इससे एक काम और होगा कि बीफ कारोबार में शुद्धता आएगी, क्योंकि इसमें कहने के लिए गो-वंश के मवेशियों, यानी भैंस, बैल आदि के मांस का कारोबार होता है, लेकिन कथित तौर पर गोकशी भी कर दी जाती है। इसी कारण गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग हो रही है, ताकि ऐसे अवैध काम रुक सकें और गोकशी करने वाले को सख्त से सख्त सजा मिल सके। यह सही है कि पहले से ही अपने देश में बाघ को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जा चुका है, लेकिन जब मामला संवेदनशील है, तो उसमें सोच-विचार कर ही कदम आगे बढ़ाना चाहिए। अगर गाय को भी राष्ट्रीय पशु घोषित कर दिया जाए, तो इसमें ऐतराज नहीं होना चाहिए। अमेरिका जैसे कई देशों में एक से अधिक राष्ट्रीय पशु घोषित किए जा चुके हैं, ताकि वे अपनी जैव विविधता को बचा सकें। हमें भी अपनी विविधता को बचाने के लिए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर देना चाहिए।

अमृतेश कुमार, टिप्पणीकार

जिसे माता कहते हों, उसे पशु कैसे कहें

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करने वाले अज्ञानी हैं। उनको यह बात पता होनी चाहिए कि रॉयल बंगाल टाइगर (बाघ) पहले से ही राष्ट्रीय पशु घोषित है। फिर, बात यह भी है कि गाय हमारे लिए कोई पशु नहीं है। इसे पशु मानना ही मूर्खता है। चूंकि गाय को कई लोग पशु मान रहे हैं, इसीलिए उसके साथ अत्याचार हो रहा है। चोरी-छिपे गोकशी हो रही है। इसलिए जिस दिन हम गाय को 'माता' मानना शुरू कर देंगे, गोहत्या स्वतः बंद हो जाएगी।

सनातन संस्कृति में गाय देवी है। स्वयं प्रभु ने भी गाय को अपनी माता माना है, यानी जिन्होंने सृष्टि रची, उन्होंने भी गाय को मां का दर्जा दिया है। इन सब बातों का वेद-पुराणों अथवा शास्त्रों में भी उल्लेख मिलता है, तो यह आसानी से समझा जा सकता है कि गाय की पदवी हिंदू धर्म में कितनी ऊंची है। ऐसे में, सवाल यह है कि जिस गाय की सदियों से पूजा होती आई है, उस पर संकट बनकर कौन खड़ा हो रहा है? जगत पालनकर्ता गौमाता को 'राष्ट्रीय पशु' कहने और घोषित करने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है? क्या हमने कभी यह मांग की है कि भगवान को 'राष्ट्रीय भगवान' घोषित करोगे, तभी हम उनका सम्मान करेंगे, उन्हें पूजेंगे, अन्यथा नहीं करेंगे? क्या किसी ने यह मांग की है कि 'गॉड' या 'अल्लाह' को राष्ट्रीय महत्व की सूची में शामिल करेंगे, तभी हम उनका सम्मान करेंगे? क्या अपने माता-पिता के लिए भी हमारे मन में यही भाव आते हैं कि जब तक उनको घर का सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति घोषित नहीं किया जाएगा, तब तक हम उनको प्रमाणित नहीं करेंगे, या उन्हें सम्मान नहीं देंगे। तो, जब भगवान को हमने राष्ट्रीय घोषित नहीं किया है, और हम उनमें आस्था व विश्वास रखते हैं; अल्लाह के प्रति जब हमारी पूरी आस्था है और सम्मान है; माता-पिता के प्रति हमारा सम्मान है, तो फिर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के बाद ही उसे मान-सम्मान देने का भला क्या तुक है?

यह समझना चाहिए कि गाय हमारी जननी है, और कोई अपनी जननी को पशु नहीं कहता। गाय का दर्जा हमारे माता-पिता से कम नहीं है। इसलिए हमें गाय का सम्मान करना चाहिए और इस तरह के राजनीतिक अभियानों से बचना चाहिए। जिस दिन हम गाय को सही मायने में माता मानने लगेंगे, गोकशी अपने आप बंद हो जाएगी। इसके लिए किसी विशेष नियम-कानून की जरूरत नहीं होगी। गाय को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा मत कीजिए। पहले उसे उचित सम्मान दीजिए, फिर देखिए कि उसकी स्थिति किस तरह बदल जाती है।

भूरसिंह सी लंगेरा, टिप्पणीकार

हेल्थटेक में बढ़ रहे रोजगार के मौके

भारत में तेजी से हो रहे डिजिटलीकरण और 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' जैसी सरकारी पहलों के कारण हेल्थटेक में रोजगार की मांग 30 फीसदी से 40 फीसदी की दर से बढ़ रही है। खास बात यह है कि डाटा साइंस, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट एवं डिजाइन पृष्ठभूमि वाले छात्रों के लिए भी यहां मेडिकल डिग्री के बिना नए मौके बन रहे हैं। बता रही हैं श्वेता राकेश

भारत का हेल्थकेयर सेक्टर तकनीकी क्रांति के दौर से गुजर रहा है। इसने मेडिकल सेवाओं में हेल्थटेक को जोड़ा है। इसे डिजिटल हेल्थ केयर या मेडटेक के नाम से भी समझ सकते हैं। अनुमान है कि 2030 तक हेल्थटेक का क्षेत्र लगभग 20-25 लाख नए रोजगार पैदा करेगा। यही वजह है कि एआई और डाटा, टेलीमेडिसिन, डायग्नोस्टिक्स, ई-फार्मेसी, फिटनेस और वेलनेस एवं हेल्थ एप्स से जुड़े अवसरों में वृद्धि हुई है।

करियर काउंसलर वर्षा वरवंडकर के अनुसार, 'इस क्षेत्र में प्रमुखत: विज्ञान विषय के स्नातक अपना भविष्य बना सकते हैं। वहीं, नीट के बाद बीएससी नर्सिंग, बीपीटी (बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी), बीफार्मा, और बीएससी ऑप्टोमेट्री जैसे कोर्स इस सेक्टर में मजबूत आधार बनाते हैं। प्रैक्टो, टाटा 1एमजी, फार्मईजी और क्योर.एआई जैसी हेल्थटेक कंपनियों में मेडिकल एडवाइजर और क्लिनिकल ऑपरेशंस जैसे पदों के लिए मेडिकल बैकग्राउंड वाले पेशेवरों की मांग है। डिजिटल हेल्थ मिशन व टेलीमेडिसिन जैसे सरकारी प्रयास इस सेक्टर में नए करियर अवसरों को तेजी से विस्तार दे रहे हैं।'

करियर रोडमैप : कंप्यूटर ज्ञान, डाटा की समझ और डिजिटल टूल्स की जानकारी, हेल्थटेक सेक्टर की बुनियादी जरूरतें हैं। छात्र डिजिटल हेल्थ, हेल्थ डाटा और हेल्थ टेक से जुड़े सर्टिफिकेट या डिप्लोमा कोर्स करके इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। आईआईटी और एम्स जैसे संस्थान भी डिजिटल हेल्थकेयर व एआई आधारित हेल्थ टेक से जुड़े कुछ कोर्स उपलब्ध करा रहे हैं।

किन पदों की ज्यादा मांग

- **हेल्थ डाटा एनालिस्ट :** डाटा का विश्लेषण कर बेहतर इलाज करने में मदद करते हैं।
- **एआई/एमएल इंजीनियर :** स्वास्थ्य सेवा को बेहतर, तेज और अधिक सटीक बनाने के लिए स्मार्ट एल्गोरिदम और सॉफ्टवेयर विकसित करते हैं।
- **ईएचआर विशेषज्ञ :** इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड सिस्टम को संचालित और व्यवस्थित करते हैं।
- **प्रोडक्ट मैनेजर :** हेल्थ एप्स, डिवाइसेज, डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म्स को बेहतर बनाने में अपने अनुभव और स्किल से मदद करते हैं।
- **यूएक्स डिजाइनर :** हेल्थ एप्स का डिजाइन और इस्तेमाल का अनुभव बेहतर बनाते हैं।
- **डिजिटल मार्केटिंग व कंटेंट प्रोफेशनल्स :** हेल्थ प्लेटफॉर्म्स को ज्यादा-से-ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का काम देखते हैं।

छात्रों को क्या करना चाहिए?

- **अगर इंजीनियरिंग छात्र हैं :** एआई आधारित हेल्थ एप्स, हेल्थ डाटा एनालिटिक्स और प्रोडक्ट डिजाइन जैसे क्षेत्रों में अवसर हैं। पायथन, डाटा और एआई की बुनियादी समझ जरूरी है। प्रोजेक्ट और इंटर्नशिप से अनुभव बढ़ाया जा सकता है।
- **बीबीए या एमबीए छात्र ध्यान दें :** हेल्थकेयर इंडस्ट्री की समझ और मैनेजमेंट कौशल पर ध्यान दें। हॉस्पिटल, हेल्थटेक स्टार्टअप्स, हेल्थ एप कंपनियों और हेल्थ बीमा कंपनियों में इंटर्नशिप लेकर ऑपरेशंस, बिजनेस डेवलपमेंट और प्रोडक्ट मैनेजमेंट क्षेत्रों में अनुभव हासिल कर सकते हैं।
- **लाइफ साइंस या बायोटेक छात्र हैं :** रिसर्च व क्लिनिकल बेसिक्स के साथ डिजिटल हेल्थ की समझ बढ़ाएं। लैब या स्टार्टअप अनुभव लेकर क्लिनिकल रिसर्च, डिजिटल डायग्नोस्टिक्स और हेल्थ डाटा से जुड़े क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं।

कैसे करें कौशल विकास

- भारत सरकार के 'स्वयं', कोर्सेरा और एडेक्स जैसे वैश्विक मंच और गूगल करियर सर्टिफिकेट्स और आईबीएम स्किल्स बिल्ड पर हेल्थकेयर टेक से संबंधित निशुल्क कोर्स मिलते हैं।
- विभिन्न आईआईटी संस्थान इस क्षेत्र से संबंधित बीटेक व एमटेक स्तर के कोर्स करा रहे हैं।
- जेईई के माध्यम से बीटेक इन बायोमेडिकल इंजीनियरिंग कोर्स विभिन्न आईआईटी, वीआईटी और मणिपाल जैसे संस्थानों में उपलब्ध हैं। एमबीए इन हेल्थकेयर एनालिटिक्स कोर्स भी कर सकते हैं, जो आईआईएचएमआर, जयपुर में है। वहीं एमएससी इन बायोइन्फॉर्मेटिक्स (जामिया मिलिया इस्लामिया) में उपलब्ध है।

कुछ चुनौतियां भी : भारत में एआई और डाटा आधारित भूमिकाओं में 50 प्रतिशत से अधिक स्किल गैप देखा जा रहा है। अलग-अलग पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को हेल्थ डोमेन की बेसिक समझ विकसित करनी पड़ती है। एआई और डिजिटल हेल्थ जैसे क्षेत्रों में लगातार बदलाव के चलते खुद को नियमित रूप से अपडेट रखना भी जरूरी है।

वेतन : शुरुआती वेतन 4-12 लाख रुपये वार्षिक। टेक्नोलॉजी जैसे एआई, डाटा एनालिटिक्स आदि के पदों पर 15 लाख रुपये या अधिक। वरिष्ठ पदों व सफल स्टार्टअप में करोड़ रुपयों तक में आय।

विशेषज्ञ की राय

हेल्थटेक एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी, डाटा साइंस, बिजनेस और डिजाइन जैसे कई क्षेत्र मिलकर काम करते हैं। इसमें एआई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो रोगों की पहचान, मेडिकल इमेज एनालिसिस, दवा अनुसंधान और मानसिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उपयोग होकर डॉक्टरों को बेहतर निर्णय लेने में मदद करता है। परिणामस्वरूप एआई हेल्थ रिसर्च, हेल्थ डाटा साइंस, मेडिकल एआई डेवलपमेंट और डिजिटल हेल्थ ऑटोमेशन जैसे नए करियर क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं। इसलिए, हेल्थटेक सेक्टर में सबसे अधिक मांग उन पेशेवरों की होगी, जो स्वास्थ्य व तकनीक दोनों की समझ रखते हों।

सोनिक सौरभ
करियर काउंसलर

जॉब/करियर

- संघ लोक सेवा आयोग नेशनल डिफेंस एकेडमी एवं नेवल एकेडमी एग्जामिनेशन (II), 2026 के लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी किया गया है।
कुल पद : 394
अंतिम तिथि : 09 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन करना होगा। आयोग की वेबसाइट है - upsc.gov.in
- दिल्ली सबऑर्डिनेट सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड में टीजीटी, फिटर ग्रेड-II एवं अन्य पद रिक्त हैं।
कुल पद : 1979
आवेदन शुरू होने की तिथि : 16 जून 2026 से
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन करें। वेबसाइट है- dsssb.delhi.gov.in
- नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में ग्रेजुएट, डिप्लोमा, ट्रेड अप्रेंटिस एवं पैरामेडिकल ट्रेनी के रिक्तियां भरी जाएंगी। ऑनलाइन आवेदन की विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
कुल पद : 1607
अंतिम तिथि : 15 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट है- nclcil.in
- पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधीन कार्यरत सोसायटी फॉर सेंट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट ऑफ स्टाफ इन सबऑर्डिनेट कोर्ट्स ने हरियाणा के जिला एवं सत्र न्यायालयों में क्लर्क के पदों पर आवेदन मांगे हैं।
कुल पद : 1265
अंतिम तिथि : 23 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन माध्यम से। इस वेबसाइट sssc.gov.in पर लॉगिन करें।
- इलाहाबाद हाई कोर्ट में रिव्यू ऑफिसर, असिस्टेंट रिव्यू ऑफिसर एवं कंप्यूटर असिस्टेंट की आवश्यकता है।
कुल पद : 543
अंतिम तिथि : 21 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन। वेबसाइट है - allahabadhighcourt.in
- कोल इंडिया लिमिटेड में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद रिक्त हैं। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
कुल पद : 660
अंतिम तिथि : 11 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट है -coalindia.in

- रेलवे भर्ती बोर्ड में असिस्टेंट लोको पायलट के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं।
कुल पद : 11,127
अंतिम तिथि : 14 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन। बोर्ड की वेबसाइट है- rrbapply.gov.in
- एआई- कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलायड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड में सिक्योरिटी स्क्रीनर के पद भरे जाएंगे। आवेदन ऑनलाइन करना होगा।
कुल पद : 158
अंतिम तिथि : 08 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट है- aaiclas.aero
- भारतीय स्टेट बैंक में अप्रेंटिस की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। ये भर्तियां विभिन्न राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में की जाएंगी।
कुल पद : 7150
अंतिम तिथि : 08 जून 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट है- sbi.bank.in

(नोट : आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें)

भेजें अपना सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें
nayiraheincareer@gmail.com

एलएलबी के बाद करियर के कई विकल्प

एक्सपर्ट टिप्स

डॉ. संजीब कुमार आचार्य
सीनियर करियर काउंसलर

■ मैंने 12वीं पीसीएम से किया है। एलएलबी के दूसरे वर्ष में हूं। अब लॉ प्रोफेशन की चुनौतियां समझ आने लगी हैं। क्या मुझे एलएलबी जारी रखनी चाहिए या दूसरे करियर विकल्पों पर विचार करना चाहिए?
- कौशिकी त्रिपाठी

चूंकि आप बीए.एलएलबी के दूसरे वर्ष में हैं, इसलिए केवल अस्थायी डर या उलझन के आधार पर जल्दबाजी में फैसला न लें। कानूनी पेशा चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन लंबे समय में अच्छा और सम्मानजनक करियर दे सकता है। आज कानून की डिग्री केवल कोर्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कॉरपोरेट लॉ, लीगल कंसल्टिंग, कंप्लायंस, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स, टैक्सेशन, लीगल रिसर्च, पॉलिसी एनालिसिस, कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट, आर्बिट्रेशन, बैंकिंग, इंश्योरेंस, ह्यूमन रिसोर्सेज और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन जैसे क्षेत्रों में भी करियर बनाया जा सकता है।

पीसीएम पृष्ठभूमि होने के कारण आपकी विश्लेषण क्षमता साइबर लॉ, टेक्नोलॉजी लॉ, डाटा प्राइवेसी, एआई रेगुलेशन, फिनटेक कंप्लायंस और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट जैसे नए क्षेत्रों में उपयोगी हो सकती है। पढ़ाई जारी रखते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में इंटर्नशिप करना बेहतर रहेगा। करियर का फैसला रुचि और क्षमता के आधार पर करें। पहले डिग्री पूरी करें और अनुभव लेकर आगे का निर्णय लें।

■ पीसीबी छात्रों के लिए नीट के अलावा और कौन से विकल्प मौजूद हैं? -सृष्टि चौधरी

नीट के माध्यम से मेडिकल क्षेत्र के अलावा भी पीसीबी छात्रों के लिए कई शानदार करियर अवसर उपलब्ध हैं। हेल्थकेयर क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्र बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस, बीपीटी, बीओटी, बीएससी.नर्सिंग, ऑप्टोमेट्री, मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी, रेडियोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी और इमरजेंसी मेडिकल केयर जैसे कोर्स कर सकती हैं।

जीव विज्ञान और रिसर्च में रुचि है, तो बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, जेनेटिक्स जैसे कोर्स कर सकती हैं। इन क्षेत्रों में रिसर्च लैब, दवा कंपनियों, हेल्थकेयर और बायोटेक्नोलॉजी संस्थानों में करियर बनाने के अवसर मिलते हैं। कृषि और खाद्य विज्ञान में रुचि है तो एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फॉरेस्ट्री, फिशरीज साइंस और वेटरिनरी साइंस चुन सकती हैं। साइकोलॉजी, न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स, पब्लिक हेल्थ, क्लिनिकल रिसर्च, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, हेल्थकेयर एनालिटिक्स और हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स जैसे नए और मिश्रित क्षेत्रों में भी जा सकती हैं। पीसीबी छात्र पात्रता के अनुसार डिजाइन, लॉ, मैनेजमेंट, जर्नलिज्म, सोशल साइंस और लिबरल आर्ट्स जैसे कोर्स भी कर सकते हैं। गणित की अतिरिक्त तैयारी के साथ कुछ टेक्नोलॉजी कोर्स भी किए जा सकते हैं।

www.sanjibacharya.com

हिन्दुस्तान क्विज-8

हिन्दुस्तान अर्थात भारत की विकास यात्रा बहुआयामी रही है। इसी महायात्रा से हम पाठकों के लिए कुछ प्रश्न लेकर आए हैं, जो सामान्य ज्ञान के लिए उपयोगी हैं। पेश हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा के दस सवाल और उनके जवाब...

1. हिन्दुस्तान के वो दो सगे भाई कौन हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाया है?
2. नेहरू परिवार के किस व्यक्ति ने कश्मीर के प्रसिद्ध इतिहास राजतरंगिणी का अंग्रेजी में अनुवाद किया था?
3. हिन्दुस्तान के किस प्रसिद्ध हास्य कवि ने 'वसन्त' उपनाम से शास्त्रीय संगीत पर किताबें लिखी है?
4. क्षेत्रफल के हिसाब से हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है?
5. प्रसिद्ध कलाकार मकबूल फिदा हुसैन द्वारा बनाई गई एक मात्र फीचर फिल्म का क्या नाम है?

6. किस हिन्दुस्तानी को मलाला यूसुफजाई के साथ नोबेल शान्ति पुरस्कार प्रदान किया गया था?
7. वह पहला हिन्दुस्तानी कौन था, जिसने मशहूर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में भाग लिया था?
8. हिन्दुस्तान की पहली महिला आईपीएस अधिकारी कौन थीं?
9. हिन्दुस्तान का कौन सा शहर कांच की चूड़ियों के लिए प्रसिद्ध है?
10. हिन्दुस्तान के किस कैबिनेट मंत्री ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय वायुसेना में पायलट के रूप में भाग लिया?

उत्तर : 1. सुरेंद्र अमरनाथ और मोहिंदर अमरनाथ 2. रणजीत पंडित 3. काका हाथरसी 4. हेमिस राष्ट्रीय उद्यान – लद्दाख 5. गजगामिनी 6. कैलाश सत्यार्थी 7. गौस मोहम्मद 8. किरण बेदी 9. फिरोजाबाद 10. राजेश पायलट

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

मेष : मन परेशान हो सकता है। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। संयत रहें। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृष : मन अशांत रहेगा। सयंत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि होगी। सेहत के प्रति सचेत रहें।

मिथुन : मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि हो सकती है, परंतु खर्च भी बढ़ेंगे।

कर्क : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी के लिए परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। सेहत का ध्यान रखें।

सिंह : आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। कारोबार में लाभ बढ़ेगा।

कन्या : आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। शैक्षिक एवं शोध आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला : मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के लिए प्रयास करें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में भी वृद्धि होगी, परंतु भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक : वाणी में मधुरता तो रहेगी, परंतु मन परेशान हो सकता है। संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं विवाद से बचें। कारोबार में बदलाव की संभावना बन रही है।

धनु : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। किसी दूसरे स्थान पर भी जाना हो सकता है।

मकर : मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार की सेहत का भी ध्यान रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। खर्च में वृद्धि होगी।

कुंभ : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। सेहत के प्रति सचेत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से भी लाभ बढ़ सकता है।

मीन : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी, खर्च भी बढ़ेंगे। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

04 जून, गुरुवार, **शक संवत् :** 14,ज्येष्ठ, (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग :** 21, ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम :** 17, जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत :** द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्थी तिथि रात्रि 11.31 मिनट तक, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 03.42 मिनट तक पश्चात श्रवण नक्षत्र, शुक्ल योग प्रात: 09.03 मिनट तक पश्चात ब्रह्म योग। चन्द्रमा धनु राशि में प्रात: 07.42 मिनट तक, उपरांत मकर राशि। **सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। दोपहर 01.30 मिनट से अपराह्न 03 बजे तक राहुकालम्।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मैंने सुना है कि वास्तु के अनुसार जहाज का चित्र लगाना शुभ होता है। इसे लगाने के क्या लाभ एवं नियम हैं? - गोविंद भटनागर, रांची

- वास्तु के अनुसार शिप का चित्र या मॉडल उन्नति और आगे बढ़ने का प्रतीक माना जाता है। इसे उत्तर दिशा में लगाना व्यापार, करियर और नए अवसरों के लिए शुभ होता है। पूर्व दिशा में लगाने से यश, प्रतिष्ठा एवं नए अवसर बढ़ते हैं।
- उत्तर-पूर्व दिशा में लगाने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। शिप ऐसे लगाएं जैसे हमारे घर या ऑफिस में अंदर प्रवेश कर रहा है। जिस समुद्र में जहाज हो, वो साफ एवं शांत होना चाहिए। शिप बाथरूम या शौचालय के सामने न हो।

वर्ग पहेली : 8349



बाएं से दाएं
1. किसी को सोने भी न देना; बहुत तंग करना (3,3,3)
5. मनुष्यत्व; समस्त मानव समाज (4)
6. अपने नाम वाला; जिनका नाम एक हो (4)
8. सुखाया हुआ फल (2)
9. छोटा नल; नलिका; बंदूक का वह भाग जहां से गोली निकलती है; जुलाहों की नाल (2)
11. खेत की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने वाला पदार्थ; उर्वरक (2)
12. कल्याण; मंगल; लाभ; भलाई (2)
14. चौकीदार; जीवनरक्षक; पहरेदार; संकटमोचक (4)
16. आलसी; कमकस; काम से जी चुराने वाला (4)
18. किसी के चरित्र का हूबहू वर्णन करना; किसी पात्र का सजीव अभिनय करना (3,3,3)

ऊपर से नीचे
2. अंकुश रखने वाला; हाथीवान (4)
3. जलने के बाद बचा अंश; खाक; भस्म (2)
4. जीभ; स्वाद; लगाम; रस्सी; धीरे-धीरे टपकना (3)
5. माखन चुराने वाला; श्रीकृष्ण (5)
6. अवास्तविक; कपोल कल्पित; निर्मूल; द्रुतगामी; हवा संबंधी; एक प्रकार की आतिशबाजी (3)
7. मदद देने वाला; सहायक (5)
10. औरत; नारी; स्त्री (3)
13. जो समर्थन करता हो; योग्य; सक्षम (4)
15. खर का नाश करने वाला; राम; विष्णु; 32 मात्राओं वाला एक छंद (3)
17. दोस्त; मीत; सखा (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8348

सुडोकू : 8331

*मध्यम

				4				
	9				2	8	7	
	2		8	6	3			
	5	9				1		
4		8				7		6
		7				9	3	
			5	8	6		1	
	6	2	3				8	
				9				



खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8330

4	3	1	9	7	8	2	5	6
2	6	9	1	3	5	7	4	8
8	7	5	2	6	4	9	3	1
7	5	4	3	8	6	1	9	2
6	8	2	4	1	9	5	7	3
9	1	3	5	2	7	8	6	4
5	2	8	7	4	3	6	1	9
1	4	7	6	9	2	3	8	5
3	9	6	8	5	1	4	2	7

प्रेरणा

अगर आप संतुष्ट हैं तो आपकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होगी। - एपिक्यूरस

संपादकीय

मनुष्य की जान को इतना सस्ता क्यों समझ लिया है?

दिल्ली की एक इमारत में लगी भीषण आग से लगभग दो दर्जन लोगों की मृत्यु अपनी तरह की कोई पहली घटना नहीं है। चंद दिनों पहले घर के एसी के फटने से एक जाने-माने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी की मौत हो गई थी, जबकि एनसीआर की तमाम सोसाइटियों में दर्जनों ऐसे घटनाएं सुनने को मिल रही हैं। रेस्तरां में गैस लीकेज हो या बिल्डिंग में शार्ट-सर्किट या फ्लैट्स में एसी फटने की घटनाएं, एक बात साफ है कि सरकार की नियामक संस्थाएं ऐसे हादसों को रोकने के लिए बने एसओपी और निवारक उपकरणों की समय-समय पर जांच नहीं करतीं। सोसाइटी में आग बुझाने के उपकरण नहीं होते, एलपीजी स्टोरेज के मानक की जांच नहीं होती और एसी के कम्प्रेशर की गुणवत्ता फैक्ट्री स्तर पर ही सुनिश्चित नहीं की जाती। मानव-जीवन भारत में सस्ता माना जाता है, लिहाजा तीन तरह की घटनाएं अक्सर सुनने में आती हैं। पहली, घटिया निर्माण के कारण पुल या निर्माणाधीन भवन का गिरना; दूसरी, आग या ऐसी आपदा से सार्वजनिक ही नहीं निजी धन-जन की भी क्षति; और तीसरी, प्राकृतिक आपदा। प्राकृतिक आपदा पर तो किसी का वश नहीं है, लेकिन अन्य दो किस्म की घटनाएं मानवीय-दोष के कारण होती हैं। एक्स्ट्रा लोड और वायरिंग की गुणवत्ता की चेकिंग होती रहे तो शॉर्ट-सर्किट की घटनाओं से बचा जा सकता है। और सरकारी एजेंसियां निर्माणाधीन भवन या पुल में सामग्री की जांच सही तरह से करें तो वे अचानक धराशायी न हों। लापरवाही स्वीकार्य नहीं है।

सुर्खियों से आगे • सरकारें किसी भी देश की हों, इनका स्वभाव लगभग एक जैसा ही होता है...

हे सरकार! खन्दक से निकली हो या पाताल से?

देश-दुनिया

नवनीत गुर्जर
navneet@dbcorp.in

भले कुछ दिन ही रहा, लेकिन युद्ध विराम देखकर लग रहा था, कोई समाधान निकलने वाला है। तेल और गैस संकट से लगातार जूझ रही दुनिया को कुछ राहत मिल सकेगी।

लेकिन बम फिर फूटने लगे हैं। मिसाइलों के मुंह फिर खुल गए हैं। न अमेरिका मान रहा है, न ईरान।

दरअसल, सरकारें किसी भी देश की हों, इनका स्वभाव लगभग एक जैसा ही होता है। ये किसी खोह-खन्दक से उभरी हैं, या गहरे पाताल से निकली हैं? इनकी दृष्टि निरी अजीब। देवमय भी। दैत्यमय भी।

इनकी गंध, जैसे सांझ की आंधी। इनके आदेशों के गहने, केवल भयानक। और इनका साथ, जैसे कोई कब्र में उतरता जाए ...!

जी! सरकार शब्द की परिभाषा अब कुछ ऐसी ही है। कभी वह एयरपोर्ट पर कतार लगाकर बाबा रामदेव के आगे नतमस्तक होती है और कभी वही सरकार उसी बाबा को आधी रात को डंडे मारकर भगाती है।

कभी वह अन्ना हजारे को गांधी जी की तरह सम्मान देती है और कभी उन्हीं अन्ना हजारे को समानांतर सरकार चलाने की मंशा रखने वाला बिजूका बताती है।

कभी वह किसी भ्रष्टाचारी नेता पर बेतहाशा छापे मारती है, लेकिन वही नेता जब सरकारी पाले में आ जाता है तो उसके तमाम पाप धुल जाते हैं।

देश की सीमा छोड़ें तो दिखता है- सुबह ट्रम्प सरकार ईरान को अभयदान देने का डंका बजाती है और वही सरकार शाम को ईरान पर बम फोड़ देती है।

ये दोनों शांत होते हैं तो इजराइल सरकार, लेबनान को नेस्तनाबूद करने पर तुल जाती है।

तब मर्यादा और संयम उस सागर में तैरते-डूबते दिखाई देते हैं, जिसमें निराशा के खारे लेकिन बलशाली पानी के सिवाय और कुछ भी नहीं है।

अनगिनत देशों के तेल से लदे सैकड़ों जहाज होर्मुज के आसपास समंदर में डूब मरने को मजबूर हैं। आत्महत्या के सिवाय उनके पास कोई चारा नहीं है। किसी को दुनिया की नहीं पड़ी। किसी को मानवता की फिक्र नहीं है। सब के सब महंगा तेल बेचने के लिए उतावले हैं।

ऊपर से मौसम के बदलाव ने हमारे भारत तक में उत्पादन की रफ्तार को धीमा करने की ठान ली है। सुना है, इस बार दस से पंद्रह प्रतिशत कम बारिश होने वाली है। इसका सीधा असर खेती-किसानी और अनाज उत्पादन पर पड़ने वाला है।

हालांकि लम्बी भीषण तपिश के बाद देश के कई इलाकों में आंधी-बारिश ने गर्मी से कुछ हद तक राहत तो दी है लेकिन इस बारिश से खेती को ज्यादा कोई फायदा नहीं है। ऊपर से इस बेमतलब की बारिश के कारण जरूरत पड़ने पर आगे होने वाली

अपना घर भरने के सिवा?

मौसम पर किसी सरकार का बस नहीं चलता, वरना ये मंत्री, नेता अपने-अपने हिस्से का छेद बादलों में भी कर आते। फिर जनता का तो जो होता सो होता, इनके खेत-खलिहानों, बाग-बगीचों में बारिश होती रहती। अपना घर भरने के सिवाय इनके पास कोई काम ही कहां है?

बारिश का कोटा कम होने की आशंका जरूर है। होर्मुज के कारण वक्त पर किसानों को डीजल और खाद नहीं मिल पाने की आशंका बलवती हो रही है, सो अलग! फिलहाल तो मौसम छुई-मुई-सा हो रहा है। पल में तोला, पल में माशा।

हालांकि मौसम पर किसी देश की सरकार का कोई बस नहीं चलता, वरना ये मंत्री, नेता अपने-अपने हिस्से का छेद बादलों में भी कर आते। फिर जनता या आम आदमी का तो जो होता सो होता, इनके खेत-खलिहानों, बाग-बगीचों में बारिश होती रहती।

लम्बे समय से अपना घर भरने, अपना हित देखने के सिवाय इनके पास कोई काम ही कहां है?

खैर, इतने तेल संकट के बावजूद इस दिशा में मितव्ययिता कहीं नजर नहीं आ रही है। नेता और मंत्रीगण, प्रधानमंत्री की अपील के कुछ दिन बाद तक जो दिखावा कर सकते थे, उन्होंने श्रद्धापूर्वक किया, इसके बाद वे भी अपने पुराने ढर्रे पर लौट आए हैं।

फिलहाल अमेरिका-ईरान-इजराइल युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूर-दूर तक किसी के झुकने या नरम पड़ने के संकेत नहीं हैं। अगर खारे समंदर में तीन-चार महीने इसी तरह बमबारी होती रही, इसी तरह मिसाइलें दागी जाती रहीं तो ये पूरा साल, बल्कि अगले साल तक भी स्थिति सुधरने वाली नहीं है।

क्योंकि आज ही युद्ध रुक जाए तो भी स्थिति सामान्य होने में कोई छह-सात महीने तो लगेंगे ही।

अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगे क्या होगा और किस तरह समय गुजरने वाला है!

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

मन को हटाने से ही वह स्पेस बनेगा, जो हमें शांत करता है

जीवन में दुःख आना और दुःखी हो जाना, ये दो अलग बातें हैं। ऐसा कोई दुःख बना ही नहीं, जो बिना सुख के आए और ऐसा कोई सुख नहीं बना, जो बिना दुःख के आए। ये दोनों एक साथ ही आते हैं। इनकी समझ का नाम ही इनकी मुक्ति है। एक शब्द है- स्पेस। इसका सीधा अर्थ होता है जगह बनाइए। हमारी भावनाओं में, हमारे विचार में एक स्पेस रखिए। विचार बाहर से आते हैं, सोच रहे होते हैं हम। फिर हम उस विचार से अपने पूरे व्यक्तित्व, अस्तित्व को जोड़ लेते हैं। ऋषि-मुनि कह गए हैं कि मनुष्य के शरीर और आत्मा को चिपकाने का काम मन करता है और जिसके शरीर और आत्मा जितने अधिक चिपके, वो उतना अशांत। जरा-सा मन को हटाइए, आत्मा शरीर में स्पेस आया और यहीं से हम शांत हुए। और मन केवल संकल्प से नहीं गिरता, इसे नियंत्रित करने की कोई औषधि भी नहीं है। मन का संचालन सांस से होता है। यदि प्राणायाम को प्रतिदिन बहुत गम्भीरता से लें, नियमित करें तो हमारी मन पर पकड़ बन जाएगी। और जब-जब हम मन को हटा देंगे, तब-तब वह स्पेस क्रिएट हो जाएगी, जो हमें शांत करती है। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

शब्दों का जादू

अपनी चेतना में रंग

देते होंगे प्रेमी गुलाब अपनी प्रेमिकाओं को,
तुमने दिए मुझे पलाश- कि गुलाल बनाकर रंग भर सकूं दुनिया में।

लाते होंगे प्रेमी झुमके अपनी प्रियतमा को सजाने,
तुम लाए डायरी और पेन- कि शब्द रचकर रंग भर सकूं कविता में।

चाहते होंगे प्रेमी समय अपनी प्रेमिकाओं से,
तुमने दिया मुझे एकांत-
कि भाव सजाकर रंग भर सकूं अपनी चेतना में।

लाते होंगे प्रेमी चॉकलेट मिठास बढ़ाने को,
तुमने दी मुझे मीठी यादें-
कि ख्वाब बनाकर रंग भर सकूं रातों में।

देते होंगे प्रेमी उपहार अपनी प्रेमिकाओं को,
तुमने दिया मुझे आसमान-
कि परवाज बढ़ाकर रंग भर सकूं पंखों में।

देते होंगे प्रेमी तस्वीरें अपनी प्रेमिकाओं को,
तुम बन गए मेरे दर्पण- कि खुद को पहचान रंग भर सकूं अपने व्यक्तित्व में।

-सुदीप शुक्ला, भीलवाड़ा, राजस्थान
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

प्रश्न • निष्पक्ष जांच बिना निष्पक्ष मुकदमा सम्भव नहीं

ट्विशा मामले में हमारे सामने अनुत्तरित प्रश्नों का पहाड़ है

जस्टिस

बरखा दत्त
फाउंडिंग एडिटर, मोजो स्टोरी
@BDUTT

ट्विशा शर्मा एक पूर्व मॉडल थीं, जो अपनी सास और पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई थीं। ट्विशा के पति समर्थ सिंह- जो पेशे से वकील हैं और ट्विशा की मृत्यु के तुरंत बाद फरार हो गए थे- और गिरिबाला अब सीबीआई की हिरासत में हैं। किंतु यह मानने के लिए लगातार अधिक प्रमाण सामने आ रहे हैं कि यह दहेज की मांगों से त्रस्त होकर आत्महत्या करने वाली किसी महिला की कहानी नहीं है। ठोस तथ्य लगातार संकेत कर रहे हैं कि ट्विशा की मृत्यु सम्भवतः एक हिंसक हमले का परिणाम थी।

अपराध-स्थल के सीसीटीवी फुटेज हासिल करने को लेकर गिरिबाला सिंह की असामान्य बेचैनी इस बात का संकेत देती है कि शायद उनके पास छिपाने के लिए कुछ था। उनके आवास पर कैमरे लगाने वाले सीसीटीवी तकनीशियन ने पुष्टि की है कि वे घटनास्थल की फुटेज सुरक्षित करने को लेकर उत्सुक थीं। बहू की मृत्यु के कुछ ही घंटों बाद उनके मन में ऐसा विचार क्यों आया? यह तो पुलिस की दिलचस्पी का विषय होना चाहिए।

बात केवल घर के भीतर लगे कैमरों तक सीमित नहीं थी। गिरिबाला के विरुद्ध सबसे गम्भीर संकेत उस ब्यूटी पार्लर से मिलता है, जहां ट्विशा को उनकी मृत्यु वाले दिन आखिरी बार देखा गया था। इस वीडियो में ट्विशा स्पष्ट रूप से सहज दिखाई देती हैं। पार्लर प्रबंधक ने हमें दिए एक साक्षात्कार में कहा भी कि उनमें चिंता या तनाव का कोई स्पष्ट संकेत दिखाई नहीं दिया। पार्लर प्रबंधक ने यह भी पुष्टि की कि अगले दिन गिरिबाला ने उन्हें फोन कर यह जानने के लिए कई प्रश्न पूछे कि ट्विशा ने अपने बिलों का भुगतान किस प्रकार किया था। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि गिरिबाला जानना चाहती थीं कि क्या पार्लर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, और वे उस फुटेज को प्राप्त करना चाहती थीं। इसके तुरंत बाद वकीलों का एक समूह पार्लर पहुंचा और उसके संचालक से फुटेज उन्हें सौंपने की मांग करने लगा। यह न केवल गैर-कानूनी था, बल्कि यह गिरिबाला की हताशा को भी प्रकट करता है। क्या वे पार्लर के सीसीटीवी फुटेज को इसलिए अपने कब्जे में लेना चाहती थीं क्योंकि उसमें दिखाई देने वाली शांत और सहज ट्विशा की छवियां आत्महत्या संबंधी उनके दावों का खंडन करती थीं?

टाइमलाइन भी आत्महत्या के कथानक से मेल नहीं खाती। ट्विशा के परिवार ने मेरे साथ कॉल रिकॉर्ड साझा किए हैं, जिनसे पता चलता है कि उनकी मृत्यु वाले दिन रात 10 बजकर 5 मिनट पर अपने माता-पिता के साथ उनकी फोन पर अंतिम बातचीत हुई थी। समर्थ का दावा है कि ट्विशा ने रात 10.20 बजे फांसी लगाई। यदि ससुराल पक्ष के दावे को सही मानें कि उन्होंने एक एक्सरसाइज रिंग से लटककर आत्महत्या की, तो यह कोई ऐसा तत्काल किया जाने वाला कृत्य नहीं है, जिसे मात्र 15 मिनट की अवधि में अंजाम दिया जा सके। सीबीआई अब 80 किलो वजन वाले एक स्ट्रक्चर का उपयोग करके यह जांच कर रही है कि वह रिंग इतना भार सहन भी कर सकती थी या नहीं।

पुलिस से इस मामले में हुई प्रारंभिक चूकें भी स्तब्ध कर देने वाली हैं। वे केवल लापरवाही ही नहीं, बल्कि प्रभावशाली सम्पर्कों के दखल का भी संकेत देती हैं। यह तथ्य कि ट्विशा के परिवार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने से पहले ही गिरिबाला को अग्रिम जमानत मिल गई, बहुत कुछ कहता है। पहली पोस्टमार्टम प्रक्रिया के दौरान पुलिस ने वह रिंग भी उपलब्ध नहीं कराई, जिसका कथित रूप से ट्विशा ने फांसी लगाने के लिए उपयोग किया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मुझसे कहा है कि इसे मात्र भूल नहीं माना जा सकता। ट्विशा के परिवार के वकील ने भी प्रश्न उठाया है- क्या निष्पक्ष जांच के बिना निष्पक्ष मुकदमा सम्भव है?

ट्विशा की मृत्यु से पहले उनके परिवार द्वारा की गई एक निजी ऑडियो रिकॉर्डिंग में गिरिबाला कथित रूप से अपनी बहू के लिए अपमानजनक और अश्लील भाषा

वास्तव में इस मामले में इतने विरोधाभास मौजूद हैं और तथ्यों को छिपाने के इतने स्पष्ट प्रयास दिखाई देते हैं कि अनुत्तरित प्रश्नों का एक पहाड़ हमारे सामने खड़ा हो जाता है। इन तमाम सवालों की तह तक पहुंचना अब न्याय के लिए बहुत जरूरी हो गया है।

का प्रयोग करती हुई सुनाई देती हैं। माना जा रहा है कि पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्रभावित की गई थी और सम्भवतः उसमें हेरफेर भी किया गया था। ट्विशा की ननद डॉ. राशि अबरोल ने मुझे दिए अपने दर्ज बयान में खुलासा किया है कि पहले पोस्टमार्टम के दौरान गिरिबाला की बहन- जो स्वयं एक चिकित्सक हैं- उस कक्ष में उपस्थित थीं, जहां शव-परीक्षण किया जा रहा था। यह नियमों और प्रक्रियाओं का स्पष्ट उल्लंघन था।

ट्विशा के शरीर पर पाई गई सात चोटों का भी अब तक कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। गिरिबाला और उनके पुत्र ने यह दावा करने का प्रयास किया कि ये चोटें छत से सीढ़ियों के रास्ते शव को नीचे लाने के दौरान लगी थीं, लेकिन अब यह स्थापित हो चुका है कि ये सभी चोटें मृत्यु से पहले लगी थीं। यह तथ्य इस अंदेशे को जन्म देता है कि ट्विशा की मृत्यु से पहले उन पर हमला किया गया था, और सम्भव है कि वही हमला उनकी मृत्यु का कारण भी बना हो। गिरिबाला के प्रभावशाली स्थानीय सम्पर्कों ने इस आशंका को बल दिया है कि मामले में बड़े पैमाने पर लीपापोती की गई हो सकती है। **(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

विशेष • हिंदी के पहले अखबार के 200 वर्ष पूरे

हिंदी की पत्रकारिता ने एक समृद्ध पाठक-संस्कृति रची है

पुनरावलोकन

विजयदत्त श्रीधर
पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार और शोध-निदेशक

'हिंदुस्तानियों के हित के हेत' : यह हिंदी पत्रकारिता की आदि-प्रतिज्ञा है। इसी संकल्प के साथ 30 मई 1826 को हिंदी का पहला समाचार-पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' प्रकाशित हुआ था। युगलकिशोर शुक्ल को हिंदी का प्रथम सम्पादक होने का गौरव प्राप्त है।

जनवरी 1931 तक यही माना जाता रहा था कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 1845 में काशी से प्रकाशित होने वाले 'बनारस अखबार' से हुई। लेकिन 'मॉडर्न रिव्यू' के सहायक सम्पादक ब्रजेन्द्रनाथ बंद्योपाध्याय जब भारतीय भाषाओं की पत्रकार-कला का इतिहास लिख रहे थे, तब उनकी शोध दृष्टि में 'उदन्त मार्तण्ड' की फाइल आई। तब यह तथ्य सामने आया कि हिंदी का पहला समाचार-पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' है।

'विशाल भारत' के सन् 1931 के फरवरी, मार्च, अप्रैल और मई चार अंकों में ब्रजेन्द्रनाथ बंद्योपाध्याय के शोध-आलेख प्रकाशित हुए। तद्नुसार 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रवेशांक 30 मई 1826 को प्रकाशित हुआ था। 30+20 सेमी फुलस्केप आकार के आठ पृष्ठों के इस समाचार-पत्र के मुखपृष्ठ पर बड़े अक्षरों में सबसे ऊपर 'उदन्त मार्तण्ड' नाम होता था। इसके नीचे संस्कृत में लिखा जाता था- दिवाकान्त कान्तिं बिनाध्वान्तमन्तं नचाप्नोति तद्वज्जगत्यज्ञ लोकः। समाचार सेवामृते ज्ञत्वमाप्तुं नशक्नोति तस्मात्करोमीति यत्नं।। इसका अर्थ है- सूर्य के प्रकाश के बिना जिस तरह अंधेरा नहीं मिटता, उसी तरह समाचार-सेवा के बिना अज्ञ जन जानकार नहीं बन सकते। इसलिए मैं यह समाचार-पत्र प्रकाशनरूपी प्रयत्न कर रहा हूं। अर्थात 'उदन्त मार्तण्ड' का तात्पर्य है समाचार-सूर्य।

प्रवेशांक में 'इस कागज के प्रकाशक का इश्तेहार' शीर्षक से समाचार-पत्र का मंतव्य दिया गया है- 'यह 'उदन्त मार्तण्ड' अब पहले-पहल हिंदुस्तानियों के हित के हेत जो आजतक किसी ने नहीं चलाया पर अंग्रेजी ओ पारसी ओ बंगले में जो समाचार का कागज छपता है उसका सुख उन बोलियों के जानने ओ पढ़ने वालों को ही होता है और सब लोग पराये सुख सुखी होते हैं जैसे पराये धन धनी होना ओ अपनी रहते पराई आंख देखना वैसे ही जिस गुण में जिसकी पैठ न हो उसको उसके रस का स्वाद मिलना कठिन ही है।'

'उदन्त मार्तण्ड' में प्रकाशित समाचारों के जितने भी उद्धरण देखने में आते हैं, उनसे पता चलता है कि सम्पादक को यह ज्ञान था कि पाठकों को किन घटनाओं, प्रवृत्तियों और समाचारों से अवगत कराना जरूरी है। सूचित करना पत्रकारिता का प्रथम कर्त्तव्य है। दूसरा कर्त्तव्य है समाज को शिक्षित और प्रेरित करना। पत्रकारिता को लोकरंजन की दिशा में भी काम करना चाहिए, यह सात्विक अपेक्षा की जाती है।

'उदन्त मार्तण्ड' की विचार-दृष्टि में भारत और भारतीयों के हित का महत्वपूर्ण स्थान था। 7 सितम्बर 1826 के अंक में 'विलायती कपड़ा' शीर्षक से टिप्पणी लिखी गई है- 'इस देश में विलायती कपड़ों की आमदनी किस तरह से साल साल बढ़ती गई वह नीचे के लिखे ब्योरे के देखने से ही समझ पड़ेगा।' नौ साल का ब्योरा देते हुए सम्पादक ने सवाल उठाया- 'जरा सोचिए कहां डेढ़ लाख रुपये साल का कपड़ा और कहां साठ करोड़ रुपये वार्षिक का! 115 वर्ष में 4,00,00,00/- प्रति सैकड़ा की वृद्धि!' 4 दिसंबर 1827 को 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन बंद हो गया। इसका एक कारण यह था कि अन्य भाषाओं के समाचार-पत्रों को कम्पनी सरकार से जैसी सहायता मिलती थी, वह 'उदन्त मार्तण्ड' को नहीं मिली। डाकघर से समाचार-पत्र के वितरण की सुविधा भी नहीं मिली। जिन हिंदीभाषियों के हित के लिए युगलकिशोर शुक्ल ने समाचार-पत्र प्रकाशित किया था, उन्होंने भी सहारा नहीं दिया।

'उदन्त मार्तण्ड' ने हिंदी पत्रकारिता की ठोस नींव रखी। विगत दो सौ वर्षों में हिंदी पत्रकारिता का आशातीत विस्तार और विकास हुआ है। हिंदी पत्रकारिता ने दो बड़े

'उदन्त मार्तण्ड' ने हिंदी पत्रकारिता की ठोस नींव रखी। विगत दो सौ वर्षों में हिंदी पत्रकारिता ने दो बड़े काम किए। एक, देश और दुनिया की हलचलों में दिलचस्पी लेने वाला पाठक-वर्ग तैयार किया। दूसरे, साफ-सुथरे, सुस्पष्ट और समर्थ गद्य की परम्परा का विकास।

काम किए। एक, देश और दुनिया के हालात और हलचलों में दिलचस्पी लेने वाला पाठक-वर्ग तैयार किया। दूसरे, भाषा को नया रूप दिया और साफ-सुथरे, सुस्पष्ट और समर्थ गद्य की परंपरा का विकास किया।

हिंदी पत्रकारिता के लिए यह गौरव की बात है कि उसके मूर्धन्य सम्पादकों में हिंदीतरभाषी मनीषियों का भी अवदान है। मराठी के माधवराव सप्रे, बाबूराव विष्णु पराडकर, लक्ष्मण नारायण गर्दे; बांग्ला के राजा राममोहन राय, केशवचन्द्र सेन, अमृतलाल चक्रवर्ती, गुजराती के स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, कन्नड के नारायण दत्त, तेलुगु के बालशौरि रेड्डी प्रभृति मनीषियों की लंबी शृंखला है। भारतेन्दु को हिंदी नवजागरण का अग्रदूत माना जाता है। हिंदी के शब्द-भण्डार को समृद्ध करने में 'आज' (1920, काशी) के सम्पादकों की महती भूमिका है। हिंदी गद्य के विन्यास और वर्तनी की एकरूपता के लिए 'सरस्वती' सम्पादक महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कठिन साधना की। गणेशशंकर विद्यार्थी का 'प्रताप' और माखनलाल चतुर्वेदी का 'कर्मवीर' भी हिंदी पत्रकारिता के गौरव हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

पाठकों के पत्र

डीजल पर टैक्स कम हों

बढ़ते डीजल दामों को नियंत्रित करने के लिए सरकारों द्वारा केंद्रीय उत्पाद शुल्क और राज्य वैट को कम किया जाए। डीजल को जीएसटी के अंतर्गत लाकर भी दरों को स्थिर किया जा सकता है। इससे टैक्स पर टैक्स यानी कैस्केडिंग इफेक्ट खत्म होगा और कीमतें घटेंगी। -जितेंद्र सैनी, नवलडी राजस्थान

बंगाल में हमलों के परिणाम गंभीर

टीएमसी के सदस्यों और सांसदों पर लगातार हो रहे हमले पश्चिम बंगाल में राजनीतिक धमकियों, ध्रुवीकरण और संस्थागत विफलता को दर्शा रहे हैं। पहले ये नाम मात्र के थे, अब विकराल रूप ले रहे हैं। यह अस्थिर वातावरण राज्य के लिए गंभीर परिणाम लेकर आ सकता है। -जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर, झारखंड

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

क्या आप जानते हैं

सबसे बड़ी गुफा में जंगल, नदियां भी हैं

वियतनाम में हैंग सोन डूंग दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गुफा मार्ग है। 9 किलोमीटर लंबी इस गुफा की ऊंचाई 200 मीटर और चौड़ाई 160 मीटर है। समय के साथ इसके भीतर ही ट्रॉपिकल जंगल और भूमिगत नदी प्रवाह तंत्र विकसित हो गए, जो इसे बेहद अनोखा बनाते हैं।

1991 में ओ कान्ह नामक किसान ने इस गुफा को खोजा था।

मुद्दा • गृह मंत्रालय द्वारा गठित जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर उच्च-स्तरीय समिति में एक्सपर्ट्स भी जुड़ें

डेमोग्राफी की अच्छी समझ के बिना हम समस्याएं नहीं सुलझा सकते

जनसांख्यिकी

डॉ. अर्चना मुठ्ये
इंडियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ पॉपुलेशन की कार्यकारी परिषद सदस्य

भारत जनसंख्या वृद्धि की चुनौती का ही सामना नहीं कर रहा, तेजी से बदलते जनसांख्यिकीय संतुलन की जटिल परिस्थितियों से भी गुजर रहा है। देश के सामने केवल यह प्रश्न नहीं है कि आबादी कितनी बढ़ रही है, बल्कि यह भी है कि आबादी की संरचना, वितरण, आयु-प्रोफाइल, प्रवासन-प्रवृत्तियां और संसाधनों पर उसका प्रभाव किस दिशा में जा रहा है। यही कारण है कि जस्टिस नावलेकर की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति को दूरदर्शी व समयानुकूल पहल माना जा रहा है।

निःसंदेह समिति में प्रशासन, न्याय और नीति-निर्माण के क्षेत्र से जुड़े अनुभवी एवं विद्वान सदस्य सम्मिलित हैं। किंतु यदि इसमें प्रत्यक्ष रूप से डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) के विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाता, तो यह पहल और व्यापक तथा अकादमिक रूप से समृद्ध बन सकती है। जनसंख्या संतुलन जैसे विषय केवल प्रशासनिक या राजनीतिक विमर्श तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे प्रजनन-संक्रमण, जनसंख्या-परिवर्तन, आयु-संरचना, प्रवासन-पैटर्न, निर्भरता-अनुपात, शहरीकरण प्रवृत्तियों तथा जनसंख्या-पूर्वानुमान जैसे जटिल जनसांख्यिकीय आयामों से जुड़े होते हैं। इन परिवर्तनों को समझने के लिए गणितीय-मॉडलिंग, दीर्घकालिक डेटा-विश्लेषण और सांख्यिकीय प्रक्षेपण की विशेषज्ञता आवश्यक होती है। यदि रोजगार-सृजन, शहरी-नियोजन और संसाधनों के प्रबंधन में संतुलन नहीं बना, तो हमारा डेमोग्राफिक डिविडेंड बोझ में भी परिवर्तित हो सकता है।

इसी संदर्भ में अवैध प्रवासन का प्रश्न महत्वपूर्ण है। यह केवल आंतरिक या सीमा सुरक्षा का विषय नहीं है, बल्कि विकास, प्रशासन और संसाधन-प्रबंधन से भी सीधे जुड़ा हुआ मुद्दा है। सरकारें अपनी योजनाएं जनगणना, सर्वेक्षणों और पंजीकृत आबादी के आधार पर बनाती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खाद्य-सुरक्षा, पेयजल, रोजगार और सामाजिक-कल्याण से जुड़ी योजनाओं का पूरा ढांचा इसी अनुमानित जनसंख्या पर आधारित होता है। किंतु जब किसी क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध आबादी जुड़ जाती है, तो वास्तविक मांग और सरकारी योजना में अंतर पैदा हो जाता है। संसाधनों का अनियोजित बंटवारा होने से अनेक योजनाएं अपने मूल उद्देश्यों को पूरी तरह प्राप्त नहीं कर पातीं।

जब समिति का मूल विषय ही देश में जनसंख्या बदलाव से जुड़ी चुनौतियों का अध्ययन करके स्थायी समाधान और नीतिगत उपायों का सुझाव देना है तो उसमें जनसांख्यिकी विशेषज्ञों की प्रत्यक्ष भागीदारी क्यों नहीं है? भारत में इस क्षेत्र की विशेषज्ञता का अभाव नहीं है। कोलकाता स्थित भारतीय सांख्यिकी संस्थान विश्वस्तरीय रिसर्च और जनसंख्या विश्लेषण के लिए जाना जाता है। इसी प्रकार मुंबई के देवनार स्थित अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान जनसंख्या-अध्ययन, प्रजनन-स्वास्थ्य, प्रवासन, जनसांख्यिकीय-अनुसंधान और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण अध्ययनों का प्रमुख संस्थान है। इन संस्थानों में ऐसे अनेक विशेषज्ञ मौजूद हैं, जो जनसंख्या-परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों के वैज्ञानिक आकलन में सक्षम हैं। वे यह समझने में भी सहायता करते हैं कि प्रवासन की वर्तमान प्रवृत्तियां भविष्य में किन सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों को जन्म दे सकती हैं। यही कारण है कि अनेक देशों में जनसंख्या संबंधी आयोगों और नीति समितियों में सांख्यिकीविदों, जनसांख्यिकी विशेषज्ञों, महामारी वैज्ञानिकों और प्रवासन विशेषज्ञों को शामिल किया जाता है। क्योंकि वे भी वैध-अवैध माइग्रेशन से जुड़ी हुई समस्याओं से जूझ रहे हैं।

भारत की जनसांख्यिकीय विविधता भी व्यापक है। विभिन्न राज्यों में प्रजनन-दर, जनसंख्या-घनत्व, आयु-वितरण और प्रवासन-पैटर्न में अंतर दिखता है। ऐसे में एक समान दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं हो सकता। क्षेत्रीय वास्तविकताओं को समझने के लिए डेटा-आधारित और वैज्ञानिक विश्लेषण की आवश्यकता होती है। समिति का गठन करना गृह मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहल है, किंतु जनसंख्या का प्रश्न केवल वर्तमान का नहीं, भविष्य का भी है और भविष्य की योजना तथ्यों, विज्ञान और दूरदृष्टि के आधार पर ही बनाई जा सकती है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

बिज़नेस भास्कर
Business Standard और TheEconomist की ख़बरों के साथ
नई दिल्ली, गुरुवार 4 जून, 2026

रणनीति • भारतीय कंपनियां कामकाज का पूरा ढांचा एआई के इर्द-गिर्द नए सिरे से तैयार करने में जुटीं

तैयारी तेज: देश की टॉप-3 आईटी कंपनियों के तीन लाख कर्मचारी अब एआई 'कोपायलट' पर

भास्कर न्यूज | मुंबई

एआई अब टेक्नोलॉजी की दुनिया का सबसे बड़ा दांव बन चुका है। भारत की आईटी कंपनियों से लेकर दुनियाभर की दिग्गज टेक कंपनियां एआई पर लाखों करोड़ की पूंजी लगा रही हैं। नए टूल, चिप्स और डेटा सेंटर बनाने की होड़ तेज हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी वर्षों में एआई ही कंपनियों की प्रतिस्पर्धा, आय और बाजार मूल्य तय करेगा। भारतीय आईटी कंपनियां इसके लिए कमर कस रही हैं।

दरअसल एआई अब दफ्तरों में रोज के काम का हिस्सा बन चुका है। भारत की तीन सबसे बड़ी आईटी कंपनियां- इन्फोसिस, टीसीएस और विप्रो माइक्रोसॉफ्ट के एआई टूल 'कोपायलट' के 3 लाख से ज्यादा लाइसेंस इस्तेमाल कर रही हैं। यह दिसंबर 2025 में 50 हजार सीटों से 1 लाख से ज्यादा प्रति कंपनी तक की बड़ी छलांग है।

टॉप आईटी कंपनियों के दफ्तरों में 95 फीसदी तक पहुंचा एआई टूल का इस्तेमाल

कंपनी	कोपायलट सीटें	हर महीने कितना इस्तेमाल	फोकस और असर
इन्फोसिस	1 लाख+	91%	इंडस्ट्री-स्पेसिफिक एआई एजेंट
टीसीएस	1 लाख+	86%	20-25% प्रोडक्टिविटी बेनिफिट
विप्रो	1 लाख+	95%	2.5 लाख वर्किंग डे की तिमाही बचत

बड़ी आईटी कंपनियों की एआई पार्टनरशिप

1. **इन्फोसिस + एंथ्रोपिक:** टेलीकॉम, फाइनेंस, मैन्युफैक्चरिंग के लिए क्लॉड बेस्ड एजेंट
2. **एचसीएल टेक + ओपनएआई:** एंटरप्राइज एआई डिप्लॉयमेंट के लिए बहु-वर्षीय करार
3. **टाटा ग्रुप + ओपनएआई:** टीसीएस ग्लोबल इंटीग्रेशन करेगी, डेटा सेंटर इन्फ्रा भी बनाएगी

सबसे बड़ा एंटरप्राइज एआई रोलआउट भारतीय बाजार में

भारतीय आईटी सेक्टर में 'कोपायलट' टूल के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल को माइक्रोसॉफ्ट ने दुनिया के सबसे बड़े एंटरप्राइज एआई रोलआउट में से एक बताया है। यह महज उत्पादकता का खेल नहीं है। असल में कंपनियां कामकाज का पूरा ढांचा एआई के इर्द-गिर्द बुन रही हैं। साथ ही एंथ्रोपिक, ओपनएआई जैसी दिग्गज एआई लैब्स के साथ रणनीतिक साझेदारी भी कर रही हैं।

अल्फाबेट: AI इंफ्रा के लिए ₹7.6 लाख करोड़ जुटा रही

गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 80 अरब डॉलर (7.6 लाख करोड़ रुपए) जुटाने की योजना बनाई है। इसमें से 30 अरब डॉलर शेयरों की सार्वजनिक बिक्री से, 40 अरब 'एट-द-मार्केट' प्रोग्राम से और 10 अरब डॉलर बर्कशायर हैथवे को सीधे शेयर बेचकर आएंगे। कपनी यह पूंजी एआई कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में लगाएगी।

एनवीडिया: 'मार्वेल' के लिए भारत में 1700 इंजीनियर लगे

एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग ने चिप कंपनी मार्वेल टेक्नोलॉजी को 'अगली ट्रिलियन-डॉलर कंपनी' बताया है। मार्वेल के कुल वैश्विक कर्मचारियों का पांचवां हिस्सा यानी 1,700 से ज्यादा इंजीनियर बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई में काम कर रहे हैं। अमेरिका के बाहर इसका सबसे बड़ा केंद्र पुणे में है। यहां 1 लाख वर्गफुट के इनोवेशन हब में कस्टम एआई चिप्स व 2एमएम टेक्नोलॉजी पर काम हो रहा है।

उदय कोटक ने चेताया...

गूगल सभी भारतीय कंपनियों के बराबर

एआई के बढ़ते इस्तेमाल के बीच कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक उदय कोटक ने भारतीय कंपनियों को जगाने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट का सालाना मुनाफा 160 अरब डॉलर (₹15 लाख करोड़) है। इसका मार्केट कैप 4.5 ट्रिलियन डॉलर (₹430 लाख करोड़) है, जो भारत की तमाम लिस्टेड कंपनियों के कुल मुनाफे और मार्केटकैप के लगभग बराबर है। कोटक ने कहा, 'यह सभी कंपनियों के लिए वेक-अप कॉल है। वर्तमान कुछ भी हो, भविष्य में निवेश करें।'

कॉर्पोरेट रिजल्ट स्कैन

11 तिमाही में पहली बार स्मॉलकैप के प्रॉफिट में कमी

मिडकैप कंपनियों का लाभ 30% बढ़ा, पर छोटी का घटा

भास्कर न्यूज | मुंबई

जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे खासे दिलचस्प रहे हैं। मिडकैप कंपनियों ने कमाई के मामले में तेज रफ्तार दिखाई, लेकिन स्मॉलकैप कंपनियों का मुनाफा पटरी उतर गया।

बीएसई मिडकैप 150 इंडेक्स की 92 कंपनियों के नतीजों का विश्लेषण बताता है कि बीती तिमाही उनका संयुक्त शुद्ध मुनाफा 30% बढ़ गया। यह पिछली पांच तिमाहियों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनकी आय 19% और ऑपरेटिंग प्रॉफिट 26% बढ़ा। दूसरी तरफ बीएसई स्मॉलकैप 250 इंडेक्स की 160 कंपनियों का प्रदर्शन कमजोर रहा। उनकी आय तो 12% बढ़ी, लेकिन शुद्ध मुनाफा 12% घट गया। पिछली 11 तिमाहियों में पहली बार स्मॉलकैप कंपनियों का संयुक्त मुनाफा घटा है।

जनवरी-मार्च 2026: मिडकैप कंपनियां सबसे आगे निकलीं

कितनी कंपनियों का मुनाफा बढ़ा



मिडकैप vs स्मॉलकैप

मार्च तिमाही	मिडकैप	स्मॉलकैप
कंपनियों की संख्या	92	160
मुनाफा बढ़ा	▲30%	▼12%
आय बढ़ी	▲19%	▲12%
ऑपरेटिंग प्रॉफिट ग्रोथ	▲26%	दबाव में
इंडेक्स गिरावट	▼13%	▼15.3%

नोट: सभी आंकड़े सालाना वृद्धि के हिसाब से

पूरे वित्त वर्ष 2025-26: मिडकैप कंपनियों का मुनाफा 31% बढ़ा। लार्जकैप कंपनियों के मुनाफे में 13% और स्मॉलकैप के मुनाफे में 11.4% ही बढ़ोतरी हुई।

मिडकैप के उम्दा प्रदर्शन के चार बड़े कारण

1. **ऑपरेटिंग लीवरेज:** कई मिडकैप कंपनियों ने 2-3 साल विस्तार पर निवेश किया था। अब बिना अतिरिक्त निवेश के उत्पादन, बिक्री बढ़ रही है। ये ऑपरेटिंग लीवरेज है।
2. **सरकारी, निजी निवेश:** सरकार के इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और प्राइवेट सेक्टर के बढ़ते निवेश ने कैपिटल गुड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग कंपनियों की मांग बढ़ाई।
3. **फार्मा, ऑटो एंसिलरी का सपोर्ट:** फार्मा कंपनियों को घरेलू बाजार और निर्यात, का सपोर्ट मिला। वहीं ऑटो एंसिलरी कंपनियों को गाड़ियों की बढ़ती बिक्री का लाभ मिला।
4. **विविध सेक्टरों का योगदान:** मेटल्स, पावर, रिन्युएबल एनर्जी, रियल एस्टेट, ज्वेलरी, न्यू-एज बिजनेस ने मिडकैप कंपनियों की आय बढ़ाने में मदद की।

स्मॉलकैप कंपनियों पर बढ़ते खर्च का दबाव

स्मॉलकैप कंपनियां बढ़ते खर्च के दबाव में हैं। बीती तिमाही कुल खर्च 12% बढ़ने बीच बड़ी कंपनियां बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रही हैं। मार्जिन बचाना मुश्किल हो गया।

अब कमाई की गुणवत्ता पर फोकस कर रहा बाजार

भास्कर एक्सपर्ट
विजय सरदा,
चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, सिस्टमैटिक्स ग्रुप

बाजार अब लिक्विडिटी नहीं, कमाई की गुणवत्ता को पुरस्कृत कर रहा है। मिडकैप कंपनियों की मजबूती इसी बदलाव का सबसे बड़ा संकेत है।

मोमेंटम: सरकारी बैंक, मेटल्स, डिफेंस, ऑटो, पावर ट्रांसमिशन, ट्रांसफॉर्मर, केबल्स पिछड़ने वाले सेक्टर: आईटी, एफएमसीजी, प्राइवेट बैंक।

आगे मौके: फाइनेंशियल सर्विसेज, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटो एंसिलरी, हेल्थकेयर, कंजम्पशन सेक्टर।

बड़ा जोखिम: पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें।

सलाह: अभी शेयर बाजार का वैल्युएशन आकर्षक है। इस लिहाज से यह लंबी अवधि के लिए बेहतर एंट्री पॉइंट है।

इंश्योरेंस • 10 साल में जापान से आगे नंबर-2 होंगे हम

सालाना 10.5% बढ़ने की राह पर देश का जीवन बीमा बाजार

भास्कर न्यूज | मुंबई

दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार भारत अब बीमा की दुनिया में भी नया इतिहास लिखने जा रहा है। आलियांज रिसर्च की 'ग्लोबल इंश्योरेंस' रिपोर्ट 2026 के मुताबिक, भारत अगले एक दशक में सबसे तेजी (सालाना ग्रोथ 10.5%) से बढ़ने वाला बीमा बाजार बनने जा रहा है। इसकी रफ्तार इतनी तेज है कि भारत जापान को एशिया के दूसरे सबसे बड़े लाइफ इंश्योरेंस बाजार के रूप में चुनौती दे सकता है। यह महज एक अनुमान नहीं, बल्कि ढांचागत बदलाव की दस्तक है। बढ़ती आय, युवा आबादी, कमजोर सरकारी सामाजिक सुरक्षा और बीमा नियामक ईरडा के महत्वाकांक्षी सुधार मिलकर भारत के बीमा बाजार को एक नई उड़ान दे रहे हैं।

2025: भारत में कुल इंश्योरेंस प्रीमियम जापान के मुकाबले आधा

इंडस्ट्री का पैमाना	भारत	चीन	जापान
कुल प्रीमियम	13.8	82.8	29.4
जीडीपी में हिस्सेदारी	3.8%	4.4%	7.3%
प्रति व्यक्ति खर्च	₹9,445	₹58,560	₹2.4 लाख

कुल प्रीमियम लाख करोड़ रुपए में, स्रोत: आलियांज रिसर्च

... पर लाइफ इंश्योरेंस ग्रोथ सबसे तेज

सालाना अनुमानित ग्रोथ 2026-2036 के लिए एशिया का आंकड़ा चीन, जापान को छोड़कर



अगले 10 साल की रेस... आलियांज रिसर्च की रिपोर्ट में 2036 तक भारत का लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम ₹30 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। यह जापान के मौजूदा ₹22.9 लाख करोड़ से ज्यादा है। यह एशिया के इंश्योरेंस नक्शे को बदल देगा।

भारत में अब भी स्वास्थ्य सेवाओं पर कुल खर्च का 44% जेब से चुकाते हैं लोग, ये तेज ग्रोथ की सबसे बड़ी वजह

1. ईरडा का 'सबके लिए बीमा 2047' कार्यक्रम लाइफ में 10.5%, नॉन-लाइफ में 10.2% और हेल्थ में 12.5% सालाना वृद्धि की रहा खोल रहा है।
2. भारत की सिर्फ 64.3% आबादी किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़ी है।
3. भारतीय स्वास्थ्य पर कुल खर्च का औसतन 43.9% हिस्सा जेब से चुकाते हैं।
4. मोटर इंश्योरेंस अनिवार्य, पर सड़कों पर 50% से ज्यादा गाड़ियां बिना बीमा के दौड़ रही हैं।
5. विदेशी इश्योरेंस कंपनियों के लिए भारतीय बाजार खुलने से इस सेक्टर में प्रतिस्पर्धा और दक्षता, दोनों बढ़ेगी। इससे प्रीमियम कम और सर्विस बेहतर होगी, भरोसा बढ़ेगा।

तेज ग्रोथ • झांग यिमिंग की संपत्ति 7 साल में सात गुना बढ़कर 8.9 लाख करोड़ हुई

टिकटॉक के सह-संस्थापक यिमिंग एशिया के दूसरे सबसे अमीर, अंबानी से आगे निकले

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइडांस के को-फाउंडर झांग यिमिंग मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, झांग की संपत्ति अब 8.9 लाख करोड़ रुपए हो गई है। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के सीएमडी मुकेश अंबानी की संपत्ति 8.31 लाख करोड़ रुपए रह गई है।

झांग की दौलत बाइडांस की वैल्युएशन बढ़ने और एआई चैटबॉट डौबाओ की सफलता से बढ़ी है। यह भारत और दुनियाभर में मशहूर ओपनएआई के चैटजीपीटी और गूगल के जेमिनाई जैसा ही एडवांस्ड एआई असिस्टेंट है। चीन में इस चैटबॉट के 30 करोड़ यूजर्स हैं। झांग 2019 में 1.24 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक थे। बीते 7 साल में उनकी संपत्ति सात गुना ये ज्यादा बढ़ चुकी है। अमेरिका में टिकटॉक का बिजनेस बिकने से कंपनी का संकट दूर हो गया। ब्लूमबर्ग ने इसकी वैल्यू में 25% कटौती घटाकर 10% कर दी है। इससे ब्लैकरॉक और फिडेलिटी जैसे निवेशकों के विश्लेषण के बाद झांग की संपत्ति 2.30 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। कंपनी एआई सेक्टर में इस साल 6.7 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी। बहरहाल, गौतम अदाणी 11.19 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

टमाटर 57% महंगा, घर की थाली का खर्च 7% तक बढ़ा

भास्कर न्यूज | मुंबई

टमाटर, रसोई गैस (एलपीजी) और खाने के तेल की महंगाई ने मई में घर का खाना महंगा कर दिया। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के मुताबिक, घर पर तैयार शाकाहारी थाली की लागत 5% और नॉन-वेज थाली की लागत 7% बढ़ गई। बीते महीने टमाटर की कीमत 57% बढ़कर औसतन ₹36 प्रति किलो हो गई। खाद्य तेल और एलपीजी भी क्रमशः 8% और 7% महंगे हो गए। दूसरी तरफ प्याज 6%, आलू 14% और दालें 2% सस्ती होने से कुछ राहत भी मिली। नॉन-वेज थाली पर ज्यादा असर पड़ा क्योंकि ब्रॉयलर चिकन के दाम 9% बढ़ गए। क्रिसिल का अनुमान है कि गर्मी और कम बुवाई के कारण जून-अगस्त में भी टमाटर महंगा रह सकता है। प्याज और आलू की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।

रूफटॉप इकोनॉमी • चीन के वुचांग में पुरानी छतों को डाइनिंग, सांस्कृतिक केंद्रों में बदलना सफल बिजनेस

वुचांग | मध्य चीन के प्राचीन शहर वुचांग में 'रूफटॉप इकोनॉमी' आकार ले रही है। इसके तहत पुरानी छतों को करीब 14 लाख रुपए के निवेश से डाइनिंग और सांस्कृतिक केंद्रों में बदला जा रहा है। यह मॉडल जगह की कमी को अवसर में बदलकर पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गया है। यहां लोग स्थानीय व्यंजनों के साथ रात में लाइव परफॉर्मेंस का भी लुत्फ उठा रहे हैं। इसके चलते यहां के पर्यटन को दुनियाभर में नई पहचान मिल रही है।

बिजनेस ब्रीफ

ब्याज दरों पर आरबीआई की समीक्षा बैठक शुरू

मुंबई| रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक बुधवार से शुरू हो गई। फैसले की घोषणा 5 जून को की जाएगी। बैठक में कच्चे तेल के ऊंचे दाम, रुपए में कमजोरी और महंगाई बढ़ने के जोखिम पर चर्चा होगी। अर्थशास्त्री रेपो रेट 5.25% पर स्थिर रखे जाने की उम्मीद कर रहे हैं।

सोना अब पूरी दुनिया का सबसे बड़ा रिजर्व एसेट

मुंबई| केंद्रीय बैंकों के पास गोल्ड अब अमेरिकी ट्रेजरी से आगे सबसे बड़ा रिजर्व एसेट बन गया है। 2025 के अंत तक कुल रिजर्व एसेट में सोने की हिस्सेदारी 27% और ट्रेजरी की 22% रह गई। चीन, भारत, पोलैंड जैसे देश लगातार सोना खरीद रहे हैं। डॉलर पर निर्भरता घटाने की कोशिश इसका मुख्य कारण है।

मांग बढ़ी, सर्विसेज PMI 59.8 के स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली| भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ का पैमाना एचएसबीसी इंडिया का सर्विसेज पीएमआई मई में बढ़कर 59.8 पर पहुंच गया। यह नवंबर, 2025 के बाद सबसे तेज विस्तार है। अप्रैल में यह 58.8 पर था। इनपुट लागत 4 माह के निचले स्तर पर रही। मैन्युफैक्चरिंग के साथ मिश्रित पीएमआई 59.3 पर पहुंच गया।

एपल अब एंटीट्रस्ट केस में आंकड़े देने को तैयार

नई दिल्ली| एपल ने भारत के प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के एक पुराने एंटीट्रस्ट मामले में भारत से जुड़े वित्तीय आंकड़े जमा करने की सहमति दे दी है। मई 2024 में सीसीआई ने पाया था कि कंपनी एप स्टोर में दबदबा रखती है। एपल अब 25 जून तक आंकड़े देने के लिए तैयार है।

महाराष्ट्र सरकार ने एयर इंडिया बिल्डिंग खरीदी

मुंबई| महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई नरीमन पॉइंट स्थित प्रसिद्ध एयर इंडिया बिल्डिंग को ₹1,601 करोड़ में खरीद लिया है। 23 मंजिलों वाली यह इमारत 1974 में बनी थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में एसेट ट्रांसफर हुआ। सरकार दक्षिण मुंबई में दफ्तरों की कमी दूर करने के लिए यह कदम उठाया।

सतर्कता • अमेरिका में अतिरिक्त 12.5% टैरिफ के प्रस्ताव से चिंता

क्रूड 3% चढ़ा, सेंसेक्स 304 अंक टूटा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजार में एक दिन की राहत के बाद बुधवार को गिरावट आई। सेंसेक्स 304 अंक गिरकर 74,346 पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान एक समय यह 1,157 अंक टूटकर 73,493 पर आ गया था। लेकिन निचले स्तरों पर खरीदारी से थोड़ी रिकवरी हो गई। निफ्टी भी 78 अंक गिरकर 23,406 पर बंद हुआ। आईटी शेयरों में बिकवाली, कच्चे तेल में उछाल और विदेशी फंडों की लगातार निकासी से बाजार में कमजोरी रही। यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) द्वारा भारत समेत 54 देशों पर 12.5% अतिरिक्त टैरिफ लगाने के प्रस्ताव का भी बाजार सेंटिमेंट पर नकारात्मक असर देखा गया। इस बीच ग्लोबल ऑयल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का भाव बुधवार को 3.11% बढ़कर 99 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

एफआईआई: हर घंटे 400 करोड़ के शेयर बेच रहे

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) इस साल हर घंटे के कारोबार में करीब 400 करोड़ रुपए के शेयर बेच रहे हैं। यह रफ्तार 2025 में हर घंटे हुई 161 करोड़ रुपए की निकासी से दोगुनी से भी अधिक है। मार्केट एक्सपर्ट अंबरीश बालिगा के अनुसार रुपए में भारी गिरावट से विदेशी निवेशकों का मुनाफा कम हुआ है, जिससे वे दूसरे देशों का रुख कर रहे हैं।

विदेशी निवेशकों ने बुधवार को 5,617 करोड़ रुपए निकाले। आईटी शेयरों में बिकवाली के दबाव के बीच टीसीएस का शेयर सबसे ज्यादा 8.43% टूट गया। इसके अलावा टेक महिंद्रा में 6.23%, एचसीएल टेक में 5.25% और इन्फोसिस में 3.82% की गिरावट आई।

टाटा स्टील डिजिटल फर्स्ट एंटरप्राइज बन रही: चंद्रा

भास्कर न्यूज | मुंबई

टाटा स्टील पारंपरिक स्टील कंपनी से डिजिटल-फर्स्ट इंडस्ट्रियल लीडर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन (चंद्रा) ने कहा कि टेक्नोलॉजी अब कंपनी के ऑपरेशनल डीएनए का हिस्सा बन चुकी है। कंपनी के फ्लैगशिप डिजिटल प्लेटफॉर्म्स आशियाना और डिगईसीए ने बीते वित्त वर्ष में संयुक्त रूप से 9,360 करोड़ का ग्रॉस मर्केंटाइज वैल्यू हासिल किया, जो पिछले साल से 161% ज्यादा है।



बेरुखी • चीन में 5 साल में जापानी बैंकों की ब्रांच 20%, कॉरपोरेट लोन 40% घटा

जापानी बैंकों की चीन से दूरी, भारत से करीबी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

धीमी आर्थिक वृद्धि, बढ़ती लागत और भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण जापान के बैंक अब चीन से दूरी बना रहे हैं। निक्केई एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते पांच साल में चीन में जापान के क्षेत्रीय बैंकों की शाखाएं 20% घट गई हैं। बड़े बैंकों का कॉरपोरेट लोन भी 40% घटा है। अब ये बैंक भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया पर बड़ा दांव लगा रहे हैं। तेज आर्थिक वृद्धि और बड़ा उपभोक्ता बाजार जापानी बैंकों को आकर्षित कर रहा है। तीन बड़े जापानी बैंकों- एसएमबीसी, एमयूएफजी और मिजुहो ने भारत के वित्तीय सिस्टम में अरबों डॉलर निवेश किए हैं। एसएमबीसी ने यस बैंक की 20% हिस्सेदारी ₹15,307 करोड़ में खरीदी है। वहीं एमयूएफजी ने श्रीराम फाइनेंस में 20% हिस्सेदारी के लिए ₹42,573 करोड़ का बड़ा सौदा किया है। इसके अलावा मिजुहो ने इन्वेस्टमेंट बैंक एवेन्डस को खरीदा है। सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर जैसे उभरते क्षेत्रों के दम पर साल 2025 में जापानी निवेश ₹71,800 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। जापानी कंपनियों का अब भारत की ओर ज्यादा झुकाव दिखा रही हैं। इस बड़े बदलाव से देश में पूंजी बढ़ेगी। नए उद्योग लगने से रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

बिजनेस एंकर क्रिस्टियन डियोर, गुची, प्राडा के कपड़ों पर कढ़ाई चाणक्य इंटरनेशनल करती है

दुनियाभर के टॉप लग्जरी ब्रांड्स का 'टॉप सीक्रेट' मुंबई में

एजेंसी | मुंबई

क्रिस्टियन डियोर, प्राडा, गुची जैसे दुनिया के 30 से ज्यादा टॉप लग्जरी ब्रांड्स के कपड़ों पर भारत में कढ़ाई होती है। ये नामी ब्रांड्स अपने कपड़ों की खास कढ़ाई मुंबई की 'चाणक्य इंटरनेशनल' से करवाते हैं। यहां के कारीगर हाथ की कढ़ाई से 5,000 साल पुरानी विरासत बचाए हुए हैं।

चाणक्य इंटरनेशनल की शुरुआत गुजरात के विनोद शाह ने 1984 में की थी। इसका मकसद भारतीय कपड़ों पर सामूहिक रूप से की गई कारीगरी का पूरी दुनिया में पहचान दिलाना था। दुनिया के सबसे महंगे डिजाइनर और रेडीमेड कपड़ों में भारतीय कढ़ाई की मांग सबसे ज्यादा है। इसकी क्वालिटी का कोई मुकाबला नहीं है। पश्चिमी देशों में यह हुनर खत्म हो चुका है। भारत सदियों से दुनिया को कपड़े निर्यात कर रहा है। 16वीं और 17वीं सदी में भी भारत से फ्रांस सहित कई देशों को मलमल, सिल्क और कढ़ाई वाले कपड़े भेजे जाते थे। यही पुरानी विरासत आज भी भारतीय कला को आधुनिक बनाए हुए है। विनोद शाह की बेटी 49 वर्षीय करिश्मा स्वाली पिछले 30 साल से चाणक्य की मैनेजिंग और क्रिएटिव डायरेक्टर हैं। करिश्मा यहां 2,400 कारीगरों का नेतृत्व करती हैं। बचपन में जब वह पहली बार पिता की वर्कशॉप गईं, तो वहां सामूहिक काम देखकर उन्हें अहसास हुआ कि मिलकर जुटने से नतीजा उम्मीद से सुंदर होता है।

हुनर: नई पीढ़ी को सिखा रहे कढ़ाई, एआई भी नहीं ले सकती इंसानी कला की जगह

करिश्मा ने नई पीढ़ी के लिए 'चाणक्य स्कूल ऑफ क्राफ्ट' खोला है। सबसे बड़ी चुनौती करिकुलम बनाना नहीं, बल्कि स्टूडेंट्स का न आना था। करिश्मा ने खुद गरीब बस्तियों में घर-घर जाकर महिलाओं को मुफ्त हुनर सिखाने के लिए मनाया। तब संदेह के बीच सिर्फ 22 महिलाएं अपने पतियों और सास के साथ आईं, जो बाहर बैठकर इंतजार करते थे। आज 10 साल बाद स्कूल में 1,400 महिलाएं हैं और लंबी वेटिंग लिस्ट है।

डियोर फॉल 2023 शो के दौरान चाणक्य इंटरनेशनल को एक बड़ी टेक्सटाइल कलाकृति बनाने की जिम्मेदारी मिली थी। इसमें 1,008 मास्टर्स और महिलाओं ने मिलकर एक विशाल पारंपरिक तोरण बनाया था, जिसका इस्तेमाल घरों में स्वागत के लिए होता है। करिश्मा ने हाल ही में वेनिस बिएनाले और रोम की वेटिकन लाइब्रेरी में चाणक्य की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया है। करिश्मा का मानना है कि इस कला की सबसे बड़ी ताकत यह है कि एआई कभी भी हाथ के इस हुनर की जगह नहीं ले सकता है।

कंपनी, प्रमोटर के खिलाफ सेबी का एक्शन

राजेश एक्सपोर्ट्स पर 15 लाख करोड़ के फर्जीवाड़े का आरोप

भास्कर न्यूज | मुंबई

बाजार नियामक सेबी ने राजेश एक्सपोर्ट्स (आरईएल) और उसके प्रमोटर राजेश मेहता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरिम आदेश जारी किया है। फॉरेंसिक ऑडिट फर्म बीडीओ इंडिया की जांच में सामने आया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 के बीच ₹15.15 लाख करोड़ का फर्जी कारोबार दिखाया। जांच के मुताबिक, कंपनी की स्विस सहायक कंपनी वैलकांबी एसए की वास्तविक आय महज 542 करोड़ थी, जबकि आरईएल ने समेकित आय 2.80 लाख करोड़ से ज्यादा दिखाई। इसके लिए सोने के सकल लेनदेन को दोबारा गिनकर आंकड़े बढ़ाए गए।

अफ्रीका में सोने की खदानें सिर्फ कागजों पर दिखाई

- सोने के सकल लेनदेन को दोहराकर 5 साल में आय फर्जी तरीके से बढ़ाया।
- प्रमोटर ने कंपनी फंड से निजी सट्टेबाजी की, जो नुकसान हुआ, उसे कंपनी के खाते में डाला।
- अफ्रीक में 1,035 करोड़ रुपए की खदानें दिखाईं, लेकिन जांच में एक भी नहीं मिली।